मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार



# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

मार्गशीर्ष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - पंचमी , संवत 2078 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-7, अंक-41, 8 दिसम्बर - 14 दिसम्बर, 2021 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## कहां से कहां आ गए हम!

**कहते** हैं कि बदलाव प्रकृति का नियम है। जो आज है वो कल नहीं और जो कल है वो परसों नहीं। मगर हमारी संस्कृति के बारे में कहा जाता है कि वह अक्षुण्ण है। भले ही उसका रूप बदल जाए, मगर उसका अस्तित्व तो रहेगा। अगर बात संस्कृति की करें तो मनुष्य के जन्म से ही प्रारंभ कर लेते हैं। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त 16 संस्कार कहे गए हैं। उनमें से आज पाणिग्रहण संस्कार के बारे में बात करते हैं। पाणिग्रहण संस्कार से तात्पर्य है पाणि यानि हाथ। हाथ को ग्रहण करने की विधिवत परम्परा को पाणिग्रहण कहा जाता है। इस परम्परा में वर द्वारा वधु के हाथ को ग्रहण किया जाता है। इस संस्कार के बाद दोनों वैवाहिक बंधन में बंध जाते हैं। इस संस्कार में गणेशजी स्थापना से लेकर वधु के गृह-प्रवेश तक कई मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसमें महिलाओं द्वारा कई दिनों तक घर में मंगल गीत गाए जाते हैं जिनका स्वरूप बदल गया है जिसके अनुसार एक ही दिन महिला संगीत का आयोजन कर लिया जाता है। फिर अगले दिन बारात की चढ़ाई होती है। उसमें आमोद-प्रमोद के लिए पहले नचनियां और कच्छी घोड़ी किराए पर बुलवाई जाती थी जो बारात के आगे-आगे चलते हुए नाचते-गाते चलती थी। लोग उनके तमाशे देखते थे। मगर आज घर की बहु-बेटियों के साथ घर के सदस्य जिनमें भाई, पिता और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं सब नाचते हैं और दुनिया तमाशा देखती हैं। ऐसे में उन गृह लक्ष्मियों को नाचते हुए कई राह चलते लोग भी भीड़ में उनके साथ नाचते हुए वीडियो बना लेते हैं और फिर उनका मनचाहे तरीके से इस्तेमाल करते हैं। दूसरी तरफ आजकल दूल्हे भी घोड़ी से उतर कर अपने दोस्तों के साथ नाचने लगा है। कहीं-कहीं तो दूल्हे और दुलहन दोनों ही सड़क पर इकट्ठे नाचने लगे हैं। अब तो एक नया ट्रेंड और चल गया है जिसका नाम है 'प्री-वेडिंग'। प्रीवेडिंग हाईफाई लोगों का बड़ा ही घिनौना कृत्य है जिसमें शादी से पहले ही लड़के-लड़कियां सैर-सपाटे के लिए अकेले ट्यूर पर घूमने जाते हैं। जिसके बाद अगर किन्हीं कारणों से विवाह नहीं हो पाता है तो लड़की की जिंदगी दागदार हो जाती है। ये बुराई कुछ समय गुजरने के बाद मध्यवर्ग में भी अपनी जगह बनाने लगेगी। कहीं फटे कपड़ों का चलन बढ़ता जा रहा है। तो शायद दूल्हे और दुल्हन भी फटे कपड़ों में नजर आने लगे तब हमारी संस्कृति का क्या होगा। आखिर किस गर्त में जाकर होगा इस बदलाव का अंत।

**सटीक**



**शिव दयाल मिश्रा**
@jagrukjanta.net

shivdayalmishra@gmail.com

---

### मोदी की बीजेपी सांसदों को चेतावनी

# पीएम बोले- बदल जाइए, वरना बदल दिए जाएंगे

### बच्चों जैसा बर्ताव न करें

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की पार्लियामेंटरी पार्टी मीटिंग में पीएम मोदी ने अपने सभी सांसदों को दो-टूक नसीहत दी है। सदन से गायब रहने वाले सांसदों को उन्होंने कहा कि आप खुद को बदलिए नहीं तो हम बदलाव करेंगे। कड़े शब्दों में पीएम ने कहा कि अनुशासन में रहें, समय से आएं और अपनी बारी होने पर ही बोलें। साथ ही यह भी कहा कि बच्चों की तरह बर्ताव न करें।

### मंत्रिमंडल विस्तार बाद ली थी मंत्रियों की क्लास

**प्रधानमंत्री** मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के सबसे बड़े मंत्रिमंडल विस्तार के अगले दिन अपने मंत्रियों से बात की थी। इस दौरान मोदी ने उन्हें कुछ सबक दिए और बताया कि उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है। पीएम ने मंत्रियों को मीडिया में बेवजह बयानबाजी न करने की सलाह भी दी थी। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि आपका काम चमकना चाहिए, न की आपका चेहरा। अपनी सारी ऊर्जा विभागीय काम में लगाएं। उन्होंने मंत्रियों से पूरी तैयारी के साथ संसद आने को कहा था। वहीं, सभी मंत्रियों को सुबह 9:30 बजे दफ्तर आने की सलाह भी दी थी।

### मैं आपको बच्चों की तरह ट्रीट करूं ये मेरे लिए अच्छा नहीं

मोदी ने कहा कि संसद की कार्यवाही और बैठकों में नियमित रहें और लोगों के हित में काम करें। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए अच्छा नहीं है कि मैं आपकी अनुशासनहीनता को लेकर परेशान रहूं और आपको बच्चों की तरह ट्रीट करूं। बच्चों को भी एक ही बात कई बार कही जाए तो उन्हें पसंद नहीं आती है।

### सूर्य नमस्कार करने की सलाह दी

**पीएम** मोदी ने सांसदों को सूर्य नमस्कार करने की सलाह देते हुए कहा कि आप सभी सूर्य नमस्कार करें और हुए संसद में अटेंडेंस की प्रतियोगिता में भाग लें। इससे आप सभी स्वस्थ रहेंगे।इससे पहले बैठक शुरू होने पर पीएम मोदी का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें 15 नवंबर (बिरसा मुंडा का जन्मदिन) को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का ऐलान करने के लिए मिला। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री एस जयशंकर और संसदीय कामकाज के मंत्री प्रह्लाद जोशी मौजूद थे।

---

### प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक आयोजित

# जयपुर की रैली से होगी मोदी सरकार के पतन की शुरूआत- गहलोत

### 12 दिसंबर को महंगाई हटाओ महारैली

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस की 12 दिसंबर को महंगाई हटाओ महारैली को लेकर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएम अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी अजय माकन समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक में सभी मंत्रियों और समितियों के संयोजकों को रैली की तैयारियों के लिए दिशानिर्देश दिए गए और ज्यादा से ज्यादा भीड़ लाने का टारगेट दिया गया। बैठक के बाद सीएम गहलोत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जयपुर में यह ऐतिहासिक रैली होगी और इससे राजस्थान गौरवान्वित होगा। उन्होंने कहा कि जयपुर में आयोजित होने वाली इस रैली से मोदी सरकार के पतन की शुरूआत होगी। साथ ही राजस्थान में कांग्रेस की सरकार दुबारा बनने की यह शुरूआत होगी।

सीएम गहलोत ने अमित शाह पर भी हमला बोला और कहा कि वे असत्य बातें कर चले जाते हैं। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार गिराने की पूरी कोशिश की गई। लेकिन, राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार के साथ थी। हमारे विधायकों के साथ ही बसपा और निर्दलीय विधायक भी साथ थे। इसके कारण सरकार नहीं गिर पाई और इनका षड्यंत्र फेल हो गया। सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को पोरबंदर ले जाने के लिए दो विमान भेजे गए थे, लेकिन भाजपा के विधायक वहां नहीं गए। एक प्लेन खाली ही गया। ऐसे में भाजपा की भी पोल खुल गई। सीएम ने कहा कि भाजपा के नेता संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में बैठकर सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा गया था। जिसमें धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल थे।

---

## आज खत्म हो सकता है किसान आंदोलन

**चंडीगढ़ @ जागरूक जनता।** दिल्ली बॉर्डर पर चल रहा किसान आंदोलन आज यानी बुधवार को खत्म हो सकता है। सिंघु बॉर्डर पर मंगलवार को हुई संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक भी इसी मुद्दे पर हुई थी। अब केस वापसी को लेकर एक पेंच फंस गया है। सरकार का कहना है कि आंदोलन खत्म करने के बाद केस वापसी का ऐलान करेंगे। दूसरी ओर, किसान चाहते हैं कि सरकार अभी इस पर ठोस आश्वासन दे। किसान नेता हरिंदर सिंह लक्खोवाल ने कहा कि किसान आंदोलन पर घोषणा की तैयारी थी, लेकिन सरकार ने बीच में पेंच फंसा दिया। अगर सरकार संशोधित प्रस्ताव भेजेगी तो आंदोलन पर फैसला हो जाएगा।

---

## जागरूक खबरें

### मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर शहीदों को किया नमन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर मिश्र ने देश के बहादुर जवानों और उनके परिजनों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को सशस्त्र सेना झण्डा कोष में योगदान देकर सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना चाहिए।

### गोवा के पूर्व सीएम ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** अगले वर्ष होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। खास तौर पर गोवा में पार्टी के लिए अच्छी खबरें सामने नहीं आ रही हैं। कांग्रेस के एक और कद्दावर नेता ने पार्टी को बड़ा झटका दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक ने मंगलवार को राज्य विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। आगामी चुनाव से पहले उनका जाना कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा सकता है।

### प्रियंका आज जारी करेंगी कांग्रेस का महिला घोषणा पत्र

**लखनऊ @ जागरूक जनता।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं के लिये अलग घोषणापत्र जारी करने की नयी पहल की है। कांग्रेस की महासचिव और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की कांग्रेस की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को पहला महिला घोषणा पत्र जारी करेंगी। पार्टी की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार प्रियंका कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में कल दोपहर 12 बजे महिला घोषणा पत्र जारी करेंगी।

keokarpin.com
Keo Karpin
with AYURVEDIC BEAUTY HERBS
NON-STAINING NON-STICKY
HERBAL BODY OIL SANDAL
with OLIVE OIL NEEM & HALDI
त्वचा का रूखापन मुझे छू नहीं सकता।
रूखापन हो या हानिकारक केमिकल्स, मुझे छू नहीं सकता। क्योंकि, केयो कार्पिन बॉडी ऑयल मेरी त्वचा की चमक हमेशा बनाए रखे और दे मुझे कॉन्फिडेंस पूरे साल।
नीम, हल्दी और ऑलिव के गुण • चन्दन की खुशबू

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?

देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...

Kabira® Healthy Growth Yellow Mustard Oil

Natural Immunity Booster
FORTIFIED
100% VEG.
COLD PRESSED
KOSHER
India's Most Trusted Brand
Approved by : WHO GMP
one of the OLDEST OIL known to HUMAN

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।

- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | कबीरा ब्लेन्डेड एवं कनोला तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | कबीरा रिफाईण्ड सूरजमूखी तेल |
| | कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free
ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER

| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

-: Awards & Achievements :-

# For Arward Details : Contact 98290-50738

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)

* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)

#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

jagrukjanta.net

# जागरूक सिटी

Jagruk City

जागरूक जनता • जयपुर, बुधवार, 8 दिसम्बर - 14 दिसम्बर, 2021 • पेज 02

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 25°C | 11°C |
| जोधपुर | 27°C | 12°C |
| अजमेर | 25°C | 13°C |
| उदयपुर | 24°C | 12°C |

सूर्योदय प्रातः 07:12 बजे सूर्यास्त सांय : 05:17 बजे चन्द्रोदय 11:09 बजे चन्द्रास्त 09:44 बजे

## जागरूक खबरें

### रक्तदान शिविर सम्पन्न, छात्राओं ने उत्साहपूर्वक किया रक्तदान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में कॉलेज के संस्थापक स्व. जुगल किशोर बियानी की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करते हुए 50 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट और रोटरी क्लब, जयपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर की संयोजक बियानी नर्सिंग इंस्टीट्यूट की वाइस प्रिंसीपल जीशु बायजु ने बताया कि कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी डीन डॉ. ध्यानसिंह गोठवाल, मुख्य अतिथि डॉ शशिकांत शर्मा, के बी बजाज, सीताराम अग्रवाल, पी.सी. मोदी, पी.एस.सैनी और ने दीप प्रज्जवलित कर कैम्प का शुभारम्भ किया। इस कैम्प में कॉलेज की छात्राओं और फैकल्टी मैम्बर्स के अलावा बाहर के लोगों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले को प्रमाण-पत्र दिये गये। इसे वह भविष्य में जरूरत के समय उपयोग में ले सकते हैं। यह रक्त स्वास्थ्य कल्याण ब्लड् बैंक को सौंपा जाएगा जो जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवा सकें। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी ने बताया कि लोगों की यह धारणाएं बदलनी चाहिए कि रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी आती है या कमजोरी महसूस होती है क्योंकि मनुष्य शरीर में नया रक्त बनने की क्रिया निरन्तर चलती रहती है, जिसके अन्तर्गत पुराना रक्त वैसे ही बदल जाता है। रक्तदान से बडी सेवा कोई दूसरी नही सकती है। रक्तदान शिविर में कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा उन्होने कहा कि आजकल की छात्राएं रक्तदान करने में छात्रों से काफी आगे हैं।

### मातारानी को ओढ़ाया शॉल

**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री जगदम्बा मातेश्वरी मंदिर समिति के सचिव श्री नवरतन सिंह और उपाध्यक्ष मुकुल सिंह साँचोरा के द्वारा मातारानी को शीत ऋतु में शॉल ओढ़ाया गया। श्री कृष्णा राजपूती परिधान नया खेड़ा द्वारा बनाया हुआ शॉल मातारानी के चरणों मे अर्पित किया गया।

### "ऊर्जा-21" का भव्य शुभारम्भ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** कालवाड स्थित बियानी कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड मैनेजमेंट में तीन दिवसीय "ऊर्जा-21" कार्यक्रम के साथ नये सेशन की शुरूआत हुई। डॉ. संजय बियानी ने कहा कि विद्यार्थियों को यदि आगे बढ़ना है तो उन्हे पढाई के साथ साथ अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करना चाहिए, और इसके लिए सबसे जरूरी की हम अपने संस्कारों को नहीं भूलें। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डा. अजीत कुमार जैन ने सभी नवआंगन्तुको का कॉलेज में स्वागत किया और छात्राओ को कॉलेज के बारे में जानकारी दी। "ऊर्जा-21" कार्यक्रम में्मोटिवेशनल लेक्चर, इंग्लिश कम्यूनिकेशन, फिटनेश सैशन, डांस क्लासेज, सोफ्ट स्किल्स क्लासेज, स्प्रिच्युलेटी सैशन, कॉलेज इंट्रोडेक्शन, फैशन क्लासेज, फिटनेस सैशन, पब्लिक स्पीकिंग, क्रिएटिव सैशन, मेडिटेशन, हेजीटेशन रिमूवल थ्रू एरोबिक्स, ज्वैलरी एण्ड ड्रेसिंग सेशन, जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में डांस, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। नये आने वाले विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और उन्हे अपने कोर्स के सम्बन्धित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. श्वेता त्रिपाठी, डॉ. देविका अग्रवाल, मोनिका पालीवाल और मो. रफीक खान ने छात्राओं को सम्बोधित किया।

### रावत आईडेंटी इन्टरनेशनल अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रावत ग्रुप के निदेशक नरेन्द्र सिंह रावत सम्मानित रावत ऐजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेन्द्र सिंह रावत को मेरी पहचान सहायता ट्रस्ट द्वारा मेरी आइडेंटी इन्टरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा, समाज, खेल, संस्कृति सहित विविध क्षेत्रों के लगभग 40 लोगों को सम्मानित किया गया। रावत को यह सम्मान उनके शिक्षा एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया। उन्हें यह सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कालबेलिया डांसर पद्मश्री गुलाबो द्वारा दिया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में अफिनिता चैचिना जोकि थाईलैण्ड से है एवं यूनाइटेड नेशनल पीस कीपर फेडेरल कांउसिल से संबद्ध है, ने भी शिरकत की। इस मौके पर एस. डी. शर्मा भी उपस्थित थे। रावत को इससे पूर्व भी कई अन्तर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों जिनमें ब्रिटिश काउंसिल द्वारा रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर को दिया आईडीए अर्वाड भी सम्मिलित है से सम्मानित किया जा चुका है। बहुत ही कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हेतु उन्हें यंगस्ट अचीवर अवार्ड, संस्कार गौरव अवार्ड, गीताश्री अवार्ड, स्टार ऐजुकेटर अवार्ड सहित अनेक सम्मान मिले। गत माह उन्हें राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा द्वारा भी सम्मानित किया गया। रावत ऐजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी.एस. रावत ने नरेन्द्र सिंह रावत को बधाई देते हुए कहा कि ये एक कर्मठ युवा है, जो निरंतर शिक्षा व समाज सेवा में प्रयासरत है।

---

### शाह का राजस्थान दौरा: राजधानी में की वसुंधरा के सीएम कार्यकाल की तारीफ

# वसुंधराजी के नेतृत्व में राजस्थान में विकास हुआ

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बीजेपी के जनप्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई सियासी मैसेज दिए। अमित शाह ने वसुंधरा राजे सरकार के समय हुए कामों की जमकर तारीफ करते हुए गहलोत सरकार को निशाने पर लिया। अमित शाह ने कहा- वसुंधराजी के नेतृत्व में जो राजस्थान विकास के रास्ते पर चल पड़ा था, उसका गहलोत सरकार ने बंटाधार करने का काम किया है। गहलोत सरकार यहां पर गरीबों को किसी तरह की सुविधा नहीं दे रही है। वसुंधरा जी की चालू की हुई गरीब कल्याण की योजनाओं को बंद कर दिया है। उन योजनाओं को तोड़ दिया है, मरोड़ दिया है।

अमित शाह ने कहा- ढेर सारे काम जो भारत सरकार करना चाहती है उसमें राज्य सरकार रोड़ा बनी हुई है। बहुत सारा कर्ज प्रदेश पर लाद दिया है। गहलोत राज में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अमित शाह ने अपने भाषण के शुरुआत में वसुंधरा राजे यशस्वी मुख्यमंत्री कहकर संबोधित किया। वसुंधरा राजे के राज की योजनाओं की तारीफ करने पर कायक्रम में खूब तालियां बजीं।

### राजे ने भी मोदी-शाह के काम की जमकर तारीफ की

**अमित** शाह ने वसुंधरा राजे के कार्यकाल की जमकर तारीफ की, इससे पहले वसुंधरा राजे ने अपने भाषण में केंद्र सरकार के साथ पीएम मोदी और अमित शाह की भी खूब तारीफ की थी। राजे ने अपने भाषण में पिछले सात साल में मोदी राज के बड़े फैसलों को गिनाते हुए जमकर तारीफ की।

### राजे का भाषण करवाने और अमित शाह के तारीफ करने के सियासी मायने

**जनप्रतिनिधि** सम्मेलन में वसुंधरा राजे का भाषण करवाने और फिर अमित शाह के उनकी सरकार के वक्त हुए कामों की तारीफ करने के सियासी मायने हैं। इसे वसुंधरा राजे विरोधियों को मैसेज के तौर पर देखा जा रहा है। इसका साफ सियासी संदेश है कि वसुंधरा राजे की सरकार ने अच्छे काम किए थे, उसे वोट में पार्टी कैडर कंवर्ट नहीं कर पाया।

### डोटासरा बोले- गजेंद्र शेखावत बीजेपी का सीएम चेहरा होंगे

## कहा- किसान वर्ग के सतीश पूनिया से मजदूरी करवा रहे, उनका शाह ने नाम तक नहीं लिया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** अमित शाह के राजस्थान दौरे पर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अमित शाह के दौरे में बाड़मेर से सांसद केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी को साथ नहीं रखने और भाषण में सतीश पूनिया का नाम नहीं लेने को लेकर निशाना साधा है। डोटासरा ने कहा- यह तो साफ हो गया कि अमित शाह केवल गजेंद्र सिंह शेखावत को ही प्रिय मानते हैं। बाकी प्रदेश बीजेपी के नेताओं को वे नहीं मानते हैं, उनका राजनीति में कोई स्थान नहीं है। केवल अपने मित्र गजेंद्र सिंह को सीएम प्रोजेक्ट करने के लिए शाह ने यह भ्रमण किया है। डोटासरा ने कहा- किसान परिवार से आने वाले केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी को उनके निर्वाचन क्षेत्र में अमित शाह ने साथ नहीं रखा। न उनका कहीं फोटो लगाया। इससे यह साफ संकेत हैं कि आने वाले समय में गजेंद्र सिंह शेखावत बीजेपी में मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। सतीश पूनिया से मजदूरी करवाई जा रही है, वह भी किसान परिवार से होने के कारण अमित शाह ने उनका नाम तक नहीं लिया। इससे यह साफ हो चका है मोदी-शाह ने किसानों के साथ सौतेला व्यवहार सोच समझकर किया था, क्योंकि उनकी पंसद किसान वर्ग नहीं है, यह साफ हो गया है। जनप्रतिनिधि सम्मेलन में बीजेपी राजस्थान के सबसे बड़े जनप्रतिनिधि नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया का भाषण तक नहीं करवाया। डोटासरा ने कहा कि शाह में इतना अहंकार और घमंड है कि स्वागत में खड़े ढोल नगाड़े वालों पर एक नजर तक नहीं डाली और 6 मिनट में सभा स्थल पहुंच गए। अमित शाह के कार्यक्रम में केवल 6 से 7 हजार की भीड़ दिखी। अमित शाह का यह कहना कि गहलोतजी की सरकार बीजेपी के कार्यकर्ता पांच साल चलने देंगे, यह खिसियानी बिल्ली खंबा नोंचने की तरह है। अब अंगूर खट्टे हैं, सरकार गिराने का जितना प्रयत्न करना था कर लिया, लोकतांत्रिक रूप से चुनी सरकार को नहीं हटा सके तो अब अंगूर खट्टे हैं। अब यह साफ हो गया कि हमारी कांग्रेस सरकार अच्छा काम कर रही है, किसान केंद्र से आक्रोशित हैं। 2023 में बीजेपी सरकार बनाने के ये मुंगेरीलाल के हसीन सपने धरे रह जाएंगें। 2023 में कांग्रेस सरकार रिपीट होगी।

---

### सोडाला एलिवेटेड : डायनॉमिक फसाड लाइटिंग सिस्टम

# शहर का मूड तय करेगा रोशन लाइटों का रंग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सोडाला एलिवेटेड रोड का काम अगले 2 महीने में पूरा हो जाएगा। यह प्रदेश की पहली ऐसी एलिवेटेड रोड होगी, जो शहर के बीचों बीच 20 किलोमीटर के व्यस्त ट्रैफिक की राह को आसान तो बनाएगी ही, यहां से गुजरने वाले लोगों को मुंबई-बेंगलूरु जैसा एहसास भी देगी। इसके लिए जेडीए एलिवेटेड रोड पर डायनॉमिक फसाड लाइटिंग सिस्टम लगा रहा है। 13 दिसंबर को इसके टेंडर खोले जाएंगे।



### लाइटिंग के साथ आर्ट, साइंस व टेक्नोलॉजी भी

**जेडीसी** गौरव गोयल ने बताया कि यहां लाइटिंग, साइंस-टेक्नोलॉजी आर्ट का कॉम्बिनेशन होगा। लाइटिंग इफेक्ट्स बनाए-बदले जा सकेंगे। आरजीबीडब्लू लाइट्स का इस्तेमाल कर डीएमएक्स कंट्रोलर तथा स्पिल्टर कम बूस्टर के जरिए लाइटिंग इफेक्ट्स व कलर्स सेट किए जा सकेंगे। यहां 3300 आरजीबीडब्लू लीनियर एलईडी लाइट्स, 400 आरजीबी वर्ल्ड लाइट्स, 13 डीएमएक्स कंट्रोलर, 50 सिप्लीटर कम बूस्टर, 20 किमी डेटा केबल का उपयोग होगा। संबंधित फर्म को 3 वर्ष तक रखरखाव, सुरक्षा एवं संचालन भी करना होगा।

### खास मौके पर होगी खास रोशनी

**दिवाली** पर सुनहरी, होली पर गुलाल रंग, ईद पर ग्रीन, क्रिसमस पर बहुबिरंगी, 26 जनवरी व 15 अगस्त को तिरंगे के रंग में लाइटिंग होगी। गांधी जयंती पर शांति के प्रतीक सफेद रंग, बाल दिवस पर नीले रंग में लाइटिंग होगी। अन्य दिवस पर भी अलग-अलग थीम पर लाइट्स इफेक्ट्स् दिखेंगे। इसके लिए संबंधित फर्म कन्ट्रोल रूम स्थापित करेगी। मुम्बई, अमृतसर, अहमदाबाद, बेंगलुरु में ऐसी लाइट्स हैं लेकिन वहां एलिवेटेड रोड पर डायनॉमिक फसाड लाइटिंग नहीं है।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

---

# अगले माह से फिर शुद्ध के लिए युद्ध

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में अनसेफ खाद्य सामग्री बढ़ रही है। ऑनलाइन फूड पैकेट्स जयपुर में ही प्रतिदिन 50 हजार से ज्यादा भेजे जा रहे। मिस ब्रांड सामग्री के केस प्रति वर्ष बढ़ रहे हैं। फिर भी 2020 की तुलना में 2021 में 12 हजार सैंपल कम लिए। 2020 में 7439 सैंपल लिए गए और 2021 में केवल 6276 सैंपल ही लिए गए। 2020 में कोरोना के लगातार लॉकडाउन के बावजूद ज्यादा सैंपल लेना और 2021 में कम लेना चिंता का विषय है। छापे डाले जाते हैं, उतनी संख्या में भी नमूने नहीं लेना निरीक्षण कार्रवाई पर सवाल खड़ा करता है। अब नए साल में जनवरी से फिर शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाने का प्लान है। लेकिन अब तक के अभियान फ्लॉप शो के सिवाय मिलावटखोरों में कत्तई खौफ पैदा नहीं कर पाए। केवल 0.2 प्रतिशत मिलावटखोरों के मामले ही कोर्ट तक पहुंचे और 13269 केस में सजा केवल 2 को मिली। सजा नहीं होने तथा नाममात्र का जुर्माना देकर छूट जाने से बेखौफ होकर आमजन की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### कोर्ट में मामला जाने से पहले ही मिलावटखोर कर लेते हैं सेटिंग

सरकार हर बार शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाती है। लेकिन केवल दिखावटी। जनवरी-2022 से फिर अभियान की औपचारिकता होंगी। फूड सेफ्टी एक्ट 5 अगस्त 2011 को लागू होने के बाद दस साल में 66 हजार 439 में से 13 हजार 269 नमूने मिलावटी पाए गए। इनमें से 1870 सैंपल जांच में अनसेफ यानि (मानव के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक ) पाए गए। अनसेफ मामले में कानूनी प्रक्रिया लंबी होने के कारण दस साल में 36 मामलों में हुए निर्णय में मात्र दो को सजा मिली है। कोर्ट में करीबन एक हजार से ज्यादा मामले लंबित है। लेकिन हर बार मिलावटखोर सेटिंग कर लोकल अफसरों से सेटिंग कर लेते हैं।

### सैंपल 2012 में लिया गया, सजा 2020 में सुनाई गई

शाहीन गोली बिस्किट मांगरोल जिला बारां में एफएसओ ने मैरी सुपारी का नमूना वर्ष -2012 में लिया था। जांच में अनसेफ व सब स्टेंडर्ड पाए जाने पर सीजेएम ने वर्ष -2019 में 6 माह की सजा व दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इसके अलावा प्रदीप रेस्टोरेंट मांगरोल के यहां पर मावा बर्फी का नमूना लिया था। जांच में अनसेफ मिलने पर सीजेएम ने वर्ष-2020 में 6 माह की सजा व दस हजार रुपए जुर्माना लगाया। चिकित्सा विभाग रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस वालों से सैंपल ले रहा। जयपुर, अलवर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा, सीकर, झुंझुनूं में बिना लाइसेंस के सैंपल नहीं ले रहे।

> **मिलावट** मामलों के जल्द निस्तारण को फास्ट ट्रैक कोर्ट के लिए विधि विभाग को पत्र लिखा था। प्रोसेस जारी है। फूड सेफ्टी डाइरेक्टोरेट के पदों की मंजूरी मिल चुकी। अन्य राज्यों की तर्ज पर यहां भी आईएएस लगाया जाना प्रस्तावित है।
> **-वैभव गालरिया,** सचिव चिकित्सा एवं मेडिकल शिक्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयसिंह राठौड़ एवं राजकुमारी राठौड़ के 51वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर कुंवर देवेन्द्र सिंह, पूनम कंवर, अंबिका राठौड़, धनाक्षी, अभी जय की ओर से प्रणाम शुभकामनाएं दी गई।

---

ANCHOR क्राइम

# राजधानी में सिर्फ 24167 किराएदार ही पुलिस वेरिफाइड

### 1 महीने में 63 कार्रवाई, 400 गिरफ्तार

### असर- बाहरी क्षेत्रों के फ्लैट्स अपराधियों की शरणस्थली बने

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देशभर में बड़ी-बड़ी वारदात करने वाले बदमाशों के छिपने का ठिकाना इन दिनों जयपुर बन गया है। शहर के बाहरी इलाकों में बने करीब 2000 फ्लैट्स को बदमाशों ने किराए पर ले रखा है। अधिक किराए के लालच में फ्लैट्स मालिक ना तो एग्रीमेंट कराते हैं और ना ही पुलिस को इन किराएदारों की सूचना देते हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पूरे जयपुर में सिर्फ 24167 किराएदारों का ही पुलिस वेरिफिकेशन हुआ है। इधर, दूसरे प्रदेश से लगातार मिल रहे इनपुट पर कमिश्नरेट की पुलिस ने एक महीने में 63 बड़ी कार्रवाई करते हुए 400 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें कई नामी स्नैचर और तस्कर भी शामिल हैं। इस अभियान में पुलिस ने 21 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जयपुर पुलिस ने अब तक जितनी भी कार्रवाई की है, वह सभी सुबह 4 बजे की है। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस को शामिल तो किया जाता है लेकिन कार्रवाई की लोकेशन नहीं बताई जाती है। शहर के बाहरी इलाकों में 2 हजार से ज्यादा ऐसे फ्लैट्स हैं, वहां ऐसे किराएदार रखे गए हैं जिनका पुलिस वेरीफिकेशन नहीं हुआ है। कमिश्नरेट ने सभी पुलिस थानों को आदेश दिए हैं कि वह अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की पहचान करें और बिना वेरीफिकेशन रह रहे किराएदारों तथा मकान मालिकों पर कानूनी कार्रवाई करें। पुलिस का कहना है कि सघन तलाशी अभियान चलाया जाएगा।

- » 29 अक्टूबर को 55 चेन स्नेचरों को चिह्नित करके दबिश दी गई।
- » 29 बदमाशों से 10 दुपहिया वाहन, ई-रिक्शा, 17 मोबाइल और चाकू बरामद किया गया।
- » 1 नवम्बर को शिक्षण संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले 26 तस्कर गिरफ्तार।
- » 13 नवम्बर को सीएसटी ने यूपी-बिहार की छैमार गैंग के 9 बदमाशों सहित 54 आरोपी गिरफ्तार। जयपुर जेल में सिमकार्ड बरामद किए थे।

> **सूचनाएं** थीं कि बाहरी राज्यों के कई बदमाश जयपुर के बाहरी इलाके में बने फ्लैट्स या कच्ची बस्तियों में फरारी काट रहे हैं। सीएसटी, डीएसटी और स्थानीय पुलिस टीमों ने कार्रवाई की।
> **-आनंद श्रीवास्तव,** कमिश्नर

> **लगातार** इनपुट मिल रहे थे कि बदमाश फरारी काट रहे हैं। 9 अक्टूबर को 341 जगह पर एक साथ दबिश देकर 145 जनों को गिरफ्तार किया गया।
> **-अजय पाल लांबा,** एडि.कमिश्नर

GET IT ON Google Play
1st Time in India
स्कूल कॉलेज Fees मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर
Fees Pay - Online & Offline
ALL BANK "UPI-NEFT-DEBIT/CREDIT CARD"
Book Now Demo
SMART Paathshala R
Manage your institute Easily & Perfectly
Online ₹9999
Special Offer
Offline ₹4999
TRUSTED BY
1000+ schools/ college | 50000+ students | 8+ states | 15+ modules
100% SECURE
www.Paathshalasmart.com

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
जागरूक न्यूज

Jagruk Janta
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

**गृहमंत्री का राजस्थान दौरा:** शाह को मुख्यमंत्री गहलोत का जवाब

# जनता को भ्रमित करने का काम नहीं करें शाह

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बयानबाजी के 24 घंटे बाद सोमवार को तीखा हमला बोला। गहलोत ने एक बयान जारी कहा कि अमित शाह यहां आकर अनर्गल बातें कर रहे हैं। लगता है प्रदेश भाजपा ने उन्हें सत्य से अवगत नहीं करवाया या फिर उनमें सत्य बताने की हिम्मत नहीं है अथवा उनका जानबूझकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। हालांकि, सरकार गिराने के आरोपों पर अमित शाह के बयान का मुख्यमंत्री गहलोत ने कोई जबाव नहीं दिया।

## जनता को गुमराह करने का अधिकार नहीं

**गहलोत** ने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर हमारी सरकार ने 29 जनवरी को 2 फीसदी वैट कम किया जब किसी अन्य राज्य ने नहीं किया था। तब प्रदेश सरकार को 1000 करोड़ की राजस्व हानि हुई। केन्द्र सरकार की ओर से 2 नवंबर को एक्साइज ड्यूटी कम करने से भी प्रदेश को 1800 करोड़ रुपए की राजस्व हानि हुई। जनहित में 16 नवंबर को पुनः डीजल पर 5 रुपए एवं पेट्रोल पर 4 रुपए वैट कम किया जिससे प्रदेश सरकार को 3500 करोड़ रुपए की राजस्व हानि हुई। प्रदेश सरकार को पेट्रोल-डीजल के दाम करने से अभी तक 6300 करोड़ की राजस्व हानि हो चुकी है फिर भी हमारी मांग है कि केन्द्र सरकार पेट्रोल के दाम 10 रुपए और डीजल के दाम 15 रुपए कम करे जिससे आमजन को राहत मिल सके। पेट्रोल-डीजल को 100 रुपए से अधिक ले जाने वाली मोदी सरकार के गृह मंत्री को इस मुद्दे पर जनता को गुमराह करने का कोई हक नहीं है।

### कोविड में 33 लाख परिवारों में 91866 करोड़ की सहायता दी

गहलोत ने कहा कि कोविड के दौरान सरकार ने 33 लाख परिवारों में प्रत्येक को 5500 रुपए की सहायता दी, जिस पर 1866 करोड़ का भार सरकार ने उठाया। अनाथ बच्चों को एक लाख रुपए तत्काल एवं 18 वर्ष का होने पर पांच लाख की सहायता, 18 वर्ष की आयु तक 2500 रुपए पेंशन, 2000 रु. प्रति वर्ष स्कूल ड्रेस एवं किताबों के लिए दिए गए हैं। विधवा महिलाओं को एक लाख रु. तत्काल एवं 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन तथा उनके बच्चों को 1000 रु. प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। विशेष पैकेज में 167 अनाथ बच्चों, 8049 विधवा महिलाओं एवं 5485 विधवा महिलाओं के बच्चों को सहायता जारी की गई है।

### प्राइवेट को वेंटीलेटर देने के आरोपों पर

गहलोत ने कहा है कि पीएम केयर वाले वेंटीलेटर्स का मुद्दा उठाने की बजाय शाह को यह जवाब देना चाहिए था कि मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले यह खराब वेंटीलेटर केन्द्र सरकार ने किससे खरीदे। उन्होंने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत तमाम राज्यों ने इन वेंटीलेटर्स के खराब होने की शिकायत की। ये आज तक सामने नहीं आया कि इन खराब वेंटीलेटर्स को बनाने वालों का क्या हुआ।

### केंद्रीय सचिव ने की थी राजस्थान की तारीफ

गहलोत ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट को लेकर शाह ने झूठ बोला। उन्हें केन्द्र सरकार में सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सभी राज्यों की बैठक में राजस्थान सरकार द्वारा 51 ऑक्सीजन प्लांट्स लगाने पर की गई सराहना को सुनना चाहिए और सत्य जानना चाहिए।

### सराहना और सत्य जानना चाहिए शाह को

**ऑक्सीजन** प्लांट्स पर केन्द्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि अमित शाह ने ऑक्सीजन प्लांट को लेकर झूठ बोला। उन्हें केन्द्र सरकार में आवासन और शहरी कार्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा सभी राज्यों की बैठक में राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश की लंबी दूरियों के बावजूद सभी 51 ऑक्सीजन प्लांट्स लगाने पर की गई सराहना को सुनना चाहिए और सत्य जानना चाहिए।

**कांग्रेस की रैली पर रोक की याचिका हाईकोर्ट में खारिज**

# गहलोत सरकार बोली- PIL पब्लिसिटी स्टंट हेल्थ सेक्रेट्री ने माना- तीसरी लहर की आशंका

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में 12 दिसम्बर को महंगाई के खिलाफ होने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली को चुनौती देती याचिका को राजस्थान हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस अकील कुरैशी और जस्टिस उमाशंकर व्यास की डिवीजनल बेंच ने राजेश मूथा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। इसके बाद कांग्रेस ने अपनी रैली की तैयारियां तेज कर दी हैं। उधर, हेल्थ सेक्रेट्री वैभव गालरिया ने कोविड की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए विभाग को तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं।

### सरकार ने PIL को पब्लिसिटी स्टंट और राजनीति से प्रेरित बताया

कोर्ट में राजस्थान सरकार की ओर से पेश हुए एजी एमएस सिंघवी ने इस PIL को पब्लिसिटी स्टंट और राजनीति से प्रेरित बताया। कहा कि जिस दिन कांग्रेस की रैली को लेकर खबर छपी, उसी दिन बिना तैयारी के याचिका दायर कर दी। याचिका में 5 दिसंबर को होने वाली बीजेपी की रैली को चुनौती नहीं दी गई थी। साथ ही, कोर्ट को बताया कि डॉक्टर्स ने कहा है कि ओमिक्रॉन ज्यादा घातक नहीं है। याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस पार्टी बड़ी रैली की तैयारियों में जुट गई है।

### महामारी से निपटने की तैयारियों में जुटा महकमा

मेडिकल एंड हेल्थ सेक्रेट्री वैभव गालरिया ने माना है कि तीसरी लहर की आशंका है। इसे देखते हुए अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू बेड समेत जरूरी इक्विपमेंट्स का समय पर इंस्टॉलेशन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ को आईसीयू मैनेजमेंट, ऑक्सीजन थेरैपी ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग भी करवाने को कहा गया है।

**सौम्या गुर्जर को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं**

# आदेशों पर स्टे देने से किया मना, अगली सुनवाई 1 फरवरी को, धाबाई रहेंगी मेयर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर की निलंबित मेयर सौम्या गुर्जर को आज भी सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से सीनियर एडवोकेट ने कोर्ट में जो तर्क रखे उसे सुनने के बाद कोर्ट ने मामले पर स्टे देने से इनकार करते हुए अगली सुनवाई की डेट 1 फरवरी दे दी। नगर निगम के सीनियर एडवोकेट मनीष सिंघवी ने बताया कि हमने कोर्ट में दलील पेश की, कि इस मामले में जो न्यायिक जांच चल रही है उसमें सभी पक्षों की गवाही और एविडेंस रखे जा चुके है। अब केवल दोनों पक्षों की बहस होना बाकी है। बहस के बाद जो परिणाम आएगा। ऐसे में बीच में ही स्टे देना उचित नहीं होगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मामले में जांच पूरी होने और आदेशों के आने की बात करते हुए स्टे देने से इनकार कर दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 फरवरी की डेट दे दी।

### 6 जून को किया था निलंबित

**दरअसल** राज्य सरकार ने 6 जून को सौम्या गुर्जर को मेयर पद से और अन्य तीन पार्षदों को आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ हुए विवाद के बाद निलंबित कर दिया था। वहीं शील धाबाई 1 फरवरी तक जयपुर नगर निगम ग्रेटर की कार्यवाहक मेयर बनी रहेगी।

# गहलोत मंत्रिपरिषद की बैठक में रैली की तैयारियों व ओमिक्रॉन पर हुई चर्चा

## सरकार के 3 साल के कार्यकाल पर होने वाले कार्यक्र मों पर भी हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में चर्चा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों की रोकथाम और कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी महारैली की तैयारियों का फीडबैक लेने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज अपने निवास पर मंत्रिपरिषद की बैठक ली। सुबह 11:30 बजे मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कैबिनेट और राज्य मंत्री शामिल हुए।

बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रिमंडल पुनर्गठन के बाद पहली बार अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का तीन दिवसीय दौरा कर जयपुर लौटे प्रभारी मंत्रियों से जिलों में रैली की तैयारियों का फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों पर भी चर्चा

इधर मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के मामले बढ़ने पर भी चर्चा हुई। साथ ही इसकी रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए जाएं इस पर भी चर्चा हुई वहीं दूसरी ओर कोरोना के बढ़ते मामलों और और स्कूली बच्चों के संक्र मित मिलने को लेकर भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सभी मंत्रियों से शैक्षणिक संस्थानों को लेकर सुझाव लिए कि स्कूली बच्चों को शत प्रतिशत संख्या के साथ स्कूल भेजा जाए या नहीं या फिर केवल ऑनलाइन क्लासेज ही रखी जाए।

### 3 साल के कार्यकाल के कार्यक्रमों पर भी चर्चा

मंत्रिपरिषद की बैठक में 17 दिसंबर को सरकार के 3 साल के कार्यकाल पूरा होने के मौके पर होने वाले प्रदेश स्तरीय और जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर भी मंत्रिपरिषद की बैठक में चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिला स्तरीय कार्यक्रमों की जिम्मेदारी मंत्रियों को देने वाले हैं। इसी के चलते बैठक में चर्चा हुई है।

श्री कुचुमध्यमुखाय नमः
श्री साकेत पंचाङ्ग

लघु जंत्री वर्ष 2022
सम्पूर्ण जानकारी से भरपूर
- धार्मिक कृत्य एवं साधना सम्बन्धी मार्गदर्शन !
- राष्ट्र एवं धर्म पर आए संकट एवं उसपर उपाय !
- देवताओं के सात्त्विक चित्र, तथा तिथिनुसार दिन विशेष !
- साथ ही शुभ-अशुभ दिनांक, विवाह मुहूर्त इत्यादि का समावेश !
- आपातकाल का सामना करने हेतु आवश्यक पूर्व तैयारी एवं मनोबल बढ़ाने वाले उपाय !

पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा
ज्योतिष एवं कर्मकांड के जानकार
संपादक श्री साकेत पंचाङ्ग, बूंदी, राजस्थान
Mo. 9784927023

# फ्री होल्ड पट्टों पर सार्वजनिक सूचना की अनिवार्यता खत्म

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पट्टों की रेवड़ी बांटने की जल्दबाजी में सरकार ने एक बार फिर प्रशासन शहरों के संग अभियान में रियायत दी है। पुरानी आबादी क्षेत्र के फ्री होल्ड पट्टों के प्रकरणों में अब सार्वजनिक सूचना जारी करने की अनिवार्यता खत्म कर दी है। अब ऐसे मामलों में सूचना प्रकाशित करना जरूरी नहीं होगा। नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त शासन विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इससे प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। आपत्ति–सुझाव लेने के दौरान कई मामलों वह तथ्य सामने आते रहे हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा। अभी इस प्रक्रिया में 7 से 10 दिन समय लग रहा है।

### सात लाख पट्टों से बचेगी साख

शहरों की पुरानी आबादी क्षेत्र के नियमन पर अभियान का पूरा दारोमदार है। अभियान में दस लाख से अधिक पट्टे जारी करने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसमें से करीब सात लाख पट्टे पुरानी आबादी क्षेत्र से जारी करने का अनुमान है। पुरानी बसावट के ऐसे प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के लिए नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त शासन विभाग की ओर से समय-समय पर नियम व प्रक्रियाओं में बदलाव किए जा रहे हैं।

### इनमें सार्वजनिक सूचना की अनिवार्यता हटाई

- » जिन संपत्तियों के निकाय की ओर से स्टेट ग्रान्ट एक्ट के पट्टे जारी किए गए हो या निर्माण स्वीकृति जारी की गई हो।
- » जिन संपत्तियों के तत्कालीन पंचायत की ओर से पट्टे जारी किए गए हों और कृषि भूमि रूपांतरण नियम के तहत भू रूपांतरण किया गया हो।
- » ऐसे दोनों मामलों में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित नहीं करने की शर्त यही होगी कि फ्री होल्ड पट्टे के लिए मूल संपत्ति मालिक, उत्तराधिकारी अथवा उनसे रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से संपत्ति खरीदने वाले व्यक्ति ने आवेदन किया हो।

### अफसरों का यह तर्क

पुरानी आबादी क्षेत्र के भूखंडों के लिए नियमन के लिए कट ऑफ डेट 31 दिसम्बर 2018 तय की गई है। इस कट ऑफ डेट तक के संपत्तियों के दस्तावेजों के आधार पर शहरी निकायों की ओर से पट्टे दिए जा रहे हैं।

# पापड़वाले हनुमान मन्दिर के मुख्य द्वार का हुआ भूमि पूजन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर 8 स्थित पापड़ वाले हनुमान जी मंदिर के मुख्य द्वार का भूमि पूजन समारोह संत महामंडलेश्वर राम सेवकदासजी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सीताराम अग्रवाल मंगलासरिया कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा ने नींव में लगने वाली पांच शिलाओं का पूजन किया। हनुमान मंदिर के महंत रामसेवक दास जी ने इस अवसर पर आए विशिष्ट अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर माला पहनाई और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अनेक पार्षद एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व भूमिपूजन स्थल के पास ही प्रांगण में नवग्रह एवं षोडषमात्रिका का विधिविधान से पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में ललित कुमार अग्रवाल, कजोड़मल गुर्जर एवं रामप्रसाद लड्ढा ने सपत्नीक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मीठालाल सामोता ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित लोगों ने बताया कि सीताराम अग्रवाल मंगलासरिया ने पापड़ के हनुमान मन्दिर का सौन्दर्यकरण कराने के लिए सरकार से राशि स्वीकृत कराई है। जिसके फलस्वरूप जेडीए ने मुख्य द्वार

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा दिव्य प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन निम्न TV चैनल्स पर अवश्य श्रवण करें
Shreedhariddi.in
निवेदिका: श्रीधरी दीदी

NEWS 18 इंडिया
न्यूज़ 24
भारत समाचार
साधना
आस्था
संस्कार
प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 5:30 AM
सोम-शुक्र (प्रातः) MON - FRI 6:25 AM
प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 6:50 AM
प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 8:15 AM
प्रतिदिन (सायं) EVERY DAY 6:20 PM
सोम-शनि (सायं) MON - SAT 8:30 PM

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing
★ Digital Marketing
★ Whatsapp Marketing
★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development
★ Android Development
★ Software Development
★ Social Media Management

MSGJET
SchoolMaster SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan
WE ARE Google Partner | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

ANCHOR **सीएम नहीं बनने पर सचिन का छलका दर्द**

# बोले- किस्मत में जो लिखा है कोई छीन नहीं सकता, जो नहीं है कोई दे नहीं सकता

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खुद के सीएम नहीं बनने के सवाल पर सचिन पायलट ने कहा कि चेहरे सभी के सामने होंगे। भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है, किसी को नहीं पता। मेरा ऐसा मानना है कि किस्मत में जो लिखा है उसे कोई छीन नहीं सकता और जो नहीं लिखा है उसे कोई दे नहीं सकता। अपना काम करते रहो जो होगा सो होगा। पब्लिक से वादे किए हैं वे पूरे करें, ताकि दोबारा जनता के बीच जाएं तो सीना चौड़ा करके जाएं। सचिन पायलट एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## हम दोबारा सरकार में क्यों नहीं आते, इस पर आत्म चिंतन करना होगा

**पायलट** ने कहा- पिछले छह चुनाव में हमेशा हम सरकार में रहते हैं और फिर बुरी तरह हार जाते हैं। हमें आत्म चिंतन करना पड़ेगा। पहले हम 150 सीट जीतकर 50 पर रह गए, फिर 100 जीतकर 20 पर रह गए। दोबारा जीतने के लिए हमें कुछ पॉजिटिव करना होगा। जिससे जनता को लगे कि हम उनका फिर से आशीर्वाद लेना चाहते हैं। पायलट ने कहा- ऐसा नहीं है कि कांग्रेस सरकारें रिपीट नहीं होती। असम, दिल्ली में तीन बार रिपीट हुई हैं। हरियाणा, आंध्र में रिपीट हो चुकी हैं। राजस्थान कोई देश के बाहर का हिस्सा थोड़े ही है। यहां भी सरकार रिपीट हो सकती है। लेकिन हमें सोचना पड़ेगा कि आगे हम ऐसा क्या करें कि सरकार रिपीट हो ।

### अब हम सही रास्ते पर हैं

पायलट ने कहा, कौन किसका समर्थक है, यह हमारे लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं, लेकिन यह सच है कि दो साल से कैबिनेट में एक भी दलित मंत्री नहीं था। हमें लगता है सरकार में सबकी भगीदारी हो। दो साल तक दलित मंत्री नहीं है तो उसे ठीक करना होगा। खुशी की बात है कि 70 साल में पहली बार 4 दलित कैबिनेट मंत्री बने हैं। आदिवासी, किसान सहित सबका एक संतुलन बना है। जिस कार्यकर्ता ने पार्टी के लिए लाठियां खाई, उसे यह लगे कि सरकार में उसकी भागीदारी है। 2013 में जब हम 20 सीटों पर रह गए थे। पार्टी का झंडा उठाने वालों को हम मान सम्मान देते हैं तो उसमें पार्टी का हित है। हमारे इन मुद्दों पर चर्चा के लिए कमेटी बनी थी। इसमें देरी हुई लेकिन अब हम सही रास्ते पर आ गए हैं।

### लाठी खाने वाले के मान सम्मान की बात उठाई

नाराजगी के सवाल पर पायलट ने कहा- मेरी नाराजगी व्यक्ति से नहीं है। सब लोगों को लगे कि हम सरकार में स्टेक हॉल्डर हैं। सब मंत्री नहीं बन सकते और सब मंत्री बनना भी नहीं चाहते, लेकिन उनकी सरकार में भागीदारी सुनिश्चित हो। जिन्होंने जेब से पैसा खर्च करके काम किया। वसुंधराजी की सरकार से केस झेले हैं। परिवार का नुकसान झेला। अब उन्हें लगना चाहिए कि सरकार उनकी है। पार्टी और सरकार मिलकर काम करें ताकि 30 साल से चली आ रही परिपाटी खत्म हो। 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बने।

### सामूहिक लीडरशिप में लड़ेंगे

पायलट ने कहा- राजस्थान कांग्रेस का मैं 7 साल अध्यक्ष रहा। उस समय कांग्रेस ने फैसला किया कि हम सामूहिक लीडरशिप में चुनाव लड़ेंगे और बाद में सीएम का फैसला करेंगे। 2023 में चुनाव होंगे तो पॉलिसी के तहत पहले से सीएम डिक्लेयर नहीं करेंगे। सीएम कौन बनेगा, यह विधायकों पर निर्भर रहेगा।

### गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि मेरे दम पर ही चुनाव जीतते हैं

**उपचुनाव** में कांग्रेस के जीतने से सीएम गहलोत के मजबूत होने के सवाल पर पायलट ने तंज कसते हुए कहा- चुनाव पार्टी लड़ती है, केवल मैं तो अकेला लड़ता नहीं, या सिर्फ सीएम ही नहीं लड़ते हैं। पूरा संगठन और पूरे कार्यकर्ता-नेता लड़ते हैं। आप देखिए, अब तक जितने उप चुनाव हुए हैं उनमें अधिकांश में कांग्रेस जीती है, क्योंकि सबने मिलकर चुनाव लड़ा है। कोई भी एक व्यक्ति कितना ही बड़ा नेता हो, यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि मेरे दम पर ही चुनाव जीतते हैं। मिलकर लड़ते हैं तो पब्लिक में मैसेज जाता है और तब लोग हमें वोट देते हैं। कब क्या होगा मैं नहीं कह सकता लेकिन हम सही दिशा में निकले हुए हैं, सही निर्णय लिए जा रहे हैं।

**सीखने की बात**

**अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...**

**- अज्ञात**

# दुरुस्त हों आंकड़े

**खुशी** देने वाले आंकड़ों का जितना महत्व होता है, उतना ही महत्व दुख देने वाले आंकड़ों का भी होता है। अक्सर हम स्वाभाविक व्यवहार के तहत दुखद आंकड़ों को छोड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं। पहले किसी दौर में ऐसा होता होगा, लेकिन अब दुनिया बदल चुकी है। सूचना प्रौद्योगिकी ने लोगों को बहुत जागरूक कर दिया है। किसी से जवाब मांगना पहले की तुलना में आसान हुआ है, अतः विशेष रूप से जिम्मेदार अधिकारियों को सजग रहकर जवाब देने चाहिए, ताकि जिज्ञासाएं किसी प्रकार के असंतोष में न बदल पाएं। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बुधवार को संसद में बताया है कि सरकार के पास दिल्ली की सीमाओं पर कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मरने वाले किसानों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। दरअसल, आज के समय में प्रशासन ऐसा हो गया है, जो सिर्फ सकारात्मक आंकड़ों में ही दिलचस्पी रखता है। कोई आश्चर्य नहीं, अगर सरकार किसानों की मौत के बारे में नहीं जानती। दरअसल, विपक्षी दल आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसके जवाब में मंत्री ने कहा है कि चूंकि सरकार के पास किसानों की मौत का कोई रिकॉर्ड नहीं है, ऐसे में, आर्थिक सहायता देने का सवाल ही नहीं उठता। यह आलोचना का विषय नहीं है, यह विवेचना का विषय है कि हमारे प्रशासन को देश में चल रही मुख्य घटनाओं की कितनी सूचना है? यहां अनायास याद आता है, सरकार का वह जवाब कि देश में ऑक्सीजन की कमी की वजह से कोई मौत नहीं हुई। वह केवल एक सरकार का जवाब नहीं था, तमाम राज्य सरकारों ने भी अपने स्तर पर यही माना था कि ऑक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई। यह कोई नई बात नहीं है, इस देश में वोट तो भावनाओं के आधार पर लिए जाते हैं, लेकिन सरकार को तकनीकी आधार पर चलाया जाता है। इसी पृष्ठभूमि में प्रशासन की जो समग्र अलोकप्रिय छवि है, उसे समझा जा सकता है। लेकिन अफसोस, आंकड़े भी राजनीति का आधार बनते हैं। कोई कह रहा है कि भारत में कोरोना की वजह से चार लाख मौतें हुई हैं, तो कई आरोप लगा रहा है कि पचास लाख लोगों की जान गई है। इसमें कोई दोराय नहीं कि केंद्र व राज्य सरकारों को अपने स्तर पर आंकड़ों को दुरुस्त रखना चाहिए। ध्यान रहे, हम जिस महाविपदा से गुजरे हैं, वह मामूली नहीं थी, भावी पीढ़ियां सही आंकड़े न मिलने पर हमें कोसेंगी। मुमकिन है कि किसान नेताओं के दावों में अतिरेक हो। उनका दावा है कि सिंघु, टिकरी व गाजीपुर सीमा पर कृषि कानूनों का विरोध करने वाले 700 से ज्यादा किसान अब तक जान गंवा चुके हैं। मौसम की मार, बीमारियों, गंदगी व आत्महत्या के कारण हुई मौतों की जांच करके आंकड़ा सामने रखना चाहिए। क्या स्थानीय थानों के पास आंकड़े नहीं हैं? क्या किसानों पर निगरानी की जिम्मेदारी किसी अधिकारी को नहीं दी गई थी? आज हम जिस दौर में है, वहां अधिकारियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी फर्जी खबर या आंकड़ा लोगों में प्रचारित नहीं हो। किसान काफी दिनों से यह आंकड़ा चला रहे हैं और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जब किसानों से बातचीत होगी, तब अधिकारियों को पूरे आंकड़ों के साथ बैठना होगा। देश के विकास और आगे नीति-निर्माण के लिए भी आंकड़ों को दुरुस्त रखने का आदत जरूरी है।

## सम्पादकीय

# दूसरी पारी आधा सफर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जब अपनी दूसरी पारी का आधा सफर पूरा कर लिया है, तब इस पड़ताल का यह बिल्कुल मुफीद वक्त है कि देश की उम्मीदों पर यह सरकार कितनी खरी उतरी और शेष बचे समय में इससे क्या अपेक्षाएं रहेंगी! इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रचंड बहुमत के साथ मई 2019 में सत्ता में वापसी करने वाली मोदी सरकार का आत्मविश्वास शुरुआती महीनों में चरम पर था और उसने कई ऐसे काम किए, जो इतिहास में दर्ज किए जाएंगे। खासकर, जम्मू-कश्मीर के सांविधानिक दर्जे में तब्दीली और अनुच्छेद-370 की समाप्ति का साहसिक फैसला! इसी तरह, दशकों से लटके राम जन्मभूमि विवाद में भी नई सरकार ने अतिरिक्त सक्रियता दिखाई और अंततः इसका न्यायिक निपटारा संभव हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द के माहौल में भव्य राममंदिर का शिलान्यास भी इस सरकार की उपलब्धियों में दर्ज हुआ। जिस गति से सरकार कदम उठाए जा रही थी, ऐसा लगने लगा था कि दूसरी पारी के आधे वक्त में ही वह अपने घोषणापत्र के शायद सारे वादे पूरे कर देगी, हालांकि दिल्ली दंगे व सीएए के खिलाफ शाहीन बाग प्रदर्शन जैसी कुछ चुनौतियां भी उसके सामने आईं, लेकिन उसकी रफ्तार में सबसे बड़ी बाधा के रूप में मार्च 2020 में कोरोना महामारी आई। हालांकि, यह एक वैश्विक समस्या थी औरपूरी दुनिया में विकास का पहिया थम-सा गया था, लेकिन एक विशाल आबादी वाले देश के नाते अन्य देशों के मुकाबले भारत के लिए यह कहीं बड़ी चुनौती बनकर आई। आजाद भारत की किसी सरकार का साबका ऐसी चुनौती से नहीं पड़ा था। जाहिर है, ऐसे ही मौकों पर देश के राजनीतिक नेतृत्व की परीक्षा भी होती है। प्रधानमंत्री मोदी इस विषम समय में एक तरफ देशवासियों को धैर्य की डोर थामे रहने के लिए प्रेरित करते रहे, तो दूसरी ओर सरकार ने लगभग 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन मुहैया कराने का फैसला किया। महामारी काल में जिस तरह से गरीबों की संख्या बढ़ी, इस एक फैसले से देश के हाशिये के लोगों को खास तौर पर बड़ी राहत मिली है। बड़े पैमाने पर टीकाकरण ने भी लोगों के भरोसे को मजबूत किया। इस आधे सफर के जिस एक प्रकरण को यह सरकार कभी याद नहीं करना चाहेगी, वह निस्संदेह तीन कृषि कानूनों और किसान आंदोलन से जुड़ा है। अब जब ये कानून निरस्त हो चुके हैं, तब किसानों से अन्य मसलों पर भी उसे बात करनी चाहिए। यही लोकतंत्र का तकाजा भी है। बहरहाल, अब जो शेष आधा कार्यकाल बचा है, उसमें एनडीए सरकार के आगे सबसे बड़ी चुनौती रोजगार पैदा करने की होगी। चंद रोज पहले ही प्रकाशित एक सर्वे 'व्हाट वरीज द वर्ल्ड ने इस वक्त देश की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी बताई है। लगभग 44 प्रतिशत भारतीयों ने इसे सबसे बड़ी समस्या के रूप में दर्ज किया है। इसलिए सरकार को इस मोर्चे पर गंभीर प्रयास करने पड़ेंगे, क्योंकि उसके पास अब कम वक्त है। उसके हक में अच्छी बात यह है कि अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौट रही है। मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी 'मूडीज' ने भारत की अर्थव्यवस्था को नकारात्मक श्रेणी में रखा था, उसने अब अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए इसे उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करने वाली इकोनॉमी कहा है। सरकार को इस उम्मीद को थामे अब आगे बढ़ना है।

**हमारी जिंदगी के साथ तमाम तरह के रिश्ते जुड़े होते हैं और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन तमाम रिश्तों को बड़ी नफासत और बेहद प्यार के साथ न सिर्फ संभालें, बल्कि उन्हें अपनेपन के अहसास के साथ सींचते भी रहें, ताकि हर रिश्ता हमेशा हरा-भरा रहे।**

# हाथ छूटे तो भी रिश्ते नहीं छूटा करते

**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**राशमहूर** शायर-गीतकार गुलजार की नज्म की कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं- हाथ छूटे तो भी रिश्ते नहीं छूटा करते/वक्त की शाख से लम्हे नहीं तोड़ा करते! या फिर शायर मुस्तफा जैदी का यह शेर देखिए- दिल के रिश्ते अजीब रिश्ते हैं/सांस लेने से टूट जाते हैं! कहने का मतलब यह कि हमारी जिंदगी के साथ तमाम तरह के रिश्ते जुड़े होते हैं और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन तमाम रिश्तों को बड़ी नफासत और बेहद प्यार के साथ न सिर्फ संभालें, बल्कि उन्हें अपनेपन के अहसास के साथ सींचते भी रहें, ताकि हर रिश्ता हमेशा हरा-भरा रहे।

प्यार और साथ की चाह रखना इंसान के डीएनए में ही है। इंसान किसी दूसरे इंसान के साथ जुड़ जाता है और उनसे लंबे समय के लिए एक रिश्ता कायम कर लेता है। कुछ रिश्ते केवल शारीरिक आकर्षण पर चल रहे होते हैं, तो कुछ आदर्शवादी और भावनात्मक होते हैं। इंसान अपने रिश्तों में कई तरह की गलतियां भी करते हैं। लेकिन किन गलतियों के कारण रिश्तों में दरार आई है ये समझने और देखने का समय किसी के पास नहीं होता। योग इंस्टीट्यूट की प्रमुख हंसाजी योगेन्द्र और ब्रह्माकुमारी बी के शिवानी जैसे हमारे समय के महत्वपूर्ण विचारकों ने भी हमारे जीवन में रिश्तों को बहुत महत्वपूर्ण बताया है। रिश्ते यानी ऊर्जा का आदान-प्रदान। हमारे रिश्तों में, परिवार के साथ, दोस्तों के साथ, हमारी काम की जगह पर, सहकर्मियों के साथ, हम जो सोचते हैं, अनुभव करते हैं, बोलते हैं, जो व्यवहार करते हैं, वह हमारा स्पंदन है। सामने वाला जो सोचता है, महसूस करता है, व्यवहार करता है, वह उनका स्पंदन है जो मुझ तक पहुंचता है। यह जो ऊर्जा का आदान-प्रदान है, इसे ही रिश्ता कहते हैं।

इंसान न सिर्फ अस्तित्व के लिए, बल्कि अपनी पहचान के लिए भी जीते हैं। हर कोई खुद को बेहतर मानता है। ऐसे में जाने-अनजाने दूसरों के साथ तुलना भी होने लगती है, खासतौर पर दूसरों के साथ अपने संबंधों को तराजू में रखना। रिश्तों के मामले में एक सच्चाई शायद आप ठीक से नहीं जानते, वह यह है कि एक छोटी-सी तुलना से भी एक मीठा संबंध खटास से भर सकता है।

हम दूसरों के साथ बेकार की तुलना करते हुए खुद को दुखी करते रहते हैं। बदले में, हमें ख्याली पुलाव, हीनभावना और जलन-कुढ़न जैसी भावनाएं ही मिलती हैं। अब सवाल यह है कि कैसे हम इस तुलना के जंजाल से बाहर निकले। कुछ उपाय ऐसे हैं, जिन्हें हम आजमा सकते हैं। पहला, संतुष्ट रहें। आपको दुनिया का राजा भी बना दिया जाए तो भी आपको कोई न कोई कमी महसूस होगी और आप खुद को रंक की तरह महसूस करने लगेंगे। ऐसे में आपके पास अभी जो भी है, उससे संतुष्ट रहें। उस समय से संतुष्ट रहें जो आप रिश्तों में दे पा रहे हैं। अपने रिश्ते को बढ़ाने पर ध्यान दें, जो जैसा भी है, उसे वैसे ही स्वीकार करें।

दूसरा, सोशल नेटवर्किंग कम करें- जैसे ही आपने अपना फेसबुक या इंस्टाग्राम खोला और सबसे पहले आपकी नजर पड़ी कि जैसे आपका परिचित एक जोड़ा छुट्टियां मनाने बाहर गया है और सैर करने की अपनी तस्वीरें डाल रहा है। हो गया आपका दिमाग खराब। कुछ लोगों को इससे जलन होगी बल्कि कुछ में हीनभावना तक पैदा हो सकती है। अगर हम अपने आप पर नियंत्रण नहीं रख सकते हैं तो ऐसी साइटों से दूर रहना ही बेहतर है। सोशल नेटवर्किंग कम से कम करें।

तीसरा, अपने रिश्ते की खासियत न भूलें- हर दिन सोने से पहले अपने रिश्ते और अपने साथी के बारे में कुछ न कुछ सकारात्मक लिखें। यह एक बेहतरीन एक्सरसाइज है जिससे आप अपने रिश्ते में सकारात्मकता देख पाएंगे।

चौथा, अपने खुशनुमा पलों का कोलाज बनाएं- आज मोबाइल सबके हाथों में हैं। क्या न इसका अच्छा इस्तेमाल करें। अपने रिश्ते के सभी मजेदार और खुशी के पलों को कैद करते रहें। उन्हें बार-बार देखें। इन तस्वीरों का कोलाज बनाते रहें। इसे एक शौक ही बना लें।

पांचवां, दूसरों की खुशी में खुश रहें- दूसरों की सफलता और दूसरों की खुशी से खुद को चार्ज करते रहें। इसे योग में मुदिता कहते हैं। ईर्ष्या नामक रोग की एकमात्र औषधि मुदिता है। अगर आप दूसरों को खुश देखकर मुस्कुराना उठते हैं तो आपसे खुश कोई दूसरा नहीं।

याद रखें कि कोई भी दूसरे जैसा नहीं होता। हर कोई अनोखा है और ऐसा ही अनोखा हर रिश्ता भी है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

> **आपके पास अभी जो भी है, उससे संतुष्ट रहें। उस समय से संतुष्ट रहें जो आप रिश्तों में दे पा रहे हैं। अपने रिश्ते को बढ़ाने पर ध्यान दें, जो जैसा भी है, उसे वैसे ही स्वीकार करें।**

## कविता

### हौसला मेरा बढ़ाओ जरा

**नितेश मंडवारिया**
लेखक
@jagrukjanta.net

हौसला मेरा बढ़ाओ जरा,
तुम मेरे साथ आओ जरा
दुश्मनों से तो मार खाए नहीं,
दोस्तों को भी आजमाओ जरा
मार डालेगी वरना जहनी शिकन,
होश में हूं, और थोड़ा पिलाओ जरा
कौन अपना है कुछ पता तो चले,
शम्मा कुछ देर बुझाओ तो जरा
दिल में महसूस धड़कने होंगी,
हाथ संजीव से मिलाओ तो जरा
हम तो तैयार ही बैठे हैं,
हो सके यारों, गले लगाओ जरा
आस्तीन में छुपा के रखते हो,
दोस्तों मौका है, चलाओ तो जरा।
(लेखक नीमच, मप्र से है)

## ओपिनियन

# पीढ़ी दर पीढ़ी तमीज की बदलती संकल्पना


**महेन्द्र राजा जैन**
वरिष्ठ हिंदी लेखक
@jagrukjanta.net

**अच्छी** तमीज, बुरी तमीज, बोलने की तमीज, उठने-बैठने की तमीज, खाने-पीने की तमीज... इस सूची की कोई सीमा नजर आती नहीं दिखती। मगर कभी-कभी तमीज शब्द ही पुराने जमाने का और गुमानी जान पड़ता है। सभी पीढ़ियों की तमीज की अपनी-अपनी संकल्पना होती है और उसमें बदलाव भी जल्दी-जल्दी होता है। और तो और, सीधी-सादी बातें, जो हम जैसे लोग बचपन से सीखते हुए बड़े-बूढ़े हुए हैं, आजकल नारीवाद के शोर में मानो गुम ही हो गई हैं। जैसे, बस में औरतों को बैठने के लिए जगह देना या साथ चलते वक्त उनके लिए पहले दरवाजा खोलना आदि।

मुझे याद है, जब मैं लगभग 50 वर्ष पूर्व पहली बार उच्च शिक्षा के लिए लंदन पहुंचा था, तब पहले ही सप्ताह में क्लास खत्म होने के बाद साथ पढ़ने वाली एक लड़की के साथ मैं सड़क किनारे चल रहा था। मैं फुटपाथ की ओर था और वह मेरे दाहिनी ओर। मुझे पता था कि अंग्रेजी तौर-तरीके और शिष्टाचार के अनुसार, किसी स्त्री के साथ सड़क पर चलते समय उसे फुटपाथ के पास और पुरुष को उसके दाहिनी ओर चलना चाहिए। चलते समय मैं यही सोच रहा था, लेकिन सड़क पर पोजिशन बदलना आसान नहीं था, क्योंकि हम दोनों के ही हाथों में भारी पोर्टफोलियो और बैग थे। मैं इस संबंध में कुछ सोच ही रहा था और पोजिशन नहीं बदलने का लगभग तय ही कर लिया था कि उसने पूछा, क्या आप दूसरी ओर चलेंगे? एक आज्ञाकारी सेवक की भांति मैंने उसकी बात मान ली। वह निश्चय ही उम्र में मुझसे बड़ी होगी। हो सकता है, वह अब इस संसार में न ही न हो। लेकिल जरा सोचिए, आज कोई लड़की अपने से कम उम्र के लड़के से ऐसा कुछ कहे, तो वह यही समझेगा कि लड़की मजाक कह रही है।

लोगान पीयर्सल स्मिथ की पुस्तक अनफॉर्गोटन ईयर्स पढ़ते हुए पता चला कि विवाहित महिलाओं को संबोधित करते समय केवल उनके कुल नाम का प्रयोग किया जाना चाहिए, न कि उनके प्रथम नाम का। इसका मतलब है, श्रीमती के बाद उनका उपनाम लगाना चाहिए। मैं नहीं जानता कि भारतीय महिलाएं इस संबंध में क्या सोचती हैं, लेकिन अंग्रेज महिलाओं के संबंध में कहा जाता है कि विवाहित महिला के प्रथम नाम के पहले श्रीमती का प्रयोग करने से समाज में उच्च स्थिति रखने वाली महिलाएं थरथरा जाती हैं।

तमीज की ये सारी बातें मुझे पिछले सप्ताह एक पार्टी में हुई घटना से याद हो आई। पार्टी में तीन-चार मेरे हमवयस्क, एक युवा दंपति और एक किशोर थे। सभी जानते हैं कि आजकल के लड़के अपनी ही दुनिया में मस्त रहते हैं, और बड़े-बूढ़ों की बातों में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं होती। एकाएक उस किशोर ने बिजली से चलने वाला अपना कोई गैजेट निकाला और हम सब लोगों की ओर उपेक्षा से देखता हुआ उससे खेलने लगा। मैंने सोचा कि उससे कहूं, अगर उसे कुछ बोरियत महसूस हो रही है, तो वह घर चला जाए, लेकिन अच्छी तमीज का ख्याल रखते हुए मैं चुप बैठा रहा और उसके खिलौने की कभी तेज, कभी धीमी गड़गड़ आवाज सुनता रहा। शाम को उसने अपने कुछ दोस्तों को घर पर बुलाया था, अतः खाने का भी कुछ न कुछ इंतजाम तो करना ही था। पर यह सब कौन करता? किचन में कौन जाता? मां भी शायद परेशान होकर बाहर निकल गई होगी। स्पष्ट था कि वे टेबल पर खाना नहीं रखेंगे। चिप्स के पैकेट, पिज्जा आदि खाकर रैपर इधर-उधर डाल देंगे। उनके हाथों में उनके अपने गैजेट्स होंगे और खाते समय भी वे उनसे खेलते रहेंगे। मगर सोचिए, यदि कोई उनकी पार्टी में एक कोने में बैठकर किताबें पढ़ने लगे, तो फिर उन्हें कैसा लगेगा?- यह मेरे नहीं, वरन हॉलीवुड अभिनेत्री और तीन बच्चों की मां केट विंसलेट के शब्द हैं, जो लंदन के संडे टाइम्स में छपे हैं। दो पीढ़ियों के बीच में खाई का एक बड़ा कारण गैजेट्स भी बन गए हैं। अमेरिकी उपन्यासकार जोनाथन फ्रेजर भी नए-नए गैजेट्स के लती लोगों को पसंद नहीं करते। अमेरिकी थियेटर डॉयरेक्टर रॉबर्ट विल्सन का तो कहना है कि सभी गैजेट्स हडसन नदी में फेंक देने चाहिए। रिक्लेमिंग कन्वर्सेशन : द पावर ऑफ टॉक इन अ डिजिटल एज की लेखिका शेरी तुर्किल तो मानती हैं कि फोन की धीमी आवाज भी बातचीत में व्यवधान के लिए पर्याप्त हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

**अस्तेय**- दूसरे के स्वत्व का अपहरण करना, छल से या अन्य किसी उपाय से अन्याय पूर्वक अपना बना लेना चोरी यानि आस्तेय है।

**ब्रह्मचर्य**-मन, वाणी और शरीर से होने वाले सब प्रकार के मैथुन का सब अवस्थाओं में सदा त्याग करके, सब प्रकार से वीर्य की रक्षा ब्रह्मचर्य है।

**अपरिग्रह**-अपने स्वार्थ के लिए समतापूर्वक धन सम्पत्ति और भोग सामग्री का संचय करना परिग्रह है। इसके अभाव का नाम अपरिग्रह है।

**2. नियम**-शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्राणिधान ये पांच नियम हैं।

**शौच**- स्नान आदि द्वारा शरीर की शुद्धि, रहने के स्थान की शुद्धि, न्यायपूर्वक अर्जित धन से प्राप्त पवित्र अन्न द्वारा शास्त्रानुकूल शुद्ध भोजन करना तथा सबके साथ यथायोग्य पवित्र बर्ताव करना यह बाहरी शुद्धि है। जब-तप और शुद्ध विचारों द्वारा मैत्री आदि की भावना से अन्तःकरण के राग द्वेष आदि विकारों का नाश करना भीतर की शुद्धि है।

**संतोष**- कर्तव्य कर्म का पालन करते हुए उसका जो कुछ परिणाम हो तथा प्रारब्ध के अनुसार अपने आप जो कुछ भी प्राप्त हो एवं जिस अवस्था और परिस्थिति में रहने का संयोग प्राप्त हो उसी में संतुष्ट रहना और किसी प्रकार की कामना या तृष्णा न करना संतोष है।

**क्रमशः**

# झलक : थैंक्स डॉक्टर

**तुषार पुरोहित**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

जा रहे थे। स्कूटी फिसली या सड़क। पता नहीं, वाह.! री रफ्तार। साइकिल, बाईक, अथवा कार। हो जाती है एक्सीडेंट का शिकार। एक्सीडेंट का नाम ही कितना मनहूस।

फोन की पहली घंटी पर घर वालों के होश गुम। अस्पताल हो या निजी क्लीनिक। भीड़ को तो जुटना ही होता है। पड़ोसी, सगे बंधु और मित्र। और भी कई कुतूहली।

जितने मुंह उतनी सवाल। मुख्य सवाल डॉक्टर के बारे में। यह की डॉक्टर ने क्या कहा..? कोई चिंता की बात तो नहीं..? और जांच आदि के उपरांत जब डॉक्टर ने कहा, घबराने की कोई बात नहीं, तो जैसे सांस में सांस आयी।

मानव नया जीवन मिला।

सभी तो चाहते हैं जीना। अकाल मौत मरना किसको प्यारा..? ले देकर डॉक्टर का ही सहारा। बड़ा हादसा हो या भारी रोग। डॉक्टर का मिलना राहत की बात। डॉक्टर बाहर है, ऑपरेशन में व्यस्त व्यस्त हैं। देर लगेगी यह टेंशन की बात।

भगवान तो परोक्ष है। डॉक्टर प्रत्यक्ष। डॉक्टर की पहचान उसकी इमेज से। इमेज बनती है सतत परिश्रम से। अनवरत अभ्यास से। क्या यह सब केवल पैसा कमाने की ख्याति है.? नहीं।

नियति के गुलशन में खिलते हैं ख्याति के गुलाब, खटता है जब कोई मनुज मेहनत की जमीं पर।

बाकी सयानी मति के उन दकियानूसों का क्या रहती जिनकी नजर सिर्फ इंसान की कमी पर।।

तो द्वेषवादी भले कुछ कहें। डॉक्टर की तत्पर और नेकी नेकी परस्त सेवा भावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिर डॉक्टर की कमाई का, अधिकांश मरीजों हेतु, आधुनिक चिकित्सा सुविधा जुटाने में ही तो खर्च होता है।

बात करें धैर्य की। यह वह अनमोल धन, जो डॉक्टर के सिवा अन्यत्र कम ही देखा जाता है। डॉक्टर का धैर्य अधभरी गगरी नहीं, कि जो छलक जाए।

रही बात बीमारी की। तो वह गरीब, अमीर, बाल, वृद्ध, भला किसको छोड़ती हैं..? दादाजी को खांसी हैं। कफ़ है, सांस की तकलीफ है, और भी जाने क्या क्या जो दादा जी खुद नहीं जानते। डॉक्टर उनसे कभी खींझता नहीं। नेह और सम्मान से बात करता है। अभी तो आपको बहुत जीना है। आपको भीतर से कोई रोग थोड़े न है। आपने अपने को अच्छे से मेंटन कर रखा है। इस तरह दादाजी की जीने की चाह फिर से उभर आती है। यंत्रों की सुविधा भी है। दवाइयों की भी कमी नहीं। मगर कमाल तो डॉक्टर की जबान के जादू में है। जो एक बार फिर जीने की इच्छा शक्ति को जगाने में सक्षम है।

ना दिन देखे ना रात। निभाता है डॉक्टर ताजिंदगी रोगी का साथ।

चलो इस बहाने कृतज्ञता का कोई फूल खिला। थैंक्स डॉक्टर, हमें एक नया जीवन और मिला।।

निरपेक्ष भाव की यह झलक उन कोरोना वॉरियर्स के नाम, जो मरीजों को बचाते हुए, खुद नहीं रहे। ...अस्तु।

## जागरूक Selfie विद डॉटर

प्रियांशी डॉटर मनीष यादव, मुरलीपुरा, जयपुर

## हमे लिखे

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

**jagrukjantanews@gmail.com**

सम्पर्क करें : **9829329070, 9928022718**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग

ज्योतिर्विद्
अक्षय
शास्त्री



अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 8/12/2021

**सूर्योदय :** 07:12 **सूर्यास्त :** 17:17 **चन्द्रोदय :** 11:09 **चन्द्रास्त :** 21:44 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** मार्गशीर्ष **पूर्णिमांत :** मार्गशीर्ष **सूर्य राशि :** वृश्चिक **चन्द्र राशि :** मकर **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** पंचमी, 21:31 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1943 प्लव **विक्रम सम्वत :** 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु :** हेमन्त **वैदिक ऋतु :** हेमन्त **द्रिक अयन :** दक्षिणायण **वैदिक अयन :** दक्षिणायण।

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** श्रावण, 22:37 तक
**योग :** ध्रुव, 13:08 तक
**प्रथम करण :** बावा, 10:31 तक
**द्वितिय करण :** बालवा, 21:31 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:13 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:40 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 01:57 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:14 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:24 पी एम से |
| अमृत काल | 12:56 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:46 पी एम से |
| रवि योग | 10:40 पी एम से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण में
होमाहुतिः बुध

## चौघड़िया

### दिन का चौघड़िया

| | |
|---|---|
| लाभ | : 07:11 - 08:27 |
| अमृत | : 08:27 - 09:42 |
| काल काल वेला | : 09:42 - 10:58 |
| शुभ | : 10:58 - 12:14 |
| रोग वार वेला | : 12:14 - 01:29 |
| उद्वेग | : 01:29 - 02:45 |
| चार | : 02:45 - 04:01 |
| लाभ | : 04:01 - 05:16 |

### रात का चौघड़िया

उद्वेग : 05:16 - 07:01
शुभ : 07:01 - 08:45
अमृत : 08:45 - 10:30
चार : 10:30 - 12:14
रोग : 12:14 - 01:59
काल : 01:59 - 03:43
लाभ : 03:43 - 05:27
उद्वेग : 05:27 - 07:12

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज पंचमी

### आज कौन सा कार्य करें

पंचमी समस्त शुभ कार्यों के लिए उत्तम है परंतु इस दिन ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैत्रृत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

मार्गशीर्ष, शुक्ल, पंचमी, 2078 बुधवार, 8 दिसम्बर - 14 दिसम्बर, 2021

### मेष
चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। निवेश शुभ रहेगा। लंबी यात्रा का मन बनेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

### वृषभ
ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो

किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। शत्रु पस्त होंगे। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

### मिथुन
क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह

अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। दूसरों के काम में दखल न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। काम में मन नहीं लगेगा।

### कर्क
हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन-पाठन व लेखन आदि में मन लगेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। राजभय है।

### सिंह
मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे

लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। प्रभावशालीव व्यक्तियों से परिचय बढ़ेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा।

### कन्या
टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

किसी झगड़े में न पड़ें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कुसंगति से हानि होगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

### तुला
रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

बनते काम बिगड़ सकते हैं, धैर्य रखें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। किसी के उकसावे में न आएं। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

### वृश्चिक
तो,ना,नी, नू,या,यी,यू

आत्मविश्वास बना रहेगा। नौकरी व व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

### धनु
ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे

यात्रा की योजना बनेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है।

### मकर
भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,

व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध करने का अवसर दूसरों को न दें।

### कुंभ
गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा

नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। व्यस्तता के चलते थकान महसूस होगी। विवेक से कार्य करें। लाभार्जन सहज होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

### मीन
दी, दू, थे, झ, ज, दे, दो, चा, चि

नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से बचें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

# अब 45 की उम्र में कटरीना बन सकेंगी हिंदुस्तानी, शादी आज

## नागरिकता लेने पर ही भारत में अपने नाम से खरीद पाएंगी प्रॉपर्टी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ और एक्टर विक्की कौशल 9 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। यह शादी राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस फोर्ट बरवाड़ा में होगी। हालांकि, इस शादी के बाद भी कटरीना भारतीय नागरिक नहीं बन पाएंगी। 17 साल से भारत में रह रहीं कटरीना के पास ब्रिटिश नागरिकता और पासपोर्ट है। वह वर्किंग वीजा पर काम कर रही हैं।

### नमस्ते लंदन में निभा चुकी हैं ऐसा किरदार, जो बनती है भारतीय बहू

कटरीना इस वक्त 38 साल की हैं। अगर वह अभी अप्लाई करती हैं और 7 साल भारत में रहती हैं, तभी भारत की नागरिक बन पाएंगी। यानी वह तब तक 45 साल की हो चुकी होंगी। फिल्म नमस्ते लंदन में कटरीना ने विदेशी लड़की का किरदार निभाया था, जो भारतीय युवक यानी अक्षय कुमार से शादी करती हैं। आइए, कानूनी एक्सपर्ट से जानते हैं कि कटरीना कैफ समेत बाहर के लोगों को भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए किन कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा।

### भारतीय से शादी करने के बाद कम से कम 7 साल तक भारत में रहना अनिवार्य शर्त

सुप्रीम कोर्ट में वकील अनिल के. सिंह श्रीनेत कहते हैं कि कटरीना वीजा लेकर रह रही हैं। कटरीना भले ही 17 साल से भारत में रह रहीं हैं, मगर उन्हें भारतीय नागरिकता लेने के लिए फोर्स नहीं किया जा सकता है। यह उनकी इच्छा पर निर्भर करेगा। भारत में रहकर काम करने के लिए वह अपना वर्किंग वीजा रिन्यू कराती रह सकती हैं। भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के नियमों के मुताबिक, उन्हें यहां की नागरिकता लेने के लिए किसी भारतीय से शादी करने के बाद कम से कम 7 साल तक भारत में रहना अनिवार्य होगा।

### किसी सरकारी स्कीम का फायदा भी नहीं उठा सकतीं

अनिल सिंह श्रीनेत कहते हैं कि कटरीना जब तक भारत की नागरिक नहीं बनेंगी, तब तक वह भारत में कोई प्रॉपर्टी भी नहीं ले सकेंगी। वह आम सेविंग अकाउंट भी नहीं खुलवा सकेंगी। हालांकि, वह एनआरआई के लिए बने खाते का इस्तेमाल करती होंगी, जिसमें सरकार ने ज्यादा सुविधाएं दे रखी हैं। साथ ही वह किसी सरकारी स्कीम का फायदा भी नहीं उठा सकती हैं।

## भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत नागरिकता लेने के ये हैं प्रावधान

### जन्म के आधार पर मिलती है नागरिकता

26 जनवरी, 1950 के बाद, मगर 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में जन्मा कोई भी व्यक्ति भारत का नागरिक हो सकता है। चाहे उसके माता-पिता की राष्ट्रीयता कुछ भी हो। वहीं,1 जुलाई, 1987 के बाद, मगर 3 दिसंबर, 2004 से पहले भारत में जन्मा कोई व्यक्ति भारत की नागरिकता हासिल कर सकता है। बशर्ते जन्म के वक्त माता-पिता भारत के नागरिक रहे हों। इसके अलावा, 3 दिसंबर, 2004 या उसके बाद भारत में जन्मा कोई व्यक्ति भारत का नागरिक हो सकता है, बशर्ते उसके माता-पिता भारत के नागरिक हों, या उनमें से एक भारत का नागरिक हो और दूसरा गैरकानूनी प्रवासी न हो।

### वंश या रक्त संबंध के आधार पर नागरिकता

**वंशानुक्रम** या रक्त संबंध के आधार पर भी नागरिकता मिलती है। शर्त ये है कि कोई व्यक्ति भारत के बाहर जन्मा हो तो उसके जन्म के समय उसके माता या पिता में से कोई एक भारत का नागरिक हो। दूसरा, विदेश में जन्मे बच्चे का पंजीकरण भारतीय दूतावास में एक वर्ष के भीतर कराना अनिवार्य है।

### रजिस्ट्रेशन के आधार पर नागरिकता ऐसे

रजिस्ट्रेशन के आधार पर भी नागरिकता मिलती है। भारतीय मूल के व्यक्ति को नागरिकता के लिए आवेदन देने से पहले भारत में कम से कम 7 साल रहना होगा। नागरिकता चाहने वाले की शादी किसी भारतीय नागरिक से हुई हो और वह नागरिकता के आवेदन करने के बाद कम से कम सात साल तक भारत में रहा हो। इसके अलावा, ऐसे नाबालिग बच्चे जिनके माता या पिता भारतीय हों, उन्हें भी नागरिकता मिल सकेगी। कॉमनवेल्थ के सदस्य देशों के नागरिक जो भारत में रहते हों या भारत सरकार की नौकरी कर रहें हों, आवेदन पत्र देकर भारत की नागरिकता हासिल कर सकते हैं।

## किसी नए क्षेत्र को भारत में शामिल करने पर मिलती है नागरिकता

» किसी नए क्षेत्र को भारत में शामिल किया जाता है, तो वहां के लोगो को भारतीय नागरिकता प्राप्त हो जाएगी। जैसे कि 1962 में पुडुचेरी को भारत में शामिल किए जाने पर वहां की जनता को खुद ही भारत की नागरिकता प्राप्त हासिल हो गई।

### स्वाभाविक रूप से ऐसे मिलती है नागरिकता

**कोई** व्यक्ति भारत में रह रहा हो या भारत सरकार की सेवा में हो या नागरिकता आवेदन करने से पहले कम से कम एक साल से भारत में रह रहा हो।कोई व्यक्ति किसी ऐसे देश से हो जहां के नागरिक स्वाभाविक रूप से भारत के नागरिक नहीं बन सकते हैं। उसका चाल-चलन अच्छा होना चाहिए और संविधान की 8वीं अनुसूची में दर्ज भाषाओं का अच्छा जानकार हो।

### 11 साल तक भारत में रहने पर भी नागरिकता

बाहर का एक व्यक्ति भारत में नागरिकता हासिल कर सकता है। बशर्ते वह बीते 14 साल में 11 साल लगातार भारत में रहा है। साथ ही वह आवेदन करने से पहले एक साल तक भारत में लगातार रहा है।

### नागरिकता की ऐसे हो सकती समाप्ति

नागरिकता अधिनियम, 1955 में नागरिकता खत्म होने की 3 वजह बताई गई है। इसमें स्वैच्छिक रूप से नागरिकता छोड़ना, बर्खास्तगी और वंचित करना।

---

**नाहटा अस्पताल:** समय पर नहीं आते डाक्टर, मरीज परेशान

# पीएमओ मेहरबान-चैम्बर खाली, डाक्टर नदारद

### शिकायत के बाद भी पीएमओ नहीं आ रहे एक्शन में, आखिर पीएमओ डॉक्टरों पर क्यों है मेहरबान

### अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी व पीएमओ ने पत्रकार के साथ कि नोंक-झोंक

सूने पड़े चैम्बर, इंतजार करते मरीज

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बालोतरा @ मयंक अवस्थी।** राजकीय नाहटा चिकित्सालय में अनियमितताओं से मरीज और उनके परिजन बेहद परेशान हैं। वही दूसरी ओर राज्य सरकार स्वास्थ्य संबंधित कार्य को बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं पर बाडमेर जिले का दूसरा सबसे बड़े अस्पताल राजकीय नाहटा अस्पताल के पीएमओ की उदासीनता से लोग परेशान हो रहे हैं। अस्पताल में डॉक्टरों का चेम्बर में आने का कोई समय सुनिश्चित नहीं है। जागरूक जनता की टीम ने इस मामले को लेकर विशेष रिपोर्ट कवरेज करने गई तो दिन के 11 बजे तक एक भी डॉक्टर अपने चेम्बर मे नहीं थे। वही मरीज लम्बी कतारों में डॉक्टरों के चेम्बर के बाहर इतंजार करते गये। यदि दूसरी और देखा जाए अभी तक कोरोना महामारी खत्म भी नहीं हुई है और डॉक्टर लापरवाही बरतना प्रारंभ कर दिया है। यदि इसी तरह लापरवाही बरती तो बालोतरा उपखंड में बड़ा विस्फोट हो सकता है। जब डॉक्टर के बारे में पीएमओ को पूछा गया तो पीएमओ ने संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे सके। आखिरकार पीएमओ डॉक्टरों पर क्यों मेहरबान है। वहीं सरकारी डॉक्टरों के चेम्बर के डॉक्टरों के निजी कर्मचारी लगा दिए गए हैं। क्या यह मरीजों को अपने निजी क्लिनिक या रेजिडेंस की मोड़ने का कोई नया तरीका है। अगर ऐसा है तो ग़लत है। वही यदि कर्मचारी को सवाल पूछा जाए कि डॉक्टर कितने बजे आएंगे तो उन कर्मचारियों का स्पष्ट शब्दों में एक ही उत्तर होगा कि तीन बजे डॉक्टर साहब अपने घर पर या अपने क्लीनिक पर देखेंगे। पर कर्मचारी कभी भी यह.नहीं बताएगा कि डॉक्टर इतने बजे अपने अस्पताल के चेम्बर आएंगे। अस्पताल के एके दूके डॉक्टर केवल अपनी दुकान जमाने के लिए अपने निजी कर्मचारियों को अपने चेम्बर के आगे खडा रखते हैं। और कर्मचारियों द्वारा हठधर्मिता का व्यवहार मरीजों के साथ किया जाता है।

### पत्रकार के साथ पीएमओ व अस्पताल के चौकी प्रभारी द्वारा नोंक-झोंक

जागरूक जनता के संवाददाता द्वारा डॉक्टरों के चेम्बर का फोटो खिच रहे थे तब अस्पताल के चौकी प्रभारी द्वारा संवाददाता को फोटो खिचने से रोका गया।और चौकी प्रभारी द्वारा कहा गया कि आपको फोटो खिचने के लिए पीएमओ से अनुमति लेनी पडेगी। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ नाहटा अस्पताल के पीएमओ व अस्पताल के चौकी प्रभारी नोंक-झोंक की गई।

### समय पर चेंबर में मिले डॉक्टर, तो मरीजों को मिलेगी सुविधा

अमूमन चेंबर में डॉक्टरों की गैरमौजूदगी की शिकायतें मिलती रहती है। अगर इसी प्रकार से शिकायतें मिलती रहेगी तो मरीजों को राजकीय अस्पताल होने का कोई फायदा मिलेगा। पीएमओ को समय निर्धारित करके डॉक्टरों को तय समय तक अपने अपने चेंबर में मौजूद रहना चाहिए ताकि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को कोई गोता नहीं पड़े और समय पर बेहतरीन शिक्षा व्यवस्था मिल सके।

---

# पत्रकारों का रियायती दरों पर हो भूखण्ड आवंटन

### जार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान में पत्रकारों को भूखण्ड आवंटन का मुद्दा उठाया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत जिला व उपखण्ड मुख्यालय स्तर पर पत्रकारों को भूखण्ड आवंटन देने की मांग की है। इस संबंध में जार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा व प्रदेश महासचिव संजय कुमार सैनी ने पत्र में बताया कि प्रदेश में सरकार ने सालों से काबिज लोगों को मकान का पट्टा देने समेत अन्य जनउपयोगी कार्यों के लिए प्रशासन शहरों के संग अभियान चल रखा है। उक्त अभियान में पत्रकारों के लिए रियायती दरों पर भूखण्ड आवंटन व पत्रकार आवासीय योजना को भी शामिल करके जिला व उपखण्ड स्तर के पत्रकारों को लाभांवित किया जा सकता है। करीब डेढ़ दशक से जयपुर समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में पत्रकारों की आवासीय योजना मूर्तरुप नहीं ले पाई है। इस वजह से हर जिले में पत्रकार भूखण्ड आवंटन से वंचित है। सरकार द्वारा लाखों लोगों को पट्टे देकर आवास का सपना पूरा किया जा रहा है। इस अभियान में ही जिलों, उपखण्ड व तहसील स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के लिए भी भूखण्ड आवंटन की मंजूरी दी जाए। इससे प्रदेश के सैकड़ों पत्रकार लाभांवित हो सकेंगे।

---

# जागरूक खबरें

## महेश कुमार अग्रवाल 'यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के सबसे बड़े टफन ग्लास निर्माता अग्रवाल टफन ग्लास के डायरेक्ट महेश कुमार अग्रवाल को फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) ने 'यूथ आइकॉन अवार्ड- 2021 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे, सांसद रामचरण बोहरा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया और विधायक रफीक खान ने प्रदान किया। इस मौके पर महेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनका लेमिनेटेड सेफ्टी ग्लास का नार्थ इंडिया का सबसे बडा प्लांट है और वह 3 मीटर गुणा 6 मीटर के ग्लास का उत्पादन कर रहे हैं। एवं जहां तक प्लांट में उत्पादन की बात है तो वह सेफ्टी ग्लास जैसे पीवीबी लेमिनेटेड, सेंट्री प्लस लेमिनेटेड, कलर लेमिनेटेड, ट्रिपल लेमिनेटेड, क्रैकल ग्लास, टफण्ड और डीजीयू तैयार कर रहे हैं।

## जांगिड़ जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ओबीसी मोर्चा दौसा नियुक्त

**दौसा/जयपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा राजस्थान की दौसा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान ओमप्रकाश भड़ाना, दौसा जिला अध्यक्ष भाजपा डा. रतन तिवारी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष पूरण मल सैनी ने भाजपा ओबीसी मोर्चा दौसा की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमे अरविन्द जांगिड़ ठिकरिया (सिकराय) को ओबीसी मोर्चा दौसा का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। जांगिड पूर्व में भी भाजपा संकल्प से सिद्धि न्यू इंडिया महाभियान के जयपुर संभाग के मीडिया प्रभारी के पद पर कार्य कर रहे है और अखिल भारतीय जांगिड ब्रह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश प्रभारी आईटी के पद पर भी अपनी सेवाएं दे रहे है । जांगिड की नियुक्ति पर जांगिड़ समाज के साथ साथ ओबीसी वर्ग और मित्रजनों ने खुशी जाहिर की और उन्हें शुभकामना प्रेषित की है।

## ब्लागर्स मीट में रूबरू हुई पूर्वा और रूमा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** अग्रणी त्वचा और बाल क्लिनिक ब्रांड अमारा डॉ पूर्वा और जयपुर के लाइफस्टाइल ब्लॉगर हर्षिका पारीक ने बीते दिनों ब्लॉगर्स मीट की है। जहां उन्होंने त्वचा, बालों और दंत संबंधी समस्याओं के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। वहीं, रूमा शर्मा ने मीट में भविष्य की परियोजनाओं के बारे में घोषणा की। डॉ पुरवा और रूमा दोनों ने उल्लेख किया कि वे पहली बार व्यक्तिगत रूप से मिले थे लेकिन उनका रिश्ता बहुत लंबे समय से है। भाईचारा तब दिखाई दे रहा था जब उन्होंने ऑडियंस के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बात की और बात की। साथ ही अमारा ने त्वचा और बालों से संबंधित उपचार और उपचार के लिए मुंबई की लोकप्रिय मॉडल और अभिनेत्री रूमा शर्मा के साथ सहयोग किया।

---

# 'मन की टकसाल' का लोकार्पण

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, कवि, कथाकार और अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ बजरंग सोनी के प्रथम काव्य संग्रह 'मन की टकसाल' का लोकार्पण समारोह चित्रकूट वैशाली नगर के चाणक्य रेस्टोरेंट में समस्त परिवार एवं मित्र संबंधियों की उपस्थिति में गरिमामई समारोह में संपन्न हुआ। शहर के साहित्य अनुरागी और सम्मानीय अतिथियों के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवयित्री नूतन गुप्ता और कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार एवं मीडिया विशेषज्ञ प्रबोध गोविल थे। इस अवसर पर डॉ बजरंग सोनी ने अपने मार्गदर्शक एवं गुरु अजमेर से विशेष रुप से पधारे सलीम शेरवानी का स्वागत किया और आभार माना। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रबोध ने डॉ बजरंग सोनी के बहुआयामी व्यक्तित्व प्रकाश डाला और सराहा। अपने उद्बोधन में नंद भारद्वाज ने कहा कि स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के नाते बजरंग के पास स्त्री संवेदना और भावनाओं की अनेक कहानियां है और इसका प्रभाव इनकी कविताओं में स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।

नूतन ने काव्य संग्रह में विषय की विविधता के लिए कवि को विशेष साधुवाद दिया। मीडिया प्रभारी शिवानी शर्मा ने बताया कि समारोह में पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश महावीर शर्मा, पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश ताराचंद सोनी, जिला न्यायाधीश (पोक्सो) जयपुर तारा अग्रवाल भी उपस्थिति थे। इसके अलावा डॉ ज्योत्स्ना सिंह, डॉक्टर नरेंद्र गुप्ता, डॉ दिनेश शर्मा डॉक्टर निर्मल जैन ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपने साथी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बजरंग सोनी को उनके इस काव्य संग्रह के लिए शुभकामनाएं दी। साहित्य जगत की अनेक प्रतिभाएं इस अवसर पर मौजूद रहीं. वीना चौहान, आशा शर्मा, विनीता किरण, मीनाक्षी माथुर, अर्चना जैन, रत्ना शर्मा, नीलम सपना शर्मा, रेशमा खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन शिवानी ने किया। सरस्वती वंदना सुनीता बिश्नोलिया ने प्रस्तुत की और अंत में अतिथिगण को गुड़हल का औषधीय पौधा स्मृति चिन्ह स्वरूप प्रदान कर, एडवोकेट दिशा सोनी ने विधिवत धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जैसलमेर
'स्वास्थ्य भवन' डेडानसर रोड, जैसलमेर

फोन नं. 0299 2251792 Email: cmho-jari-rj@nic.in
क्रमांक : लेखा/निविदा/2021-22/19918 दिनांक : 03/12/2021

निविदा सूचना संख्या ............ /2021-22

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी, जैसलमेर के अधीनस्थ चिकित्सा संस्थानों के लिए के लिए आंकाक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सामग्री क्रय किये जाने हेतु वर्ष 2021-22 के लिए अनुभवी इच्छुक एवं पंजीकृत सेवा प्रदाताओं / ठेकेदारों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।
उक्त कार्य हेतु निविदा संबंधी समस्त विवरण, सम्बन्धित नियम व शर्तें, निविदा प्रारूप, निविदा प्रस्तुत करने एवं खोलने की तिथि आदि पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी / पढ़ी/ डाउनलोड की जा सकती है।
यूबीएन नं0
(1) MHS 2122 GSOBO 3123
(2) MHS 2122 GSOBO 3124
(3) MHS 2122 GSOBO 3122

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जैसलमेर

## जागरूक खबरें

### र्वि दिव्यांगता दिवस पर नारायण सेवा के दिव्य संकल्प

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** दिव्यांगता के क्षेत्र में 4 दशक से कटिबद्ध नारायण सेवा संस्थान ने विश्व दिव्यांगता दिवस पर आगामी 5 वर्ष का विजन डॉक्युमेन्ट पेश करते हुए दिव्यांगों के सेवार्थ अनेक सेवा प्रकल्प चलाने का निर्णय लिया है। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा 3 दिसम्बर 2022 से उदयपुर में दुर्घटना ग्रस्त दिव्यांगों के लिए सेंट्रल फेब्रिकेशन यूनिट स्थापित कर दी जाएगी। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों दिव्यांगताग्रस्त व अंगविहीन जनों को अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ पैर मिलने लगेंगे। हमें विश्वास है कि भारत भर के 50 हजार दिव्यांगों को प्रतिवर्ष मदद पहुंचा पाएंगे। उन्होंने संस्थान के वर्तमान सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा आज उदयपुर और जयपुर में कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 50 जन को ट्राईसाइकल, व्हीलचेयर व सहायक उपकरण बांटे गए तथा 40 को कृत्रिम अंग लगाए गए। इसके अलावा संस्थान की सूरत, हैदराबाद, लखनऊ, मथुरा, बड़ौदा, अहमदाबाद, मुंबई, लुधियाना, दिल्ली, नागपुर, सहित 22 शाखाओं में कार्यर्‍ म आयोजित हुए और वहां के जिला प्रशासनिक अधिकारियों से भेंटकर दिव्यांगता के क्षेत्र में विशेष कार्य करने की पहल की। दिव्यांगों की सेवाओं में सोशल कॉरपोरेट रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत ए.आर.टी. हाउसिंग फाइनेंस एवं राइसो इंडिया लिमिटेड ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### आबकारी आयुक्त से मिली पूनम अंकुर छाबड़ा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में शराबबंदी को लेकर नई क्रांति का सूत्रपात करने वाली एवं जस्टिस फॉर छाबड़ा ने सचिवालय में आबकारी आयुक्त जोगाराम से मुलाकात की और उनको नई आबकारी नीति को लेकर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर ईपीएस हैड प्रद्युमन सिंह तथा जयपुर के जिला आबकारी अधिकारी भी उपस्थित थे। पूनम छाबड़ा ने नीतियों से समाज पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव के संबंध में बताया। 25 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शराब बीयर आदि की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस संबंध में एक आवश्यक कानून बनाए की मांग की। इस पर आयुक्त ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### सीताराम अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर किया रक्तदान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नेता व रीको निदेशक (स्वतंत्र प्रभार) सीताराम अग्रवाल के जन्म दिन पर राजस्थान प्लास्टिक स्क्रेप डीलर एसोसिएशन की टीम ने शुभकामनाएं दीं। एसोसिएशन के अध्यक्ष छबलदास नवलानी ने बताया कि सीताराम अग्रवाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने रक्तदान भी किया। इस अवसर पर उनके साथ सलीम खान, मुन्ना भाई, लक्ष्मणदास लालवानी, जोगीराम गोयल, पवन शर्मा एवं मजीद भाई उपस्थित रहे।

### थैलीसीमिया से प्रभावित बच्चों के हितार्थ रक्तदान शिविर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एंकर प्रीति सक्सेना के जन्म दिन पर थैलीसीमिया से प्रभावित बच्चों के हितार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। स्वयं प्रीति सक्सेना ने 24वीं बार रक्तदान किया। प्रीति ने बताया कि इन बच्चों के शरीर में नियमित रक्त नहीं बनने के कारण इन्हें हर 15 से 20 दिन में रक्त की आवश्यकता होती है। इसलिए वह लोगों को जागरूक कर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती रहती हैं। इस अवसर पर पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल समाज सेवी शरद खंडेलवाल, समाज सेवी पवन गोयल, सहित बड़ी संख्या में शिविर में उपस्थिति दर्ज कराई और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को उपहार भी भेंट किए गए।

---

राष्ट्रीय सेमीनार में 300 से ज्यादा मनोचिकित्सकों ने भाग लिया

# मीडियाकर्मियों में बढ़ते तनाव पर 300 से ज्यादा मनोचिकित्सकों ने किया मंथन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गौतम हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर, इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी, मीडिया एवं मेंटल हेल्थ सब कमिटिऔर यंग साइकिएट्रिस्ट सब कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। सेमिनार के संयोजक डॉ. मनस्वी गौतम एवं डॉ. अनीता गौतम ने बताया कि इस सेमिनार में पूरे भारतवर्ष से 300 से अधिक मनोचिकित्सक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन उपस्थित रहे। सोशल मीडिया को स्वयं के विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में किस प्रकार काम लिया जाए इस पर इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गौतम साह, उपाध्यक्ष डॉ. एन.एन. राजू एवं वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉक्टर हरीश शेट्टी ने परिचर्चा की एवं डॉ. अविनाश डिसूजा और डा. कन्हैया कच्छावा ने उद्बोधन दिया। मीडियाकर्मियों में बढ़ते तनाव को देखते हुए मीडिया कर्मियों के लिए एक कार्यशाला रखी गई जिसमें डॉ. शिव गौतम ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. सविता मल्होत्रा एवं डॉ. मनीषा गौड़ ने स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी (एसएलडी) पर परिचर्चा की। कार्यक्रम का संचालन सानवी गौतम ने किया।

**महिलाओं के स्वास्थ्य पर सेमिनार:** इसी प्रकार गौतम हॉस्पिटल और रिसर्च सेन्टर, इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी, वूमेन मेंटल हेल्थ सेक्शन और पेरीनीटल स्पेशियल्टी सेक्सन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं को लेकर एक राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनस्वी गौतम और डॉ. अनिता गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सकों ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी डॉ. गौतम साह ने की। वुमन मेंटल हैल्थ सेक्सन की अध्यक्ष डॉ. शर्मिष्ठा, रेरिनेटल साइकाइट्री टास्क फोर्स की अध्यक्ष डॉ. सोनिया ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर शोध करने पर जोर दिया। सेमीनार में कई वरिष्ठ महिला चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## कोविड-19 की खबरों के प्रसारण में मीडिया को खबरें बढ़ा-चढ़ाकर नहीं दिखानी चाहिए - डॉ. टीएस सत्यनारायण राव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पिछले दो सालों से पूरी दुनियां कोरोना महामारी से जूझ रही है। अभी तक नए-नए वेरियंट आ रहे हैं जिनसे दुनिया में भय व्याप्त हो रहा है। ऐसे में मीडिया को चाहिए कि वह खबरों का इस प्रकार से प्रसारण नहीं करे जिससे आम आदमी कोरोना के भय से डिप्रेशन में ही चला जाए और आत्महत्या तक करने उतारू हो जाए। यह कहना है कंसल्टेंट फिजिमपेट्रिस्ट एंड सेक्सुअल मेडिसिन स्पेशलिस्ट, एडीटर जर्नल ऑफ फजिमपेट्रिस्ट हेल्थ (एसएजीई) डॉ. टी.एस. सत्यनारायण राव का। मंड्या, मैसूर (कर्नाटक) निवासी डॉ. राव गौतम हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर द्वारा इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी, मीडिया एण्ड मेंटल हेल्थ सब कमेटी और यंग साइकेट्रिसट सब कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमीनार में भाग लेने जयपुर आए थे। डॉ. राव का कहना है कि मीडियाकर्मी को भी इन परिस्थितियों में तनाव से गुजरना पड़ता है। मीडिया द्वारा सनसनीखेज समाचारों के प्रसारण के कारण कई लोग डिप्रेशन में चले जाते हैं और कुछ भी अनहोनी के कदम उठा लेते हैं। पिछले दिनों गंगा में बहती हुई लाशें दिखाना और श्मशान में बहुत सारी लाशों को जलते दिखाना जैसे सनसनीखेज समाचारों को आम आदमी में भय व्याप्त हो जाता है। डॉ. राव ने कहा कि जो लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं वे ठीक होने के बाद भी डरे हुए हैं। ओमीक्रॉन वायरस के बारे में कहा कि अभी इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। डरने की जरूरत नहीं है। कोविड नियमों का पालन करना चाहिए जैसे मास्क लगाना, भीड़ से दूर रहना, टीका लगवाना और सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना। क्योंकि इस बीमारी का बचाव ही इलाज है।

भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंद-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

## अभिनन्दन से गुरु, छात्र हुए प्रफुल्लित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारत विकास परिषद मुरलीपुरा शाखा ने गुरुवंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत एक निजी शिक्षण संस्था रोज पब्लिक सी.सै. स्कूल एवं एक सरकारी संस्था राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय के अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं का वंदन-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर रोज पब्लिक स्कूल के एमडी छगनलाल चौधरी एवं बलवीर सिंह ने सभी आगंतुक परिषद के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ की गई। परिषद के प्रांत मीडिया प्रकल्प प्रमुख नगेन्द्र वशिष्ठ ने गुरुवंदन छात्र अभिनंदन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को इसका महत्व बताया। इस अवसर पर छात्रों ने गुरु (अध्यापक) का वंदन किया उसके बाद गुरु (अध्यापक) ने छात्र-छात्राओं को अभिनंदन किया। इस अवसर पर दुपट्टा, कापी, पैन, भेंट कर मुंह मीठा करवाया गया। कार्यक्रम में शाखा के प्रकल्प प्रमुख शिवदयाल मिश्रा, अध्यक्ष बीना पारीक, कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह साहनी, बजरंग लाल शर्मा, सुरेश खंडेलवाल ने चयनित गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर गुरु सम्मान प्राप्त करने वाले प्रियंका महला वरिष्ठ अध्यापक, विनोद कुमार सैन, डॉ. आशीष माथुर एवं छात्रों में प्रियंका मीना, आकांक्षा जांगीड़ एवं अमन बबानी शामिल हैं। इस अवसर पर नीतू वर्मा प्रिंसीपल इंगलिश मीडियम एवं हिम्मत सिंह प्रिंसिपल हिन्दी मीडियम भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसी प्रकार राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में अध्यापिका कल्पना शर्मा एवं ममता कुमारी चौहान और छात्रों में सूचित साहू, परी शर्मा एवं सिद्धार्थ को गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन में सम्मानित किया गया।

### डाक्टर आर्ट प्रदर्शनी 13 तक

**मुंबई @ जागरूक जनता।** स्थानीय वर्ली स्थित नेहरु सेन्टर आर्ट गैलरी में डाक्टर आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन कुन्दन फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी 7 से 13 दिसम्बर तक सुबह 11 बजे से शाम को 7 बजे तक आम नागरिक देख सकेगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन कुन्दन फाउंडेशन के संस्थापक कुन्दनमल जैन भीनमाल के द्वारा किया जायेगा। जिसमें देश के प्रमुख डाक्टर द्वारा अपनी विशेष प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया जा सकेगा। इस समारोह में खुश ग्रुप ऑफ कम्पनी, दीपकला फाउंडेशन और स्वराज मिडिया सहभागी है। डाक्टर आर्ट प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डाक्टर अवनीश रजन, डाक्टर जतीन शाह और डाक्टर शेखर भोजराज रहेगे।

---

## राज्यपाल ने लघु फिल्म 'बी फोर डोल' का विमोचन किया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने अजमेर की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. मनीषा गौड़ द्वारा निर्मित एवं निर्देशित डिस्लेक्सिया पर बनी लघु फिल्म 'बी फोर डोल' का विमोचन किया। राजभवन में प्रथम बार प्रदर्शित इस फिल्म का अवलोकन कर राज्यपाल ने कहा कि पढ़ने लिखने की अक्षमता से ग्रस्त बच्चों की इस परेशानी एवं इसके समाधान के विषय में एक आम जन जागृति विशेषकर अभिभावकों में पैदा करने के लिए यह फिल्म मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. शिव गौतम अजमेर से डॉक्टर नवेन्दु गौड़, जयपुर से गौतम हॉस्पिटल के सीईओ राज्यश्री गौतम, डॉ. मनस्वी गौतम, डॉ. अनिता गौतम, डॉ. मेधावी दीक्षित, डॉ. महिमा शर्मा एवं डा. मनुश्री शर्मा ने भाग लिया। गौतम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनस्वी गौतम ने राज्यपाल, आगंतुकों का आभार जताया।

### दिव्यांगों को हमसफर ढूंढ़ना अब हुआ आसान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** दिव्यांगों के लिए जीवन साथी ढूंढ़ना बड़ा दुश्कर कार्य है। इसके लिए जयपुर में पहला वैवाहिक मंच का सृजन किया गया है। जयपुर के ही रहने वाले नरेन्द्र लखी, हरगुन नेभनानी और महेश रिझवानी ने दिव्यांगों को जीवन साथी ढूंढ़ने के लिए देश का पहला दिव्यांग हमसफर डॉट कॉम नाम से प्लेटफार्म बनाया है। यह दिव्यांगों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। इसमें दिव्यांगता का सर्टीफिकेट और आधार कॉर्ड से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार गत 24 अक्टूबर को इस मंच की शुरुआत की गई थी। तब से अब तक लगभग 900 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। वेब पोर्टल के साथ-साथ एंड्रायड एप पर भी यह हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। मंच के फाउण्डर महेश रिझवानी ने बताया कि जिनके पास दिव्यांगता सर्टीफिकेट नहीं है वे वेब पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

शादी-समारोह में बना पहली पसंद

# 200 करोड़ के सालाना कारोबार का पंचकूटा

### 5 तरह की सब्जियों से होता है तैयार



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश के बड़े उद्योगपतियों की डाइनिंग टेबल या फिर किसी वीआईपी शादी का खाना, मारवाड़ के पंचकूटे की सब्जी के बिना अधूरा ही होता है। बाड़मेर, जैसलमेर के साथ सरहदी जिलों में उगने वाली पांच तरह की प्राकृतिक वनस्पतियों को मिक्स कर बनाई जाने वाली पंचकूटा देश की सबसे महंगी सब्जियों में से एक है। इसके दाम काजू और बादाम से भी ज्यादा हैं। राजस्थानी जायका की इस कड़ी में आपको ले चलते हैं रेतीले धोरों से दुनिया तक पहुंचने वाले पंचकूटा के स्वाद के सफर पर।

### देश में सिर्फ मारवाड़ में ही बनता है पंचकूटा

पंचकूटा को लेकर कहावत पूरे मारवाड़ में प्रसिद्ध है 'कैर, कुमटिया सांगरी, काचर बोर मतीर, तीनूं लोकां नह मिलै, तरसै देव अखीर।' इसका मतलब है कि पंचकूटा का ये व्यंजन राजस्थान के अलावा तीनों लोकों में नहीं मिलते और देवता भी इसके स्वाद के लिये तरसते हैं। देश में सिर्फ मारवाड़ के मरुस्थलीय क्षेत्र में ही केर-सांगरी, कुमटी और बबूल फली, कमलगट्टा और गूंदा उगते हैं। लोग इसे ईश्वर का वरदान मानते हैं क्योंकि यह मरुस्थलीय वनस्पति अपने आप उगती है। यह खासतौर पर नागौर, बाड़मेर, पाली, जोधपुर और बीकानेर बेल्ट में ही उगती है।

### शुरू से रही है मारवाड़ की देसी सब्जी

पंचकूटा की सब्जी शुरू से ही मारवाड़ के लोग खाते आ रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे इसके टेस्ट ने लोगों को आकर्षित किया। अब घरों से यह सब्जी लोकल बाजार तक पहुंची। यहां के अप्रवासी राजस्थानियों ने इसे दुनियाभर में पहचान दिलाई। राजस्थानी जहां भी गए पंचकूटा का स्वाद अपने साथ लेकर गए। यहां से तैयार पंचकूटा बाहर जाने लगा, इसके बाद यह जायका देश के कोने-कोने तक पहुंचने लगा।

### ऐसे तैयार होता है पंचकूटा

नागौर के होलसेल व्यापारी कमल ने बताया कि इसे तैयार करने के लिए कोई अलग से रेसिपी नहीं है। ये पांच तरह की वनस्पति है, जो अलग-अलग पेड़ पौधों से प्राप्त होती है। केर-सांगरी, कुमटी, बबूल फली, गूंदा या कमलगट्टा और साबुत लाल मिर्च हो तो इसे कोई भी मारवाड़ी बड़े आराम से बना सकता है। ये सभी चीजें मार्केट में अलग-अलग मिलती हैं। इन्हें बराबर क्वांटिटी में मिक्स कर दिया जाता है। पंचकूटा में गूंदा या कमलगट्टा में से कोई एक चीज मिलाई जाती है। इसकी सब्जी बनाने के लिए इसे बनाने के लिए सभी आइटम्स को रात में पानी में भिगोकर रखा जाता है। सुबह पानी को बाहर निकाल कर थोड़ी देर रखा जाता है। इसके बाद तेल में छौंककर सूखा दिया जाता है। इस तरह से सूखा पंचकूटा तैयार होता है। जो एक-दो महीने तक खराब नहीं होता। शादियों में हलवाई अपने जायके अनुसार सब्जी तैयार करते हैं। मारवाड़ में पंचकूटा का अचार भी बनाया जाता है।

### नागौर में करीब 30 होलसेल व्यापारी

अकेले नागौर में करीब 30 बड़े होलसेल व्यापारी पंचकूटा का कारोबार कर रहे हैं। वहीं पूरे मारवाड़ की बात करे तो सैंकड़ों छोटे-बड़े व्यापरी इस काम में जुटे हैं। घरों में महिलाएं भी बड़े पैमाने पर इसे तैयार करती हैं। पूरे मारवाड़ से इसका कुल सालाना कारोबार 200 करोड़ रुपए से भी ज्यादा बताया जाता है।

### 800 रुपए से लेकर 1300 रुपए किलो तक भाव

पंचकूटे की क्वालिटी और फ्लेवर के साथ-साथ केर की साइज के हिसाब से इसके भाव अलग-अलग होते हैं। ये लोकल मार्केट में 800 रुपए लेकर 1300 रुपए किलो तक बिकता है। वहीं ग्लोबल मार्केट में कंपनियां अपनी ब्रांड वेल्यू और क्वालिटी के हिसाब से दाम तय करती हैं। नागौर से बाहर जाते ही इसके दाम आसमान छूने लगते हैं।

### हर वीआईपी शादी में रहती है डिमांड

पंचकूटे की सब्जी का स्वाद देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की जुबान पर चढ़ चुका है। विदेश के कई होटल और रेस्टोरेंट्स के शैफ इसे स्पेशल सब्जी के तौर पर अपने ग्राहकों को ऑफर करते हैं। देश में होने वाली लगभग हर वीआईपी शादी में भी इसे खाने के मीनू में शामिल किया जाता हैं। राजस्थान में हर साल होने वाली सैकड़ों वीआईपी वेडिंग में पंचकूटे की डिमांड सबसे ज्यादा रहती है।

### महाभारत में मिलता है वर्णन, शरीर के लिए गुणकारी

कैर और सांगरी मरुप्रदेश की विशेषता है, महाभारत में भी इनका वर्णन मिलता है। इनमें कैमिकल नहीं होता और गुणों में ये सूखे मेवों से कम नहीं हैं। सांगरी में पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन, जिंक, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर है। इसमें पाया जाने वाला सैपोनिन कोलेस्ट्रॉल स्तर को नियंत्रित रखने एवं प्रतिरक्षा को बढ़ाने में उत्तम है। ये कई तरह के रोगों को दूर करता है जैसे जोड़ों का दर्द, पाचन सम्बन्धी समस्याएं, पाइल्स और रक्त भी शुद्ध होता है। इसमें उपस्थित पोषक तत्व रक्त की कमी को दूर करने में सहायक होते हैं।

---

ANCHOR

वैराग्य पथ

# पीपाड़ में पहली बार 13 दीक्षार्थी एक साथ लेंगे दीक्षा

### 13 लोग एक साथ लेंगे संन्यास, कोई स्टूडेंट, कोई करोड़पति तो कोई इंजीनियर, सीए

### 11 मुमुक्षु बाल ब्रह्मचारी युवा है जो 20 से 30 वर्ष की उम्र वाले है

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर @ मेहराम गहलोत।** जहां एक ओर पूरी दुनिया धन-ऐश्वर्य के पीछे भागती है, वहीं हमारे बीच के ही कई लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने अरबों की संपत्ति और सारा कुछ छोड़कर साधु-साध्वी या भिक्षु बनने का फैसला ले लिया। राजस्थान के पीपाड़ शहर की माटी में जैन समाज की और से एक रत्न संघ 9 दिसंबर को एक अनोखा इतिहास लिखेगा जिसमें महाराष्ट्र, कर्णाटक, राजस्थान, और मध्यप्रदेश के 13 मुमुक्षु एक ही स्थान पर एक साथ एक ही गुरुदेव के श्रीमुख से दीक्षा ग्रहण करेंगे। दीक्षा कार्यक्रम के व्यवस्था प्रमुख धनेन्द्र चौधरी ने बताया की पूज्य आचार्य भगवंत श्री हीराचंद्र म.सा. ने पीपाड शहर जिला जोधपुर मे दिनांक 9 दिसंबर को दीक्षा महोत्सव घोषित किया है। पूज्य आचार्य श्री हीराचंद्र म.सा. एवं भावी आचार्य पूज्य श्री महेंद्रमुनि म.सा. साध्वी व्याख्यात्री, ज्ञानलता, विमलेशप्रभा, पदमप्रभा विनीतप्रभा सहित अनेक साधु साध्वीयों के सानिध्य मे आचार्य श्री के मुखारविंद से सामूहिक रूप से कई भव्य आत्माओ की दीक्षा संभावित है। धर्मनगरी पीपाड़ शहर में सामूहिक दीक्षा महोत्सव मे दीक्षा ग्रहण करने वाले 13 मुमुक्षुओ के नाम अब तक प्राप्त हो चुके है। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांतिलाल धारीवाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि संघ संरक्षक मण्डल के संयोजक मोफतराज मुणोत, समाजसेवी धनरूपचंद मेहता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय श्री जैन रत्न हितैषी संघ के प्रकाश टाटिया करेंगे।

प्रचार-प्रसार मंत्री सचिन मूथा ने बताया कि 11 मुमुक्षु 20 से 30 वर्ष की आयु के हैं। नागपुर/जलगांव के गेलड़ा परिवार से 4 मुमुक्षु एक साथ दीक्षित होने जा रहे हैं। इनमें पति-पत्नी-पुत्र के साथ भतीजी (भाई की पुत्री) शामिल हैं। चार दिवसीय कार्यक्रम में घृतपान के साथ, अभिव्यक्ती संध्या, 8 दिसंबर को वरघोड़ा (शोभायात्रा) सुबह 8:30 वीर अभिनन्दन समारोह दोपहर 01:00 बजे, 9 दिसंबर 11:30 बजे प्रवचन एंव दीक्षा का मुख्य आयोजन संयोजक लोड़े साजन विकास केंद्र कोट परिसर में होगा। जिसमें धनरूपचंद, अमित कुमार, अभिजीत कुमार, प्रेमचंद, अक्षय कवाड़, श्रेणिक कटारिया, सुरेंद्र चौधरी, निर्मल चौरड़िया, बुधमल बोहरा मनोज मुथा, अशोक भण्डारी, अखिल लुणावत सहित समाज के कई लोग और पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए है। जीवन की आपाधापी में शायद ही ऐसा कोई हो जो धन और वैभव कमाना न चाहता हो। मगर एक समय आता है जब जीवन में सब कुछ पा लेने के बाद भी एक खालीपन सा रहता है और तब मन शांति ढूंढता है। शायद उसी मानसिक शांति और अध्यात्म की चाह में ऐसे कई लोग हैं, जो साधु-साध्वी या जैन भिक्षु बनने का फैसला कर चुके हैं। आपको मिलवाते हैं ऐसे ही कुछ लोगों और परिवारों से जो सारा धन-ऐश्वर्य छोड़कर दीक्षा ग्रहण करेंगे और सब कुछ छोड़कर भिक्षु बन जाएगें।जिसमें 4 दीक्षार्थी बन्धु और 9 दीक्षार्थी बहिने है।

### जैन धर्म में दीक्षा: आसान जीवन की कठिन राह

**एक** इंसान जिसके पास परिवार है, पैसा है, शोहरत है, अच्छी सेहत है... उसे किस बात की कमी हो सकती है? आम आदमी की नजर से देखा जाए तो उससे खुशनसीब और कोई नही। पर उसकी खुद की नजर में ये सारी चीजें उस वक्त बेमानी हो जाती है, जब वह दीक्षा लेता है. न पैसे का मोह न परिवार का, न एक जोडे कपड़े का. बाकी पूरा जीवन दिगम्बर बनकर ईश आराधना में गुजार देता है। हमें अक्सर ऐसी खबरें सुनने मिलती हैं कि फलां करोड़पति ने संपत्ति छोड सन्यास लिया. या फिर किसी 14 साल के बच्चे ने तमाम सपने त्याग कर सन्यास की राह थामी. ये सारे बिरले उदाहरण जैन समुदाय में ही मिलते हैं।

कश्मीर-हिमाचल की हवाओं से राजस्थान में बढ़ी ठंड

## जयपुर, सीकर के फतेहपुर का पारा 5 डिग्री तक गिरा, कई इलाकों में कोहरा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल समेत पहाड़ी राज्यों में हुई बर्फबारी ने राजस्थान में ठंड बढ़ा दी है। मंगलवार को प्रदेश के उत्तरी हिस्से में तापमान गिरा है। बीकानेर, गंगानगर में सीजन में पहली बार तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया है। सीकर के फतेहपुर में पारा सोमवार के मुकाबले आज लगभग 5 डिग्री गिरकर 3.5 पर पहुंच गया। हनुमानगढ़ और चुरू में सुबह कोहरा रहा। सुबह-शाम शीतलहर चलने की संभावना है। अगले 2-3 दिन मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक-दो दिन में 3-4 डिग्री तक तापमान गिरेगा। प्रदेश के कुछ एरिया में शीत लहर चलने जैसी स्थिति बन सकती है। जयपुर मौसम केन्द्र की रिपोर्ट देखें तो मंगलवार को झुंझुनूं, बीकानेर, गंगानगर, नागौर, चूरू, हनुमानगढ़ में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। उत्तरी भारत के हनुमानगढ़, गंगानगर एरिया में सुबह हल्की धुंध भी रही।

### कई शहरों में मौसम साफ

उत्तरी राजस्थान के हनुमानगढ़, चूरू बेल्ट में सुबह कोहरा रहा, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही वहां भी आसमान साफ हो गया। सामान्य दिनों की तरह धूप निकली है। जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर समेत अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री या उससे नीचे चला गया है।

## जागरूक खबरें

### मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा व प्रदेश में राजस्थानी भाषा को द्वितीय राजभाषा का मि दर्जा,

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थानी भाषा के एकमात्र पारिवारिक मासिक 'माणक' के प्रधान संपादक पदम मेहता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भेंट कर नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रदेश में भी प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में देने, राजस्थानी भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा देने तथा केन्द्र सरकार से इसे संवैधानिक मान्यता दिलवाने की मुख्यमंत्री से मांग की । मेहता ने जनसंख्या के प्रमाणिक आंकड़ों के साथ पत्र सौंप कर उन्हें बताया कि 18 वर्ष पूर्व विधानसभा से सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के बावजूद मातृभाषा राजस्थानी की भारी उपेक्षा हो रही है जबकि प्रदेश में इसके बोलने वालों की जनसंख्या दो तिहाई से अधिक है । उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत करवाया कि राजस्थान के 130 से अधिक विधायक इस बाबत आपको पत्र लिखकर मांग कर चुके हैं । प्रदेश के इस बहुमत का मान रखते हुए तत्काल वांछित कार्रवाई अपेक्षित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को 'माणक' के ताजा अंकों की प्रति भी भेंट की गई, जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन में प्रवासियों के विशेष योगदान को रेखांकित किया गया है । मुलाकात के दौरान प्रबंध संपादक दीपक मेहता भी मौजूद रहे । मेहता ने शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला से भी भेंट कर उक्त पत्र की प्रतिलिपि सौंपते हुए वांछित कार्रवाई करवाने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि 'रीट' में राजस्थानी भाषा को सम्मिलित करने तथा नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में देने के लिए मेहता की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय में भी दायर याचिका भी लम्बित है ।

### नीरज स्मृति उत्तराखंड काव्य महोत्सव सम्पन्न

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** विश्व हिंदी रचनाकार मंच की ओर से अखिल भारतीय " नीरज स्मृति उत्तराखंड काव्य महोत्सव " का आयोजन अरुणोदय सभा भवन आनंदी देवी रावत धर्मशाला हल्द्वानी (नैनीताल ) उत्तराखंड प्रदेश में सम्पन्न हुआ। देश के कई प्रदेशो के कवियों व रचनाकारों ने इसमें भाग लिया। इस सम्मान समारोह में निम्बाहेड़ा के कवि प्रहलाद "क्रांति " को कविता के क्षेत्र में योगदान के लिये 2021 का सबसे बड़ा राष्ट्र स्तर का सम्मान "नीरज काव्य शिखर सम्मान" से सम्मनित किया गया। पूर्व में भी इनकी साहित्यिक सेवाओं के लिये विदेश मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली, भाषा सहोदरी हिंदी, नई दिल्ली,राजस्थान के पूर्व केबिनेट मंत्री श्री चंद्र कृपलानी, पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री अनीता भदेल सम्मानित कर चुके है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी कई बार इनकी लेखनी / कविताओं की प्रशंसा कर चुकी है। क्रांति को अखिल भारतीय स्तर पर अब तक कई साहित्यिक संस्थाओ ने सम्मानित किया है। आयोजन में अन्य रचनाकारों को भी 'उत्तराखंड काव्य गौरव ' सम्मान दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रचनाकार मंच के संस्थापक ठाकुर राघवेन्द्र सिंह थे। विशिष्ठ अतिथि डॉ.शशी जोशी शिक्षाविद(अल्मोड़ा ),शिवकुमार चंदन (वरिष्ठ रचनाकार रामनगर ), डॉ.तंजु श्रीमाली (बीकानेर), डॉ. राधा वाल्मीकी (विचारक) थे। समारोह की अध्यक्षता पुष्पलता जोशी ने की 7 इस महोत्सव समारोह का संचालन मंजु लता आर्य एवं मंजुला पांडेय ने किया।

### आमजन को मिला स्वामित्व का दस्तावेज अभियान हो रहे है उपयोगी - प्रियंका बानो

नगरपालिका, तारानगर
नगरपालिका, तारानगर
नगरपालिका, त

**तारानगर @ जागरूक जनता।** नगरपालिका तारानगर द्वारा प्रशासन शहरो के संग अभियान के अन्तर्गत वार्ड नं. 25 का शिविर चौधरी कॉलेज तारानगर में लगाया गया जिसके अन्तर्गत 01 पट्टे 69ए नियमन, 11 कृषि भूमि नियमन, 03 स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 व 4 जन्म-मृत्यु व 5 विवाह पंजीयन जारी किये गये विवाह पंजीयन मात्र 30 मिनट में जारी कर आवेदको का सुपुर्द किया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रियंका बानो, प्रतिनिधि मुंशी खां, ईओ अरूण कुमार सोनी, पार्षद त्रिलोक रैगर, पार्षद बाबू हुसैन, त्रिलोक रैगर, उस्मान खां, जयनारायण सहारण वार्ड पार्षद पालिका कर्मचारी हेमसिंह शेखावत, शक्तिसिंह राठोड़, मुमताज खां, गोपालराम रैगर, हेमराज प्रजापत, सुशील प्रजापत, संदीप कुमार, अर्जुन सिंह राजपुरोहित, कृष्ण भाम्भू, नितेश उपाध्याय, एवं अन्य विभागो के कर्मचारी एवं वार्डवासी तथा पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मनोज शर्मा राष्ट्रीय सचिव, अशोक उप रेलवे के जोनल महासचिव नियुक्त

**गुलाबपुरा @ जागरूक जनता।** रेलवे उपभोक्ता संरक्षण सलाहकार फोरम के राष्ट्रीय नियुक्ति प्रभारी विकास शर्मा की अनुशंसा पर रेलवे उपभोक्ता संरक्षण सलाहकार फोरम के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. महेश पटेल ने रेलवे उपभोक्ता संरक्षण सलाहकार फोरम नई दिल्ली के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद् द्वारा रेलवे उपभोक्ता संरक्षण सलाहकार फोरम के राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोज शर्मा व उत्तर पश्चिम रेलवे के जोनल महासचिव पद पर अशोक शर्मा को मनोनीत किया। रेलवे उपभोक्ता संरक्षण सलाहकार फोरम के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय सचिव मनोज शर्मा व जोनल महासचिव अशोक शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### ई-मित्र प्लस है आसान करें उपयोग पाए निदान"

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों एवं शासकीय विभागों में ई-मित्र प्लस मशीन स्थापित की है। मशीन पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक राजेन्द्र सिंघल ने बताया कि ई-मित्र प्लस कियोस्क के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों की पेंशन चालू रहे, इस हेतु पेंशनर को अपना जीवन प्रमाण पत्र का वार्षिक सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है, यह सुविधा ई-मित्र प्लस मशीन पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, लाईट बिल, पानी बिल, मोबाईल रिचार्ज, जमाबन्दी की प्रमाणित प्रति विभिन्न प्रकार की लगभग 130 सेवाएं ई-मित्र प्लस से प्राप्त की जा सकती है। सिंघल ने नागरिकों से अपील की है कि ई-मित्र प्लस एक कियोस्क है जिस पर टच स्क्रीन के माध्यम से आसानी से उपयोग किया जा सकता है।

---

### हर ब्लॉक में खुलेगा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय

# बेटियों के लिए खुलेंगे नए स्कूल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोटा।** विषम परिस्थितियों में जीवन-यापन करने वाली अभिवंचित वर्ग की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए ब्लॉक स्तर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे। कोटा जिले में ब्लॉक स्तर पर यह विद्यालय खुलेंगे। राज्य सरकार ने सुल्तानपुर व कनवास (सांगोद) में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। सुल्तानपुर में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। जबकि कनवास में जमीन का आवंटन हुआ है। इटावा में पहले से ही यह स्कूल संचालित है। जबकि मंडाना व खैराबाद में प्रक्रियाधीन है।

जागरूक जनता @ ऐसा बनेगा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय।

#### 100 छात्राओं की मिलेगी पढ़ाई की सुविधा

इन स्कूलों में कक्षा 6 से 12 वीं कक्षा तक की 100 छात्राओं का चयन किया जाएगा। निःशुल्क पढ़ाई के साथ हॉस्टल की सुविधा रहेगी। वहां रहना-खाना, नाश्ता, गणवेश, जूते, चिकित्सा सुविधा मिलेगी, यानी की सम्पूर्ण खर्च सरकार उठाएगी।

#### 2 करोड़ 10 लाख की राशि स्वीकृत

इन विद्यालयों निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 2 करोड़ 10 लाख की राशि स्वीकृति जारी की गई। सुल्तानपुर व कनवास में दोनों स्कूलों के लिए एक-एक हैक्टेयर जमीन आवंटित की गई है।

#### इसका उद्देश्य

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की देश में 2006-07 में शुरूआत हुई थी। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य यह है कि अनामांकित बालिकाएं, दूरदराज में रहने वाली बालिका, जहां पढ़ाई की सुविधा नहीं है। वह बालिका पढ़ाई से वंचित हो रही है। वह इन विद्यालयों में रहकर पढ़ाई कर अपना जीवन संवार सकती है।

जिले में छात्राओं के लिए हर ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खुलेगा। सुल्तानपुर व कनवास के लिए जमीन आवंटन हो चुकी है। प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी मिल गई है। सुल्तानपुर में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

- **एसडी गुप्ता**, सहायक अभियंता, रमसा, कोटा

---

### मृदा दिवस पर विशेष

# मानव स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ मिट्टी भी जरूरी

**भगवान प्रसाद गौड**
**सामाजिक कार्यकर्ता**
@jagrukjanta.net

**दिसम्बर** 2013 में 68 वीं संयुक्त राष्ट्र सभा में 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस मनाने की घोषणा हुई। तब से हर वर्ष पूरा विश्व मृदा की उर्वरा शक्ति पर सकारात्मक चिंतन करते हुए मृदा दिवस मना रहा है। पर स्वस्थ और उपजाऊ मिट्टी का मुद्दा आज भी जस का तस बना हुआ है। धरती पर उपलब्ध भू सतह का 50 प्रतिशत भाग उपयोग योग्य है। शेष भाग पहाड़, दलदल, मरुस्थल और पठार है। विश्व की जरूरत के 79 प्रतिशत खाद्य पदार्थ मिट्टी से ही उत्पन्न होते हैं। धरती की महत्ता इस लिए भी बढ़ जाती है कि ग्लोब के मात्र 2त्र भाग में ही कृषि भूमि है। अर्थात कृषि मृदा दुर्लभ संसाधन है। विश्व की समूची आबादी के लिए खाद्य पदार्थों की समुचित उपलब्धता के लिए मृदा को स्वस्थ और प्रदूषण रहित रखना आवश्यक है। आज जिस गति से विश्व एवं भारत में जनसंख्या बढ़ रही है। यह चिंता का विषय है। बढ़ती आबादी के कारण भोजन के लिए जिस तरह से मिट्टी और भूमि का शोषण किया जा रहा है। उससे भूमि की पोषण क्षमता घटती जा रही है। पोषकता बढ़ाने के लिए मानव इसमें रासायनिक उर्वरकों, खादों एवं कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग कर रहा है। परिणामस्वरूप मृदा की प्राकृतिक उर्वरता नष्ट होकर दूषित और बंजर होती जा रही है। स्वयं मानव नाना प्रकार के रोगों से घिरता जा रहा है। यह गंभीर विचारणीय है।

#### कब और कैसे शुरु हुआ विश्व मृदा दिवस

विश्व मृदा दिवस (वर्ल्ड सॉइल डे) थाइलैंड के राजा भूमिबोल अदुल्यादेज के जन्मदिन पर 5 दिसम्बर को मनाया जाता है। भूमिबोल ने 70 साल तक थाइलैंड पर शासन किया था। इस दौरान उन्होंने ने कृषि और किसानों की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया। राजा भूमिबोल अपने देश के हर गरीब व किसान से मुलाक़ात कर उनकी समस्या समाधान करते थे। इसलिए एक प्रेरणापुंज के रूप में उनकी स्मृति व योगदान को अक्षुण्ण रखने के लिए समस्त विश्व ने कृषि, किसान और मिट्टी की प्रगति व पोषण के विकास पर बल देने का निश्चय किया। दुनिया के अधिकतर देश कृषि प्रधान हैं। इसके चलते संयुक्त राष्ट्र संघ ने किसानों के हितों को ऊपर रखते हुए कई अभियान चलाए जिनमें मृदा संरक्षण पर जोर दिया गया। इसी को दृष्टिगत रखते हुए भारत की केंद्र व राज्य सरकारों ने भी कृषि और मृदा संरक्षण पर ध्यान इंगित किया। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वस्थ धरा-खेत हरा का नारा बुलंद करते हुए कृषक वर्ग में चेतना का संचार किया है। किसानों के हितार्थ कई योजनाएं संचालित हैं। जिनमें किसान फसल बीमा योजना प्रमुख है। इसके तहत सालाना तीन किश्तों में 6000 रुपये दिए जा रहे हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री ने मिट्टी गुणवत्ता में सुधार के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी आरम्भ की थी। स्वस्थ मिट्टी के बिना लगातार बढ़ती जनसंख्या कैसे पोषित होगी? कृषि और वन क्षेत्र विस्तार के लिए भी स्थान सीमित है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक और हरित क्षेत्र रक्षक बनने का कर्तव्य निभाना होगा। स्वस्थ जीवन के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पर्यावरणीय प्रक्रिया का पालन आवश्यक है। पिछले वर्ष मिट्टी को जीवित रखे, मिट्टी के जैव विविधता की रक्षा करें। थीम पर 105 देशों में मृदा दिवस मनाया गया। जिसके तहत 780 कार्यक्रम हुए। इस वर्ष की थीम -'मिट्टी की लवणता को रोकें, मिट्टी की उत्पादकता को बढ़ावे' तय की गई है। इसलिए हमें देश-दुनिया और मानवता के हितों का ध्यान रखते हुए मिट्टी के उपजाऊपन को बरकरार रखने और बढ़ाने की दिशा में मन, कर्म और विचार से योगदान देना है और सतत दृढ़ संकल्पशील रहना होगा।

*(लेखक उदयपुर से है)*

---

### बैंक निदेशक मण्डल बैठक सम्पन्न

## आजादी का अमृत महोत्सव मनायेगा अरबन बैंक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ।** चित्तौडगढ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेषक मण्डल की बैठक चेयरपर्सन एडवोकेट विमला सेठिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हई, जिसमें मकर सक्रांति पर्व को भव्य आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के साथ ही बढते साईबर अपराध व ग्राहको को 24 घण्टे आनलाईन सुविधाए उपलब्ध कराने व डाटा सुरक्षा के मद्देनजर यूपीआई तकनीकी आधारित सेवाए देने व डेटा सेन्टर तकनीकी को सुदृढ बनाने का निर्णय किया गया। प्रबन्ध निदेषक वन्दना वजीरानी के अनुसार उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना, निदेषक हस्तीमल चोरडिया, डॉ. महेष सनाढ्य, बालकिषन धुत, राधेष्याम आमेरिया, चांदमल नन्दावत, रणजीत सिंह नाहर, बालकिषन डाड, सुनीता सिसोदिया, आदित्येन्द्र सेठिया के सानिध्य में सम्पन्न बैठक में व्यवसाय प्रगति, रिकवरी, एनपीए के साथ ही व्यक्तित्व विकास प्रषिक्षण महाअभियान की भी समीक्षा की गई व दिसम्बर माह में महाअभियान का शुभारंभ करने का निर्णय किया गया। उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सदस्यों व ग्राहको के लिए देष भक्तिपूर्ण कॉर्यक्रमों की प्रस्तुती के साथ ही राजस्थान के महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र को आमंत्रित करने का भी निर्णय किया गया। बैठक के अन्त में उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना ने आभार व्यक्त किया।

---

### पर्यटकों-शोधार्थियों को आकर्षित करने के लिए किया था विकसित

## लाखों रुपए की लागत से बना हर्बल गार्डन उजड़ने की कगार पर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

हर्बल गार्डन
झालरापाटन

**झालरापाटन।** पर्यटकों एवं शोधार्थियों को आकर्षित करने के लिए डेढ़ दशक पहले लाखों रुपए की लागत से विकसित किया हर्बल गार्डन बजट और देखरेख के अभाव में बर्बाद होने लगा है। बजट के अभाव में 3.5 हैक्टेयर क्षेत्र में फैला हर्बल गार्डन एक कर्मचारी के भरोसे हैं। इससे गार्डन में लगाए गए तुलसी, झुंबू, थुनेर, आंवला, तेजपान, ब्रह्मी सहित कई औषधीय पौधे और नर्सरी सूखने लगे हैं। इनकी जगह वहां घांस उग आई है। इतना बजट खर्च करने के बाद इसे अपने हाल पर उपेक्षित छोड़ रखा है। वर्ष 2006 में राज्य सरकार ने वन विभाग के माध्यम से नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड के सहयोग से राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत औषधीय पौध एवं प्रशिक्षण गार्डन बनाया था। हर्बल गार्डन में पर्यटकों के घूमने के लिए पाथवे बनाए गए हैं। इसकी टाइल्स टूटी हुई हैं। इसके साथ ही पानी के किनारे पर लगाई गई रेलिंग क्षतिग्रस्त होने लगी है। आकर्षक लाइटिंग लगाई गई थी जो अभी पूरी तरह से बंद है। फव्वारे बंद पड़े हैं। आकर्षक एंटीक खंभों पर लगाई गई लाइट बंद हैं और कई खंभे टूट चुके हैं।

नवग्रह वाटिका की हालत खराब है। पेड़-पौधों की पहचान के लिए लगाए गए बोर्ड गायब हैं। इसमें लगी वनस्पति व औषधीय पौधों एवं केवड़ा की दूर-दराज तक ख्याति होने से लोग इसे देखने और वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थी इसके अध्ययन एवं शोध के लिए यहां आते हैं। हर्बल गार्डन के एक तिहाई भाग में केवड़े, आम, जामुन, गूलर और कदम के पेड़ लगे हैं। इस पर लगातार खरपतवार फैलती जा रही है। इससे केवड़े के पौधों का विकास थम गया है और केवड़ा वन क्षेत्र के बड़े भाग में हरियाली की जगह वीरानी दिखने लगी है। गाजर घास से औषधीय पौधों को भी नुकसान हो रहा है। इतने बड़े भू-भाग में फैले इस हर्बल गार्डन में 300 प्रजातियों की वनस्पति व औषधीय पौधे लगाए गए थे। हर्बल गार्डन को देखने के लिए जिले के अलावा कोटा, बूंदी, बारां के साथ ही राज्य के दूर-दराज शहरी क्षेत्र, पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के अलावा देश के कई राज्यों से लोग आते हैं। औषधीय पौधों से बीमारियों का उपचार होने से अब यहां देश के कई राज्यों से जानकार आने लगे हैं। राज्य सरकार ने गार्डन के रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं कराने से इसका अपेक्षित रखरखाव नहीं हो पा रहा है।

**दीपावली** के समय बजट आया था, जिससे लेबर का पेमेंट किया है। आवश्यक रखरखाव के लिए अनुमान बनाकर विभाग को दिया है। अभी दो-चार दिन में नए वन मंडल अधिकारी के कार्यभार संभाल लेने पर इसका आवश्यक रखरखाव कराया जाएगा।

- **सुरेंद्र सिंह**, प्रभारी, हर्बल गार्डन झालरापाटन

---

## राजस्व मंडल में जलपानगृह का शुभारंभ

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**अजमेर।** राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने राजस्व मंडल परिसर में जलपान गृह का शुभारम्भ किया। सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ ही फीता काटकर विधिवत जलपानगृह का शुभारंभ किया। राजस्व मंडल विभागीय समिति की ओर से संचालित होने वाली इस केंटीन से वाजिब दर, शुद्धता, पूर्ण गुणवत्ता एवं कोविड गाइडलाइंस की पालना करते हुए सामग्री सुलभ कराने के निर्देश संचालक को दिए गए। इस मौके पर राजस्व मंडल निबंधक डॉ. मोहन लाल यादव, सदस्य पंकज नरूका, अतिरिक्त निबन्धक बीएस सांदू, उपनिबंधक प्रिया भार्गव एवं भावना गर्ग, वित्तीय सलाहकार सूरजप्रकाश मोंगा, मुख्य लेखाधिकारी केपी सिंह, संयुक्त निदेशक सांख्यिकी बीना वर्मा, विभागीय समिति अध्यक्ष सुधीर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं समिति पदाधिकारीगण मौजूद थे। समिति सचिव राजकुमार बाघमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

---

## बिना स्वीकृति के निर्माण कार्यो का सिलसिला जारी, नगर परिषद अंजान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** नगर परिषद क्षेत्र में पिछले काफी अर्से से बिना निर्माण स्वीकृति के लोग अवैध निर्माण कराने में जुटे हुए, जिनके बारे में नगर परिषद को जानकारी होने के बावजूद अंजान बनी हुई है। नियमों के अनुसार गृह निर्माण स्वीकृति दो मंजिला की अनुमति मिल सकती है, लेकिन पन्नाधाय कॉलोनी में इन दिनों गृह निर्माण की स्वीकृति पर व्यावसायिक गतिविधियों के लिये बिना अनुमति के पांच मंजिला निर्माण कार्य धड़ल्ले से बेरोकटोक जारी है। इस सम्बन्ध में नगर परिषद में जानकारी लेने पर पाया गया कि दो वर्ष पूर्व गृह निर्माण की स्वीकृति ली गई, जिसमें नियमानुसार मात्र प्रथम व द्वितीय तल की अनुमति ही मिल सकती है, लेकिन भूखण्ड मालिक द्वारा पांच मंजिला ईमारत का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही दूसरी ओर मीरा मार्केट में व्यावसायिक गतिविधियों के नाम पर बिना अनुमति के चार मंजिला ईमारत निर्माणाधीन है। नगर परिषद क्षेत्र में इस तरह से नियमों को ताख में रखकर धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है, जिन्हें रोकने या पूछने की जहमत उठाने वाला कोई नहीं या यूं कहे कि मिलीभगत के चलते निर्माण का खेल किया जा रहा हो।

---

## नशा मुक्त बेटे की शादी करके भागीरथ ने दिया सकारात्मक संदेश

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सांचौर।** उपखंड के निकटवर्ती खारा ग्राम के बलवानी नाड़ी स्थित गुरु जंभेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष होने के नाते भागीरथ राम खिलेरी के घर पर विवाह रस्म में अफीम डोडा न परोसकर एक मिसाल कायम की है। बेटे की शादी में वह मेहमानों और बारातियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। शादी में आए नाते रिश्तेदारों ने भी इस मुहिम पर चर्चा कर अपने घरों में होने वाले कार्यक्रमों में अफीम डोडा नहीं परोसने की बात कही। इस उपलक्ष पर श्रम मंत्री के बेटे सत्येंद्र बिश्नोई सामाजिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस नशा मुक्त विवाह कार्यक्रम की अनोखी मिसाल कायम करने पर सत्येंद्र बिश्नोई द्वारा भागीरथ राम खिलेरी को साफा बंधवा कर सम्मानित किया एवं बताया कि अफीम डोडे जैसी नशीली चीजों का सेवन ना करें एवं बंद करने का प्रयास करें। ताकि इस बिश्नोई समाज से अन्य समाज भी सीख ले ताकि आने वाली पीढ़ी इन घातक नशीली वस्तुओं से बस सके। नव दंपत्ति के परिजन भागीरथ राम खिलेरी ने बताया किआम विवाह समारोहों से हट कर कुछ अलग किस्म के उक्त विवाह समारोह लोगों को शादी-विवाहों में दहेज का लेन-देन न करने, नशा न करने, सामाजिक कार्यक्रम में प्राप्त राशि का नेक कार्यों के लिए इस्तेमाल करने का संदेश दे। लोगों को इन सकारात्मक बदलावों को अपनाना चाहिए ताकि देश और समाज तरक्की कर सके। नव दम्पति के माता-पिता ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अपने बच्चों द्वारा अपने विवाह को अनुकरणीय बनाने के लिए अपनाए गए उपाय से वे अत्यंत प्रसन्न हैं।

---

ANCHOR

### सरकार को राजस्व का नुकसान

# घरेलू गैस का धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग, विभाग मौन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सिरोही।** ज़िले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग जिला मुख्यालय से लेकर कई गांवों व तहसील मुख्यालय पर भी धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। प्रशासन की मौन स्वीकृति ने कई सवाल खड़े कर दिये। दुकानों से लेकर बेल्डर तक खुलेआम घरेलू सिलिंडर का उपयोग कर रहे हैं। इससे सरकारी खजाने को तो नुकसान हो ही रहा है, साथ ही ग्राहकों के साथ भी छल किया जा रहा है। प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुए है।

#### जिला मुख्यालय से लेकर ज़िले के विभिन्न गाँवो में धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग जारी

जिला मुख्यालय सहित जिले में ऐसे दर्जनों गांव व शहर है यहां पर इण्डेन सहित कई कम्पनी के घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर दुकानदारों व व्यवसायियों को किसी भी तरह की कानूनी काईवाई का डर तक नहीं है। जो कई सन्देह भी पैदा करता है। आखि़र इतने बेखौफ़ क्यो.? घरेलू कुकिग गैस के सापेक्ष व्यवसायिक सिलेंडर की कीमत अधिक रहती है। कीमत अधिक होने के कारण हलवाई, होटल, ढाबा संचालक के साथ-साथ रेहड़ी, खोमचों पर कचौड़ी, चाट बेचने वाले भी घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। गैस कंपनियां ही इन्हें आपूर्ति दे रही हैं। व्यवसायिक सिलेंडर के स्थान पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग होने से सरकार को भी राजस्व का घाटा हो रहा है। आपूर्ति विभाग इस ओर से अंजान बना हुआ है। न तो कोई कार्रवाई की जाती है और न ही कोई अभियान चलाया जाता है। बड़े कारोबारियों ने ले रखें कई कनेक्शन जानकारों की मानें तो बड़े होटल कारोबारी एवं हलवाइयों ने तो कई-कई घरेलू कनेक्शन ले रखे हैं। परिवार के सदस्यों के अलावा कर्मचारियों के नाम से लिए गए कनेक्शनों पर यह सिलेंडर लेते हैं। घरेलू गैस सिलेंडर से दौड़ रहे वाहन

गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग बढ़ता जा रहा है। छोटे से लेकर बड़े दुकानदार तक इसक प्रयोग कर रहे हैं। इससे राजस्व की हानि हो रही है। संबंधित विभाग मौन है। इसकी रोकथाम के लिए न कोई अभियान चलाया जाता है और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई होती है।

#### सरकार को हो रहा राजस्व का भारी नुकसान

सरकार ने लोगों को सस्ते दामों पर एलपीजी उपलब्ध कराने के लिए घरेलू सिलिंडर की कीमतों में छूट दे रखी है। जबकि इसकी तुलना में व्यावसायिक सिलिंडर महंगा है। सवाल ये है कि आखिर गैस एजेंसी से उन्हें इतने घरेलू सिलिंडर मिल कैसे जाते हैं। सूत्रों के अनुसार एजेंसी संचालक अधिक से अधिक सिलिंडर की बिक्री के लिए दुकानदारों को सिलिंडर बेच देते हैं। उन्हें इससे कोई मतलब नहीं है कि इसका प्रयोग घरेलू उपयोग में किया जाएगा या फिर व्यावसायिक। उन्हें तो बस अपनी आमदनी से मतलब है। एजेंसी संचालकों की ये मनमानी सीधे शासन के खजाने को नुकसान पहुंचा रही है। न तो प्रशासन को इसकी कोई चिंता है और न ही गैस कंपनियों को।

#### इसलिए घरेलू सिलेंडर का करते हैं उपयोग

#### यह है कार्रवाई का प्रावधान

अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर को वाहनों के लिए बेचने व छोटे सिलेंडर में भरने, होटलों में व्यावसायिक रूप से उपयोग करने व खाना पकाने के अतिरिक्त अन्य कार्यों में घरेलू गैस का उपयोग किया जाना द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन है। अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर प्रतिष्ठान स्वामी की जब्त शुदा सामग्री राजसात करने और जुर्माना लगाने के साथ सजा का भी प्रावधान है।

"**पूरे** मामलें पर गहनता से जांच पड़ताल करके उचित नियमानुसार काईवाई अमल में जायेगी।'
'**रमेशचंद्र,** जिला रसद अधिकारी सिरोही'

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net

जयपुर, बुधवार
8 दिसम्बर - 14 दिसम्बर 2021

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758

/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

जागरूक जनता @ कश्मीर के सोनमर्ग में इन दिनों बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए यहां बड़ी संख्या में सैलानी भी पहुंचे है।

## गहलोत ने सैनिकों के कल्याण के लिए किया अंशदान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जांबाज सैनिकों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए यथासंभव सहयोग करने का आह्वान किया है। गहलोत से मुख्यमंत्री निवास पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक एवं ब्रिगेडियर (सेनि.) वी एस राठौड ने मुलाकात की और उन्हें प्रतीकात्मक झण्डा (बैज) लगाया। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के लिए अंशदान किया।

### 23 दिसंबर को दिल्ली में यूपीएससी बोर्ड की बैठक

# 4 आरपीएस बनेंगे आईपीएस, कार्मिक विभाग की तैयारियां पूरी

### मुख्य सचिव निरंजन आर्य और कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव हेमंत गेरा होंगे बोर्ड बैठक में शामिल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य में आरएएस से आईएएस में पदोन्नति के बाद अब पुलिस अधिकारी आरपीएस से आईपीएस में पदोन्त होंगे। इसके लिए 23 दिसंबर को दिल्ली में संघ लोकसेवा आयोग कार्यालय में बोर्ड की बैठक होगी। इस बैठक में मुख्य सचिव निरंजन आर्य और कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव हेमंत गेरा शामिल होंगे। बोर्ड बैठक के बाद पदोन्नति के सभी प्रस्ताव कार्मिक मंत्रालय को भेजे जाएंगे। माना जा रहा है कि 31 दिसंबर तक बोर्ड सभी औपचारिताएं पूरी कर पदोन्नति की अधिसूचना जारी कर देगा। आरपीएस से आईपीएस में पदोन्नत होने वाले पुलिस अधिकारियों में 1997 बैच के सुरेन्द्र सिंह,संजीव नैन,नरेन्द्र सिंह और योगेश गोयल के नाम हैं। इससे पहले 17 आरएएस आईएएस में पदोन्नत हो चुके हैं। अब आरपीएस भी आईपीएस बनेंगे। दूसरी ओर अन्य सेवाओं से आइएएस के दो पदों पर पदोन्नति के लिए भी कार्मिक विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य सरकार को यह प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी करनी है। अगर सरकार इस तारीख को यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाती है तो फिर ये रिक्तियां अगले वर्ष के लिए आरक्षित हो जाएंगी। अन्य सेवाओं से आइएएस में दो पदों पर पदोन्नति के लिए सरकार के पास अलग अलग विभागों से 60 से ज्यादा नाम मिले हैं। कार्मिक विभाग ने इन अधिकारियों के नामों की स्क्रीनिंग कर ली है और कुल पदों के पांच गुना नाम संघ लोक सेवा आयोग को भेजे जाएंगे। पिछले वर्ष भी अन्य सेवाओं से 4 अफसरों को आईएएस में पदोन्त्ति मिली थी। कार्मिक विभाग के एक अधिकारी के अनुसार 5 गुना नाम भेजने के लिए तीन वरिष्ठ आइएएस की स्क्रीनिंग कमेटी बनेगी। कमेटी ही यह तय करेगी कि कौन अधिकारी सभी योग्यताएं पूरी कर रहा है।

इंश्योरेंस सिर्फ 5 मिनट में
Two/Four Wheeler
0141-3587886

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

ARVIND
Raymond
FABRIC FOR SHIRTS TROUSERS, SUITS, JACKETS KURTA & PAYJAMA
DESIGN & CUSTOM TAILORING ALSO AVAILABLE
G-16-17, Vrindavan Complex
Central Spine
Vidhyadhar Nagar, Jaipur
Mo. : 9828084878
Ph. : 0141-2339890

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

Computer Paradise
Desktop / Laptop / Printer Sale & Service
All Type Accessories • Antivirus Software
Toner Cartridge Refilling • Computer Peripherals
hp lenovo acer intel Tally Canon EPSON DELL
Bhupendra Singh Tanwar
computer.paradise@hotmail.com
9352566707
G-3, Plot No. B-23, L. S. Nagar, Naya Khera, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-302039

Used Car Loan
up to
150%
Authorized Channel Partner
Aarna Associates
Call us : 9828333666

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

जयपुर, बुधवार
8 दिसम्बर - 14 दिसम्बर, 2021

सपना
करें पूरा

Used Car loan available
Aarna associate
New Car loan available

अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
कीमत का 150%
तक लोन करवायें...

IDFC FIRST Bank
ICICI Bank Home Loans khayaal aapka
BAJAJ Bajaj FinServ Limited
MAGMA Investing in the smallest dream
TATA CAPITAL We only do what's right for you
HeroFinCorp.
sk FINANCE
Mahindra Finance
HDFC BANK We understand your world

*स्कीम जयपुर के लिए

authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available

शर्तें लागू

## जागरूक खबरें

### वंचित बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल, लर्निंग किट का किया वितरण

**बीकानेर @ जागरूक जनता।** फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन के तत्वाधान में "आओ पढ़े -आगे बढ़े" कार्यक्रम के तहत झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को "खुशियों का उपहार - लर्निंग किट" का वितरण किया गया। लर्निंग किट वितरण करने का प्रमुख उद्देश्य घुमक्कड़ जातियों के झुग्गी झोपड़ी के उन बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ना है जो अपने पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूल नहीं जा पाते हैं और अपनी बेसिक शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं। फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन के संस्थापक हुकम चंद चौधरी ने बताया कि हमारे द्वारा 1100 बच्चों को लर्निंग किट वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके प्रथम चरण में रविवार को लालगढ़ रेलवे स्टेशन के सामने स्थित झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को 25 लर्निंग किट का वितरण किया गया। इन लर्निंग किट में बच्चों के लिए हिंदी व अंग्रेजी की वर्णमाला की किताबों के साथ-साथ कॉपी, पेंसिल, ड्राइंग बुक, स्केच कलर व अन्य सामग्री दी गई ताकि बच्चे उत्साह एवं उमंग के साथ अपनी बेसिक शिक्षा ग्रहण कर सकें। लर्निंग किट वितरण कार्यक्रम में फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन के सह संस्थापक जयपाल सोनी, भगवती सोनी के साथ-साथ राकेश शर्मा, महेंद्र सिंह शेखावत, लालूराम भाम्भू, अशोक सोनी, प्रिंस चौधरी आदि सहभागी बने। फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन के सह संस्थापक जयपाल सोनी ने बताया कि शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए द्वितीय चरण के तहत नववर्ष के उपलक्ष में 200 किट वितरण का लक्ष्य रखा गया है। सह संस्थापक भगवती सोनी द्वारा बच्चों के अभिभावकों से वंचित बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा दिलाने की अपील की गई।

### कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक रवैये के खिलाफ धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सांचौर @ जागरूक जनता।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने राज्य सरकार की संवादहीनता,हठधर्मिता एवं वायदा खिलाफी के विरोध में प्रदेश आह्वान पर उपखण्ड मुख्यालय पर पूनमाराम विश्नोई संरक्षक अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ, लादूराम भादू अध्यक्ष महासंघ सांचौर एवं जयकिशन खिलेरी अध्यक्ष महासंघ सरनाऊ के नेतृत्व में धरना देकर उपखण्ड अधिकारी सांचौर को मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मंत्री नेमीचंद खोरवाल ने बताया कि राज्य कर्मचारियों को नवीन पेंशन योजना बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने,के साथ छठे एवम् सातवें वेतनमान की विसंगति दूर करने, संवादाकर्मियों को नियमित करने, विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने,ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को ग्रामीण भत्ता देने, आरपीएमएफ कटौती बंद करने,निजीकरण,पीपीपी मॉडल बंद करने,न्यूनतम पारिश्रमिक 26000 करने सहित पंद्रह सूत्री मांगे मनवाने के लिए प्रदेश आह्वान पर उपखण्ड स्तर पर धरना दिया गया। महासंघ संरक्षक विश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार को विगत तीन वर्ष से जरिये ज्ञापन, धरना,प्रदर्शन आदि के माध्यम से राज्य कर्मचारियों की वाजिब मांगों के लिए ध्यानाकर्षण किया गया।लेकिन सरकार कर्मचारियों की सुनने के लिए तैयार नहीं है,जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। कोजाराम विश्नोई सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी ने संगठित होकर संघर्ष करने की महती आवश्यक होती है। इसी क्रम में उपखण्ड अधिकारी सांचौर के समक्ष धरना एवं प्रदर्शन में महासंघ से सम्बद्ध घटक संगठनों के कर्मचारी नेता कोजाराम विश्नोई सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी, जयकिशन अध्यक्ष पटवार संघ, विक्रम विश्नोई, घेवरचंद, गणपत लाल खिलेरी,जयकिशन पालड़ी, धोलाराम, हरपाल विश्नोई, हेमाराम चौधरी, नरेश कुमार, सुरेंद्र ढाका, कन्हैयालाल शर्मा, शैतान विश्नोई, मनोहर लाल, कुलदीप, तेजाराम मांजू, लक्ष्मणराम, पूराराम,केवलाराम, जोगाराम, श्रीराम, सुशील, मेवाराम, रमाकांत सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### मीणा समाज ने ओछ्ड़ी टोल पर किया मंत्री मुरारीलाल का स्वागत

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा का बूंदी से प्रतापगढ़ जाते हुए ओछडी टोल पर मीणा समाज द्वारा माला उपरना ओर मेवाड़ी पाग पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मीणा समाज के जिला उपाध्यक्ष शिवराज मीणा, पार्षद सुमित मीणा, सुनील मीणा, मनोहर मीणा, राम नारायण मीणा, मूलचंद मोड, छगन मीणा आदि समाजजन उपस्थित थे।

### बीएसएसएस ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित रक्तवीरों का किया सम्मान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक तजनता।** भगत सिंह संघर्ष सेवा समिति ने नेहरू नगर में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित पांच रक्त वीरों का सम्मान किया। बीएसएसएस के ज्ञानेश्वर पूरी गोस्वामी ने बताया कि संस्थापक ओम जैन शंभूपुरा के नेतृत्व में 5 रक्तवीरो का सम्मान किया गया जिसमें दिनेश वैष्णव जिनको हाल ही में सांगली मुंबई में हुए सम्मान के लिए तो साथ ही हाल ही में बूंदी में राज्य स्तर पर सम्मानित हुए देव शर्मा, संजय जैन और ललित टहल्यानी का उपरना व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी सुरेन्द्र जैन, दीपक जायसवाल, देव शर्मा, भेरूलाल जटिया, दुर्गेश लक्षकार, रवि जैन एव साथ ही दिनेश वैष्णव, संजय जैन, लक्ष्मण छिपा, ललित टहल्यानी, श्याम लाल मेनारिया आदि मोजुद रहे सभी ने रक्तवीरो की सेवाओं को नमन करते हुए उन्हें बधाई दी।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**हैल्थ पैकेज की दरों में वृद्धि को मंजूरी**

# मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 15 नवीन हैल्थ बेनिफिट पैकेज जोड़े

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में हैल्थ बेनिफिट पैकेज की दरों को अधिक तर्कसंगत बनाए जाने के उद्देश्य से विभिन्न हैल्थ बेनीफिट पैकेज की दरों में वृद्धि को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से प्रदेश में अधिक संख्या में बड़े एवं नए निजी अस्पताल इस योजना से जुड़ पाएंगे। साथ ही पैकेज 2.2 के तहत नए जोड़े गए 15 पैकेज में शामिल विभिन्न जटिल बीमारियों में भी रोगियों का निशुल्क उपचार संभव होगा। इलाज के खर्च से चिंतामुक्त करने के लिए इस वर्ष 1 मई को यह योजना प्रारंभ की गई थी। योजना में सरकारी चिकित्सालयों के साथ ही 471 पंजीकृत निजी चिकित्सालयों के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का कैश लेस उपचार दिया जा रहा है।

वर्तमान में नेशनल हैल्थ एजेंसी के माध्यम से हैल्थ बेनीफिट पैकेज 2.0 के अन्तर्गत बीमारियों के 1572 पैकेज में रोगियों का निशुल्क उपचार हो रहा है। गहलोत ने अब हैल्थ बेनीफिट पैकेज 2.2 के अन्तर्गत 15 और नए पैकेज जोड़े जाने की भी मंजूरी दी है। जिससे अब रोगियों को ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट सर्जरी व इसके पोस्ट ट्रांसप्लांट मेडिकेशन, गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग से संबंधित जनरल सर्जरी तथा विभिन्न न्यूरोसर्जरी से संबंधित निशुल्क उपचार की सुविधा भी मिल सकेगी। इस वृद्धि पर राज्य सरकार 350 करोड़ का वित्तीय भार वहन करेगी।

#### 3 अल्पसंख्यक बालिका आवासीय स्कूल, 45.30 करोड़ का अति. प्रावधान

सीएम गहलोत ने प्रदेश में 200 बैड के तीन अल्पसंख्यक बालिका आवासीय स्कूलों के निर्माण की स्वीकृति दी है। प्रत्येक आवासीय स्कूल निर्माण पर15 करोड 10 लाख रुपए का अतिरिक्त बजट प्रावधान करने की भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने सीकर, बाड़मेर जिले की सेड़वा तहसील के बुरहान का तला और भरतपुर जिले के पहाड़ी में अल्पसंख्यक बालिका आवासीय स्कूल की स्वीकृति दी है। इनके लिए 45 करोड़ 30 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

**आजादी का अमृत महोत्सव**

# जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता के जरिए निखरेगी प्रतिभा

### 15 दिसम्बर तक प्रतियोगी करवा सकते हैं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** संस्कृति मंत्रालय द्वारा स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत देश भर में विभिन्न स्पर्धाओं इनमें ''रंगोली स्पर्धा'', ''लॉरी लेखन'' व ''देश भक्तिगीत लेखन'' स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अनुक्रम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से सदस्य राज्यों राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा तथा केन्द्र शासित प्रदेश दमण, दीव, दादरा नगर हवेली सिलवासा में जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय ''रंगोली प्रतियोगिता'' का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिये ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है तथा इच्छुक प्रतिभागी 15 दिसम्बर तक उक्त हेतु पंजीयन करवा सकते हैं। केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री ने ''मन की बात'' कार्यक्रम में रचनाशीलता एवं देश प्रेम को अभिव्यक्त करने के लिये इन स्पर्धाओं के आयोजन की घोषणा की थी। रंगोली भारत की एक समृद्ध परंपरा है जो घर के द्वार पर रंगों से घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना से बनाई जाती है। यह परंपरा प्रत्येक राज्य में पृथक-पृथक नामों से जानी जाती है। जैसे तमिलनाडु में कोल्लम, गुजरात में सतिया, बंगाल में अल्पना, राजस्थान में माण्डणा, ओडिशा में ओसा, महाराष्ट्र में रंगोली जिससे भारत की विविधता में एकता की सांस्कृतिक विरासत की झलक मिलती हैं।

''रंगोली प्रतियोगिता'' में प्रतियोगी को निर्धारित स्थल पर रंगोली बनानी होगी। रंगोली का मुख्य विषय स्वाधीनता आंदोलन होगा, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के चित्र तथा सम्बद्ध प्रसंगों को रंगोली में सृजित करना होगा। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित होगी। जिसमें सर्वप्रथम जिला स्तर उसके पश्चात राज्य स्तर तथा उसके उपरान्त राष्ट्रीय स्तर का आयोजन नई दिल्ली में होगा।

उक्त प्रतियोगिताएँ 16 से 45 वर्ष की आयु के सभी भारतीयों के लिये खुली है। प्रतियोगिता हेतु निर्धारित नियमानुसार रंगोली बनाने की समस्त सामग्री प्रतियोगी द्वारा स्वयं के स्तर पर लाई जाएगी। रंगोली का निर्माण निर्णायकों द्वारा निर्धारित स्थल पर एक निर्धारित समयावधि में बनानी होगी। रंगोली स्पर्धा में पेंसिल अथवा चॉक से स्कैच बनाने की इजाजत नहीं होगी। प्रतियोगी को 4 गुणा 4 वर्ग फीट का स्थान रंगोली के लिये दिया जायेगा तथा सम्पूर्ण सृजन कार्य ढाई घंटे की अवधि में पूर्ण करना होगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन दीव दादरा नगर हवेली सिलवासा में दिसम्बर तथा जनवरी माह में जिला व राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन किया जायेगा।

**दीयाकुमारी ने संसद में उठाया मामला**

## राजसमन्द में भी खुले सरकारी मेडिकल कॉलेज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सांसद दीयाकुमारी ने संसद के शून्यकाल में मंगलवार को राजसमंद में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग रखी। उन्होंने देश में चिकित्सा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देने और विभिन्न राज्यों में 75 मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी देने के लिए मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया है। स्पेन यात्रा के बाद संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेने पहुंची सांसद दीयाकुमारी ने राजसमन्द में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि राजसमंद जिले में सिर्फ एक निजी मेडिकल कॉलेज है, लेकिन स्थानीय समुदाय के युवा छात्र छात्राओं के लिए निजी मेडिकल कॉलेज की भारी भरकम फीस वहन करना बहुत मुश्किल है।

दीया ने आसन के माध्यम से सरकार से निवेदन किया कि मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ एक सरकारी कॉलेज की स्थापना न केवल मेधावी छात्रों के लिए एक बड़ी राहत होगी, बल्कि क्षेत्र के स्थानीय लोगों को अच्छी और सस्ती स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध कराएगी। सांसद ने केंद्रीय चिकित्सा मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि वे इस मामले में विशेष रूप से संज्ञान ले और निर्धारित मानदंडों में छूट प्रदान करके राजसमंद में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक मंजूरी प्रदान करें।

**विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा की तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग से शिष्टाचार स्वागत भेंट वार्ता**

# पाठ्यक्रमों से विद्यार्थी को मिलेंगे प्रगति के समुचित अवसर-शर्मा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** एमबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अजय कुमार शर्मा ने प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के जोधपुर आगमन पर मुलाकात कर मेवाड़ी पाग के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो.शर्मा ने और संवाद के दौरान एमबीएम विश्वविद्यालय की वर्तमान प्रगति स्थिति, शैक्षिणक गतिविधियों, भावी कार्य योजनायों और शैक्षिक उन्नयन सें संबंधित अपनी प्राथमिकताओं के बारे में तकनीकी शिक्षा मंत्री को अवगत कराया। प्रो.शर्मा नें कहा कि नवस्थापित एमबीएम विश्वविद्यालय विभिन्न रोजगार परक पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को सर्वांगीण अकादमिक विकास के अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। साथ ही उन्होंने नव स्थापित एमबीएम विश्वविद्यालय के अकादमिक विकास और उच्च शिक्षा के गुणात्मक मापदंडों के आवश्यक निर्धारण पर प्रतिबद्धता प्रकट की।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा के रचनात्मक उद्देश्यों के सफल क्रियान्वयन में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। नई नीति के साथ उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के बदलते स्वरूप को अपनाते हुए विश्वविद्यालय में श्रेष्ठ नवीनतम तकनीक, नवाचार, लाभदायक अकादमिक योजनाओं, शैक्षणिक अनुसंधान के माध्यम से विश्वविद्यालय को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा उच्च शिक्षा में गुणवत्ता का होना आवश्यक है। विश्वविद्यालय दुवारा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के नवाचारो के साथ शोध व शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जाएगा, साथ ही हम विधार्थियों के कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास के लिए भी काम करेंगे। विश्वविद्यालय का प्रयास होगा की विश्वविद्यालय के विद्यर्थियो को इस दृष्टि से प्रशिक्षित किया जाए। कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा ने एमबीएम के विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तापरक तकनीकी शिक्षा ज्ञान की गतिशीलता, राष्ट के सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु बहुत महत्त्वपूर्ण है। उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता और मानकों का निर्धारण आवश्यक है। हमें भी अपने विश्वविद्यालयों को नवाचार, आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और उद्यमिता के लिए उत्प्रेरक बनाने की आवश्यकता है। एमबीएम विश्विद्यालय भारत में विश्वस्तरीय, भविष्योन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करायेगी। इस अवसर पर उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। एमबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा की तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग से यह शिष्टाचार स्वागत भेंट वार्ता थी।

**साइकिल मिली तो बालिकाओं के चेहरे खिले, बोली**

# अब स्कूल आने में नहीं होगी परेशानी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सांचौर।** उपखंड मुख्यालय के नजदीक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौर के प्रांगण में निशुल्क साइकिल वितरण योजना 2020- 21व 2021-22 कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय विद्यालय प्रांगण में किया गया बतौर मुख्य अतिथि माननीय सुखराम विश्नोई के सुपुत्र सीए सत्येंद्र विश्नोई कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदूसिंह दूठवा प्रधान प्रतिनिधि चितलवाना विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रतिनिधि जगदीश सारण, शिक्षक नेता किशनलाल सारण प्रधानाचार्य लाडूराम विश्नोई के विशेष सानिध्य में हुआ।

इस मौके पर बोलते हुए सी ए सत्येंद्र विश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार की योजना का लाभ अध्यनरत बालक बालिका प्राप्त कर इसका सदुपयोग करें कक्षा 9 में राजकीय विद्यालय में नवीन प्रवेश लेने वाली समस्त छात्राओं शहरी व ग्रामीण संस्कृत विद्यालयों सहित निशुल्क कंप्लीट लेडीज साइकिल 20 का वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ । साइकिल चलाने से शरीर की कसरत व स्वास्थ्य लाभ मिलता है द्य एवं राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय सांचौर की छात्राओं को 200 साइकिल वितरण हाथों-हाथ की गई।

प्रधान प्रतिनिधि हिंदूसिंह दूठवा ने बताया कि बहुत सारी राज्य सरकार की लाभप्रद योजना जिसमें निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना, विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजना, पालनहार योजना से विद्यालय में अध्ययनरत बालक बालिका लाभ प्राप्त करने की जानकारी प्रदान की।

प्रधानाचार्य लाडूराम विश्नोई ने बताया कि सुगम आवागमन के लिए एवं सामान्य दूरी से अधिक दूरी तय करने के लिए समस्या से निजात पाने के लिए साइकिल वितरण का कार्यक्रम व राज्य सरकार द्वारा साइकिल वितरण की जा रही है इस योजना से कक्षा 9 व 10 में पढ़ने वाली बालिकाओं को लाभ प्राप्त होगा समय की बचत एवं आने जाने की सुगमता मिलेगी।

शिक्षक नेता किशनलाल सारण ने संबोधित करते हुए कहा कि साईकिल वितरण योजना से राजकीय विद्यालय में नामांकन बढ़ रहा है विभिन्न प्रकार की योजनाओं से बालिकाओं का जेंडर गैप विद्यालयों में कम हो रहा है आज कक्षा नवी व कक्षा दस में अध्ययनरत बालक बालिका जो पिछले सत्र कक्षा नवी में अध्यनरतथी साइकिल वितरण की गई । इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओखा राम प्रजापत प्रधानाचार्य डभाल विष्णु दत्त शर्मा, किशनलाल सारण प्रधानाचार्य विरोल बड़ी,तेजाराम जानी, रूडाराम देवासी प्रधानाचार्य हाड़ेतर कार्यक्रम में सहयोग के रूप में व्याख्याता प्रवीण जाणी डभाल, प्रेमाराम मंडा हरियाली,राजेश खीचड़, जगदीश मांजू, आईदानाराम पांचला, प्रभारी मांगीलाल कविता प्रधानाध्यापक डांगरा , मानाराम चौधरी भजनलाल पुनिया भीखाराम गोदारा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# विद्यालय का अल्पसंख्यक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं तो होगी कार्यवाही

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** भारत सरकार के नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल जिसके माध्यम से विद्यार्थी अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति पूर्व मैट्रिक, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं नेशनल मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के क्लेम फार्म ऑनलाईन आवेदन करते है। छात्रवृत्ति पोर्टल को सुरक्षा की दृष्टि से सुदृढ बनाने की के लिए अल्पसंख्यक मामलात विभाग एवं निदेशक महोदय माध्यमिक शिक्षा के निर्देशानुसार शत प्रतिशत निजी एवं राजकीय विद्यालयों की केवाईसी तथा आधार लिंक कर अपडेट करने के निर्देश प्रदान किए गए है।जिसके लिए सभी विद्यालयों को संबंधित ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क करने के निर्देश प्रदान किए गए थे।

जिले में मुख्यतया ब्लॉक बेंगू 104,चितौडगढ़ 32 तथा कपासन के 25 विद्यालयों के कार्मिकों का पोर्टल पर आधार अपडेट नहीं किया गया है इसी प्रकार ब्लॉक चितौडगढ़ के 94 तथा कपासन के 31 विद्यालयों के द्वारा विद्यालयों के केवाईसी पूर्ण कर सीबीईओ कार्यालय में जमा नहीं कराए गए है। ऐसी संस्थाऐं जो पोर्टल पर केवाईसी तथा आधार अपडेट करने के कार्य को पूर्ण नहीं कर रहें है जिसके संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निदेशक माध्यमिक के निर्देशानुसार निजी विद्यालयों की मान्यता समाप्त करने के प्रस्ताव प्रेषित करने तथा राजकीय विद्यालयों के संस्थाप्रधान के विरूद्व विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश प्रदान कर दिए गए है। जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक चितौडगढ़ शांतिलाल सुथार ने प्रदान की।

### शादान जैब खान अजमेर दरगाह कमेटी के कार्यवाहक नाजिम होंगे

**अजमेर @ जागरूक जनता।** केन्द्रीय वक्फ कौंसिल के सचिव शादान जैब खान राजस्थान में अजमेर में विश्व प्रसिद्ध सूफी संत मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह का प्रबंधन सम्भालने वाली दरगाह कमेटी के कार्यवाहक नाजिम होंगे। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्रालय के सचिव मोहम्मद नदीम ने खान को अजमेर दरगाह कमेटी के लिये अतिरिक्त प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए हैं। अजमेर दरगाह कमेटी के सदर अमीन पठान तथा नाजिम अशफाक हुसैन के बीच उपजे विवाद के बाद यह स्थिति बनी है। विवाद का कारण कथित तौर पर नाजिम अशफाक हुसैन द्वारा कमेटी द्वारा संचालित स्कूल अध्यापिका सोशल मीडिया संदेश रहा। यह विवाद अन्दर ही अन्दर गहराता रहा। नाराज नाजिम ने इस्तीफा दे दिया और उसे मंजूर कर लिया गया। नाजिम अपने पारिवारिक कारणों पहले भी एक बार इस्तिफा दे चुके थे।

ANCHOR **बीमा नहीं करवाने वाले किसान 24 तक बैंक में**

# किसानों के लिए रबी फसलों का बीमा 31 तक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** जिले के किसान रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते हैं। कुल बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत प्रीमियम किसानों को जमा कराना पड़ेगा। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सरकार ने रबी फसलों के लिए बीमा करने की अधिसूचना जारी कर दी है। कृषि विभाग के उप निदेशक रामपाल खटीक ने बताया कि रबी फसलों के बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर है, साथ ही जिन किसानों को अपनी फसलों का बीमा नहीं करवाना है, वे संबंधित बैंक में 24 दिसम्बर तक लिखित में घोषणा पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। इस वर्ष से फसलों का बीमा करवाना किसानों के लिए पूर्णतः स्वैच्छिक है। फसल बीमा योजना में फसलों की बुवाई से कटाई तक विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के उत्पादन में होने वाली कमी के अनुसार

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

संबंधित बीमित किसान को क्लेम देने का प्रावधान है। रबी फसलों के बीमा के लिए किसानों को कुल बीमित राशि का केवल 1.5 प्रतिशत ही प्रीमियम के रूप में जमा करना है। शेष राशि केंद्र व राज्य सरकार 50-50 प्रतिशत जमा कराएगी।

#### प्रीमियम राशि निर्धारित

जिले में रबी मौसम के लिए अधिसूचित फसलों की कुल बीमित राशि व कृषक द्वारा जमा कराने वाली प्रीमियम राशि भी निर्धारित की गई है। चने के लिए प्रीमियम राशि 1042.57 रुपए प्रति हेक्टेयर (4 बीघा) है। बीमित राशि 69505 प्रति हैक्टेयर है। इसी तरह सरसों के लिए प्रीमियम राशि 1037.71 रुपए प्रति हेक्टेयर है और बीमित राशि रुपए 69181 प्रति हेक्टेयर है। गेहूं के लिए प्रीमियम राशि 1092.63 रुपए प्रति हेक्टेयर है और बीमित राशि 72842 रुपए प्रति हेक्टेयर है।

#### ऋणी, गैर ऋणी एवं बटाईदार कृषक भी करा सकते हैं बीमा

उप निदेशक ने बताया की जिन किसानों ने रबी 2021 के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, व्यावसायिक बैंक एवं भूमि विकास बैंक, सहकारी बैंक एवं सहकारी समितियों से 31 दिसम्बर 2021 तक अल्पकालीन फसली ऋण लिया है, वे किसान संबंधित संस्था से अपनी फसलों का बीमा करवाएं। गैर ऋणी एवं बटाईदार कृषक भी नजदीकी बैंकों के माध्यम से अपने खाते से 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि कटवाकर फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बटाईदार कृषकों को मूल खातेदार से इस विषय में शपथ पत्र देना होगा। गैर ऋणी कृषकों बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमाबंदी की नकल, पटवारी द्वारा जारी बोआई प्रमाण-पत्र सलंग्न कर बैंक या नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर फसलों का बीमा करवाएं।

#### प्राकृतिक आपदाओं से फसलों में नुकसान होने पर बीमा क्लेम

कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों से खड़ी फसल (बुवाई से कटाई) में सूखा, लम्बी सूखा अवधि, बाढ़, जल प्लावन, कीट एवं व्याधि, भू-स्खलन, प्राकृतिक आग, बिजली गिरना, तूफान, ओलावृष्टि चरू वात, आंधी, भंवर एवं बवंडर से होने उपज में नुकसान के लिए व्यापक जोखिम बीमा राज्य सरकार द्वारा संपादित फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त उपज आंकड़ों के आधार पर क्लेम देय है। इसी तरह फसल कटाई उपरांत सूखने के लिए खेत में काटकर फैलाकर छोड़ी गई फ सल को कटाई के बाद 14 दिन तक चरू वात, चरू वाती वर्षा, असामयिक वर्षा तथा ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान का क्लेम व्यक्तिगत आधार पर देय है।

## जागरूक खबरें

### एडीएम स्वामी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) रतन कुमार स्वामी ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर किला रोड पर स्थित डॉ. अम्बेडकर की मूर्ती पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस मौके अन्य कार्मिक भी मौजूद रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार स्वामी ने डॉ. अम्बेडकर को याद किया एवं उनके बताए आदर्शों एवं पदचिन्हों पर चलने की बात कही। हमारे संविधान को तैयार करने में डॉ. भीमराव आंबेडकर की बड़ी भूमिका थी। इसी वजह से वह संविधान निर्माता के तौर पर जाने जाते हैं। वह बड़े समाज सुधारक और विद्वान थे। उनका स्वर्गवास 6 दिसंबर, 1956 को दिल्ली स्थित उनके घर पर हुआ था। ऐसे में प्रतिवर्ष इस दिन को उनके परिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

### शादी का झांसा देकर पीड़िता का देह शोषण करने वाला ?2000 का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार

**सिरोही @ जागरूक जनता।** थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित मय टीम द्वारा मुंबई से अभियुक्त देव वैष्णव पुत्र बनवारी लाल वैष्णव जाति वैष्णव निवासी रोहिडा को किया गिरफ्तार। अभियुक्त 6 माह से फरार था पुलिस लगातार पीछा कर रही थी फिर भी कभी मुंबई कभी कहीं महानगरों में रह रहा था। अभियुक्त मुंबई के पॉश इलाके में एक राजनेता के घर में पुलिस से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन बंद करके रह रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी व मुखबिरी स्रोत आधार पर विश्लेषण कर अभियुक्त तक पहुंचने में की सफलता प्राप्त। 6 माह पूर्व पीड़िता ने प्रकरण दर्ज करवाया कि अभियुक्त देव वैष्णव ने शादी का झांसा देकर उसका देह शोषण किया वगेरा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा व वृताधिकारी पिंडवाड़ा किशोरसिंह चौहान के निकट सुपर विजन में थानाधिकारी स्वरूपगंज हरिसिंह राजपुरोहित मय टीम को अभियुक्त को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त पर 2000 का इनाम घोषित कर रखा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित कांस्टेबल दिनेश कुमार, बजरंग लाल, रामलाल, परमेश्वर, बाबूसिह, छगनलाल व तेजाराम की रही भूमिका। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को किया जाएगा पुरस्कृत।

### बच्चों को कापियां हनुमान चालीसा मास्क सैनिटाइजर वितरित किए

**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री ओम जय सनातन धर्म ट्रस्ट की ओर से मनीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोड़ला, हरमाड़ा, गायत्री नगर स्थित में समाजसेवी सुनील जैन के नेतृत्व में बच्चों को कॉपियां, हनुमान चालीसा वितरित की गई। मोरिको लिमिटेड के सौजन्य से सैनिटाइजर भी दिए गए। वर्गो सांस्कृतिक संस्था की ओर से 200 मास्क बांटे गए। इसी कड़ी में अमरनाथ जी के तत्वाधान में एक ही समय संपूर्ण भारत वर्ष में श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ प्रतिदिन सुबह शाम 8:00 बज कर 8 मिनट पर अभियान के तहत हनुमान चालीसा वितरित की गई। विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर महावीर सिंह निठारवाल ने कहा कि कोरोनावायरस अभी गया नहीं अभी भी कोरोना के केस मिल रहे है स्वस्थ विभाग की गाइडलाइन का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। डायरेक्टर मनीष निठारवाल ने सभी बच्चों को हिदायत दी कि प्रतिदिन विद्यालय में मास्क लगाकर आए, कोरोनावायरस से सावधानी ही बचाव है इस मौके पर प्रधानाचार्य हेमराज मंगवा, समाजसेवी जेपी बुनकर भी मौजूद रहे ।

### ऑनलाइन काया विशेष साहित्यिक महोत्सव सम्पन्न

**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह के मंच पर शारीरिक अंगों की महत्वता तथा विशेषता दर्शाने के लिए ऑनलाइन काया विशेष साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका 'विषय - शरीर के अंग और नज़रिए के रंग' रखा गया। इस महोत्सव में अर्चना वर्मा (क्यूबेक, कनाडा) सहित देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक बेहतरीन शरीर के अंगों के महत्व तथा विशेषता पर आधारित रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन काया विशेष साहित्यिक महोत्सव में चार चाँद लगा दिए। इस महोत्सव में चंचल जैन (मुंबई, महाराष्ट्र) और संध्या शर्मा (मोहाली, पंजाब) की रचनाओं ने सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन पुनीत साहित्य स्वर्ण सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के अध्यक्ष जी ने काया को ईश्वर का अनमोल उपहार बताते हुए काया के समस्त अंगो का ध्यान रखने के लिए रचनाकारों को प्रेरित किया और महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि समूह आगे भी इसी तरह से अपने सामाजिक दायित्व की पूर्ति हेतु ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सव आयोजित करता रहेगा तथा नए रचनाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए ऑनलाइन साहित्यिक मंच उपलब्ध करवाता रहेगा। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम संध्या शर्मा, कुसुम अशोक सुराणा, चंचल जैन, मीता लुनिवाल, डॉ. ऋतु नागर, सुनीता सोलंकी 'मीना', अर्चना वर्मा, सरिता सागर रचनाकारों के रहे।

---

सरकारी विद्यालयों में बच्चों से परिजनों के टीकाकरण का लिया जाएगा प्रमाण पत्र

# वैक्सीन लगी या नहीं, अभिभावकों को लिखित में बताना होगा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**दौसा।** प्रदेश की राजधानी व दौसा से सटे जयपुर में कोरोना के नए वैरिएंट 'ओमिक्रॉन' की दस्तक से दौसा में भी प्रशासन अलर्ट हो गया है। चिकित्सा विभाग ने एंटी कोरोना एक्टीविटीज पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। वहीं जिला कलक्टर पीयुष समारिया ने राजकीय विद्यालयों के समस्त अध्ययनरत विद्यार्थियों के 18 वर्ष आयु से अधिक के परिवारजनों से कोविड वैक्सीन की प्रथम व दूसरी डोज लगने का प्रमाण पत्र मंगवाने के सोमवार को आदेश जारी किए हैं। इसकी पालना में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने सभी सीबीईओ व पीईओ को तीन दिन में सूचना समेकित कर भेजने के आदेश दे दिए। कलक्टर की इस पहल से एक और जहां कोविड वैक्सीनेशन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं शिक्षकों पर नई जिम्मेदारी आ गई है।

जानकारी के अनुसार दौसा जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों से उनके परिजनों के वैक्सीनेशन के बारे में शिक्षक प्रमाण पत्र जुटाएंगे। इसके बाद पीईईओ स्तर पर सूचना समेकित कर ब्लॉक कार्यालय को भेजी जाएगी। ब्लॉक से जिला स्तर पर सूचना आने के बाद यह निर्धारित हो पाएगा कि वैक्सीनेशन किस स्तर पर हुआ है। बच्चों के अभिभावकों को प्रमाण पत्र में बताना होगा कि पहली डोज लगी है या दोनों लग चुकी। साथ ही डोज लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। सीडीईओ ने बताया कि जिला कलक्टर के आदेश के बाद सभी ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों को तीन दिन में सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि दौसा जिला अभी प्रदेश के दो दर्जन जिलों से वैक्सीनेशन में पीछे चल रहा है। ऐसे में वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने के लिए जिला कलक्टर ने अभिभावकों से प्रमाण पत्र मंगवाने के अलावा अन्य विभागों को भी जागरुकता के लिए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कोविड की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर जिला अस्पताल में भी कोविड के लिए 40 बेड का अलग वार्ड बना दिया गया है। साथ ही मेडिकल टीम का भी गठन कर दिया गया है। ऑक्सीजन के तीन प्लांट तैयार हैं। करीब 160 ऑक्सीजन सिलेण्डर व 88 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि जिले में अभी तीन एक्टिव कोविड मरीज हैं।

### कंट्रोल रूम चालू

**सीएमएचओ** डॉ. सुभाष बिलोनिया ने बताया कि एंटी कोरोना एक्टीविटीज के लिए सभी ब्लॉक मुख्यालयों को निर्देशित किया गया है। प्रत्येक ब्लाक को लक्ष्य के अनुसार सैम्पलिंग बढ़ाने को कहा है। इसके अलावा कंट्रोल रूम एक्टिव है, कोई भी व्यक्ति कोरोना संदिग्ध की सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 7891510014 पर दे सकता है। उन्होंने बताया कि 'ओमिक्रॉन' वायरस के प्रति विशेष सावधानी बरती जा रही है। आईईसी और फिल्ड कार्यकर्ताओं को बताया है कि कोई भी व्यक्ति विदेश यात्रा कर आया हो, वह जांच जरूर कराए। एपिडोमोलोजिस्ट डॉ. मुकेश बंसल ने बताया कि घर-घर सर्वे के दौरान आमजन को मास्क लगाने, जरूरी हो तो ही घर से निकलने, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर नहीं जाने, बार-बार साबुन से हाथ धोने आदि के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### पुलिस ने तैयार कराया ऑडियो

**इधर,** कोरोना के नए वैरिएंट से आमजन को जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग भी आगे आया है। एसपी अनिल बेनिवाल ने बताया कि कोरोना जागरुकता ऑडियो तैयार कराया गया है। सभी विभागों को पत्र भेजकर ऑडियो को प्रसारित करने के निर्देश दिए हैं। नगर निकायों से सार्वजनिक स्थानों पर, शिक्षा विभाग से स्कूलों में तथा प्रशासन से प्रशासन गांवों के संग शिविर सहित सोशल मीडिया पर ऑडियो को प्रसारित करने के लिए कहा गया है। इस ऑडियो में कोरोना से बचाव के उपाय व टीकाकरण के बारे में प्रेरित किया गया है।

---

अगले साल 7 से 11 जनवरी तक होगा 'जिफ' का आयोजन

# 15 देशों से 28 ज्यूरी सदस्यों ने चुनी 82 देशों की फिल्में

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 14वें जयपुर इंटरेनशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ 2022) के लिए दुनिया भर से 82 देशों से लगभग 1500 फिल्मों के आवेदन प्राप्त हुए। जिफ आयोजन समिति ने इनमें से जिफ के लिए 10 श्रेणियों में नामांकित फिल्मों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में में 52 देशों की 182 फिल्मों को स्थान मिला है। 15 देशों से 28 ज्यूरी सदस्यों ने ये फिल्में चुनी हैं। प्रथम सूची में जिफ का ये अब तक का सबसे बड़ा सलेक्शन है। पिछले साल जिफ 2021 के लिए इस समय तक 80 देशों से 1484 फिल्में प्राप्त हुई थी जिनमें से 38 देशों की 161 फिल्मों का नॉमिनेशन हुआ था। जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 7 से 11 जनवरी 2022 तक ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में होगा।

### 10 केटेगरी में फिल्मों का चयन

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 10 श्रेणियों में चयनित फिल्मों में 24 फीचर फिक्शन फिल्म,22 डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म,88 शॉर्ट फिक्शन फिल्म,18 शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 11 शॉर्ट एनिमेशन फिल्म,4 मोबाइल फिल्म, 5 वेब सीरीज़,1 एड फिल्म, 9 सॉन्ग और इनमें 10 स्टूडेंट्स फिल्मस शामिल हैं। जिफ में अक्सा, लव लेबोरेट्री, सॉरी आई फॉरगिव यू, विग्गलर आदि चायना से, एटलस स्विट्जरलैंड से, मेक बिल्वर्स जापान से, द लास्ट बाथ पुर्तगाल से, वेरोना ब्राजील से, दो नॉट हेजिटेट नीदरलैंड्स से, द अगली ट्रूथ जर्मनी से, द फाइनल स्टैंड रशिया से, संभाला किर्गिस्तान से और भारत से ब्रिज, नट्यम, गिलियु पनजाराडोलीला, नानी, बाबा बेबी ओ दालचीनी और लुल्लाबाय आदि फिल्मों का चयन किया गया है। फेस्टिवल में विश्व भर के जाने पहचाने और प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कार जीत चुके फिल्मकारों की फिल्मों का चयन हुआ है। जिफ में पहले बार चायना, जापान और साउथ कोरिया से बड़ी संख्या में फिल्म सब्मिट हुई है और नॉमिनेट भी हुई हैं। 05 दिसम्बर 2021 को नामांकित फिल्मों की दूसरी सूची जारी की जाएगी।

## उत्तर पश्चिम रेलवेः जयपुर की 30 ट्रेनों में शुरू हुई जनरल टिकट पर यात्रा

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने हाल राजस्थान के 3 शहरों में संचालित हो रही 8 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में साधारण (जनरल) टिकट से यात्रा करने की अनुमति दे दी है। रेलवे के जीएम विजय शर्मा, प्रिंसिपल सीसीएम अर्चना श्रीवास्तव ने इसे लेकर आदेश भी जारी कर दिए हैं। मुख्यालय से निर्देश मिलते ही डीआरएम नरेंद्र और सीनियर डीसीएम मुकेश सैनी ने भी मंडल और क्रिस को इसे अपडेट करने के निर्देश जारी कर दिए। जिन ट्रेनों में जनरल टिकट जारी किए जा रहे हैं, उनमें जयपुर की 30 ट्रेनों में भी ये सुविधा दी जा रही है।

### भोपाल-जोधपुर 13 तक बदले हुए रूट से चलेगी

बीना, महादेवखेड़ी, सेमरखेड़ी और कंजिया स्टेशनों पर नॉन इण्टरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके चलते जयपुर से जुड़ी दो ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार ट्रेन नंबर 14813/ जोधपुर-भोपाल-जोधपुर 13 दिसंबर तक अपने निर्धारित रूट की बजाय रुठियाई-मक्सी-संत हिरदाराम नगर-भोपाल रूट से संचालित होगी।

---

## उत्कृष्ट सेवाओं हेतु वीएचपी ने किया वीडियो एक्यूप्रेशर पद्धति डॉक्टर का सम्मान

लॉयन्स क्लब, नावां
एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नावा शहर।** नवा शहर में चल रहे सात दिवसीय एक्यूप्रेशर पद्धति शिविर द्वारा नगर के आमजन को उपलब्ध विभिन्न रोगों में लाभान्वित होने पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा डॉ प्रकाश जानकीदास का संघ के वरिष्ठ रमेश बियानी की अध्यक्षता में साल उठाकर, भारत माता के भक्ति चिन्ह के साथ स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विजय भैया ने जानकारी देते हुवे बताया कि हमारे शरीर पर मौजूद कुछ बिंदु ही कई रोगों का निदान करने की क्षमता रखते हैं। यदि इन बिंदुओं पर विशेष प्रकार से दबाव डाला जाए, तो यह कई रोगों के इलाज में मदद कर सकते हैं। एक?यूप्रेशर इलाज की ऐसी ही एक पद्धति है, जो शरीर के इन खास बिंदुओं को दबाकर रोग को दूर करने का कार्य करती है। साथ ही कहा मातृशक्ति तथा मातृशक्ति का भाव। मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन किसी समाज का आईना होता है। साथ ही किसी समाज की सभ्यता और संस्कार का मानक भी। ऐसा समाज ही आदर के योग्य होता है। मातृशक्ति का सम्मान हमारी परम्परा रही है। स्मृतियों में भी कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।।

मंत्री गणेश कुमावत ने जानकारी देते हुवे बताया कि नावां में आयोजित महिला लॉयन्स क्लब द्वारा एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति शिविर का आयोजन एक सराहनीय पहल है नगर वासियों के लिए इस सात दिवसीय शिविर में अनेकों नागरिक लाभान्वित हुए हैं वह शिविर को सात दिवस और बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा। आयोजन के लिए मातृशक्ति का धन्यवाद ज्ञापित किया। एडवोकेट राधावल्लभ मिश्रा ने बताया कि यज्ञोपवीत को लघु शंका व दीर्घ शंका निवृत्ति के समय कान पर लपेटने के पीछे भी वैज्ञानिक सिद्धांत काम करता है व इससे पेट एवं मूत्र संस्थान की बीमारियां नहीं होती है। वही शंख बजाने से फेफड़े फैलते हैं जिसके चलते अस्थमा और सांस से जुड़ी बीमारियां जड़ से खत्म हो जाती हैं। लॉयन्स क्लब अध्यक्ष कुसुम लड्ढा लॉयन्स टीम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा जुड़जर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया। इस दौरान एसबीआई मैनेजर प्रोड प्रमुख गोपाल शर्मा, वीएचपी उपाध्यक्ष सीताराम खाण्डल, कुमावत विवाह समिति अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, समाजसेवी मूलचंद लड्ढा, संतोष लड्ढा, तुलसीराम राजस्थानी,अशोक अटल, विकास कुमावत, संगीता अग्रवाल, हेमा, कुसुम भानु प्रियंका, पूजा कुमावत, बियाणी,लक्की गौड, शहित गणमान्य मौजूद रहे।

---

सांसद जोशी ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

# किसानों के लिए खाद और कर्मचारियों के लिए सीजीएचएस वैलनेस सेन्टर की मांग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़ सांसद सी.पी.जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मान्डविया से मुलाकात की। उन्होंने किसानों के लिए समय पर जरूरी खाद की उपलब्धता और उदयपुर संभाग के लिए केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सी.जी.एच.एस.) की डिस्पेंसरी, वैलनेस सेंटर, पॉलीक्लिनिक खोले जाने की मांग की है। सांसद ने बताया कि उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ जिलों में किसान रबी की फसल की बुवाई कर रहे है। बुवाई के समय किसानों को रबी की फसल के लिए प्रधान उर्वरक यूरिया की जरूरत होती है। उन्होंने किसानों के लिए यूरिया की मांग की। सांसद जोशी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को बताया कि संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ जो की उदयपुर संभाग में आता हैं। वहां पर केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के लिउ सीजीएचएस की डिस्पेन्सरी का अभाव हैं। यहां पर केन्द्रीय कर्मचारियों, उनके परिजनों के साथ साथ सी.जी.एच.एस. के लिए योग्य या पात्र व्यक्तियों का रहना होता हैं। वरिष्ठ नागरिकों को भी सी.जी.एच.एस. के लाभ के लिए अन्य शहरों की तरफ जाना पड़ता है, जिससे उनको समस्या रहती है। सांसद जोशी ने केन्द्रीय मंत्री से दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर संभाग के लिए सीजीएचएस डिस्पेंसरी, वैलनेस सेंटर, पॉलीक्लिनिक को खोलने की मांग की है।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा 13 से : समयावधि सवा तीन घंटे से घटाकर पौने तीन घंटे की

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** जिला समान परीक्षा योजना माध्यमिक के तहत नवमी से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा आगामी 13 से 24 दिसंबर के मध्य प्रस्तावित है। इसका टाइमटेबल बनाने का कार्य अंतिम चरणों में है, लेकिन शिक्षा विभाग ने परीक्षा की समयावधि 3.15 घंटे से घटाकर 2.45 घंटे कर दी है। छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के प्रश्न-पत्र स्कूल स्तर पर निर्मित होंगे, जबकि पहली से पांचवीं कक्षा के बच्चों की आवश्यकतानुसार पैन एंड पेपर टेस्ट के तहत अर्द्धवार्षिक परीक्षा होगी। इसको लेकर निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर कानाराम ने आदेश जारी किए हैं। निदेशक के आदेश के तहत प्रथम व द्वितीय टेस्ट के 20-20 और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के 60 अंकों के आधार पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर को 20 नंबर के सत्रांक का मूल्यांकन करके भेजना होगा। नवमी से बारहवीं कक्षा तक की सभी परीक्षाएं जिले की सभी निजी और सरकारी सैकंडरी व सीनियर सैकंडरी स्कूलों में होगी। सीडीईओ डॉ.भल्लूराम खीचड़ व सीबीईओ शहर इंसाफ खा जई के अनुसार निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत परीक्षा करवाने के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

---

ANCHOR सीएम को लिखा पत्र

# सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा की आयु सीमा में छूट दे सरकार

### दस साल बाद भर्ती से पत्रकार व अन्य अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित, जार ने आयु सीमा बढ़ाने के लिए सीएम को लिखा पत्र

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने दस साल बाद निकली सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा में आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग उठाई है। जार ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर आयु सीमा में पांच साल की छूट देने की मांग उठाई है। जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा व प्रदेश महासचिव संजय सैनी ने पत्र में बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने हाल ही सहायक जनसंपर्क अधिकारी सीधी भर्ती 2021 का भर्ती विज्ञापन जारी किया है। इससे पहले सहायक जन सम्पर्क अधिकारी की भर्ती परीक्षा राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से 20 जनवरी, 2012 को निकाली गई थी। दस साल बाद अब सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा के आवेदन मांगे गए हैं। पत्रकारिता क्षेत्र में कार्य कर रहे मेधावी पत्रकार और अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी दस साल से इस भर्ती परीक्षा का इंतजार कर रहे थे। लेकिन राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से जारी इस भर्ती विज्ञप्ति ने काफी पत्रकारों व अन्य अभ्यर्थियों के सपनों पर कुठाराघात कर दिया।

भर्ती परीक्षा की अर्हताओं में तो कोई बदलाव नहीं है, लेकिन अधिकतम आयु सीमा में मात्र तीन वर्ष की छूट दी गई है, जो ठीक नहीं है। यह छूट एक दशक से परीक्षा में बैठने के इच्छुक व पूरी लगन के साथ तैयारी कर रहे पत्रकार साथियों व अन्य परीक्षार्थियों के लिए न्यायपूर्ण नहीं है। इस परीक्षा की विज्ञप्ति में आयु सीमा की गणना विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक 24 नवंबर 2021 की जगह 1 जनवरी 2022 से की जा रही है जो भी हजारों अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है। आयु सीमा की गणना उसी दिन तक होनी चाहिए जिस दिन भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। पत्र में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि सहायक जनसंपर्क अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा की ऊपरी आयु सीमा में सभी वर्गों व श्रेणियों में कम से कम 5 साल की छूट दिए जाने के आदेश आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 से पूर्व जारी करवाए जाए। सूचना व जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना और मुख्य सचिव निरंजन आर्य को पत्र की प्रति दी गई है।

---

## पृथ्वीराज नगर की 1 लाख से ज्यादा आबादी को अप्रेल तक पानी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य में दो वर्ष बाद विधान सभा चुनाव हैं। लेकिन सरकार ने अभी से चुनावी नैया पर सवार होकर विधान सभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार ने अब पूरा फोकस आमजन से जुड़ी पेयजल परियोजनाओं को चुनाव से पहले पूरा कर अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने का प्रबंधन शुरू किया है। सरकार की प्रदेश भर में चल रहे जल जीवन मिशन के साथ ही जयपुर में 563 करोड़ रुपए के बीसलपुर–पृथ्वीराज नगर पेयजल प्रोजेक्ट को तय समय से छह महीने पहले यानि अप्रेल तक पूरा करने की है। अगले सप्ताह से प्रोजेक्ट की सभी साइट पर दो शिफ्ट में काम शुरू होगा।

### 700 कॉलोनियों को मिलेगा पानी

बीसलपुर प्रोजेक्ट इंजीनियरों की माने तो प्रोजेक्ट को 6 लाख 10 हजार की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के हिसाब से तैयार किया है। लेकिन पहले फेज में 2 लाख 30 हजार की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वितरण तंत्र बिछाया जा रहा है। अप्रेल तक मुहाना मोड़ से लेकर अजमेर रोड़ स्थित वेस्ट टू हाइट स्कीम तक पृथ्वीराज नगर की 700 से ज्यादा कॉलोनियों में वितरण तंत्र बिछाने का काम पूरा कर पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

### टंकियां बनती रहेंगी–अभी डायरेक्ट बूस्टिंग से सप्लाई

बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत 19 टंकियां बननी हैं। कुछ जगह टंकियों के निर्माण के लिए जगह नहीं मिली है। ऐसे में वितरण तंत्र बिछाने के बाद डायरेक्ट बूस्टिंग सिस्टम से पेयजल सप्लाई होगी। जैसे जैसे टंकियां बनती जाएंगी वितरण तंत्र को टंकियों से जोड़ा जाएगा।

### अगले सप्ताह से दो शिफ्ट में काम

पृथ्वीराज नगर में बीसलपुर प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 250 से 300 मजदूर काम कर रहे हैं। अब अगले सप्ताह से दो शिफ्ट में काम शुरू होगा। इसके लिए मजदूरों की संख्या बढ़ा कर 600 से ज्यादा किया जा रहा है।

## जागरूक खबरें

### सुजान गंगा:मंसा देवी मंदिर घाट पर बनेगी चौपाटी, यहीं बोटिंग का भी आनंद ले सकेंगे शहर के लोग

**भरतपुर @ जागरूक जनता।** सुजानगंगा नहर को लेकर शुरू किए गए भास्कर अभियान का असर अब दिखने लगा है। नगर निगम ने सुजानगंगा के करीब 10 पॉइंट्स से कचरा हटाने के साथ ही मंसा देवी घाट पर साफ सफाई कराई। यहां पार्क और फूड स्ट्रीट विकसित करने के साथ ही चौपाटी बनाने का फैसला भी किया है। यहीं से जल्द बोटिंग शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त कमलराम मीणा ने लोगों से अपील की कि वे नहर में न तो खुद कचरा डालें और न ही दूसरों को डालने दें। इसके लिए नगर निगम कर्मियों को भी पाबंद किया जाएगा। नगर निगम के एक्सईएन विनोद चौहान ने बताया कि शुरु में यहां एक छोटी, दो पैडल बोट और एक बड़ी बोट चलाने की योजना है। बड़ी बोट की क्षमता 10 लोगों की होगी। सुजान गंगा का पानी काफी हद तक साफ हो चुका है। जरुरत हुई पानी की सफाई के लिए अजमेर से फिर मशीन मंगाई जाएगी।

### प्रशासन शहरों के संग: आज मेरा काम हुआ मैं खुश हूं-वार्डवासी

**तारानगर @ जागरूक जनता।** नगरपालिका तारानगर द्वारा प्रशासन शहरो के संग अभियान के अन्तर्गत वार्ड नं. 26 का शिविर मॉर्डन छात्रावास तारानगर में लगाया गया जिसके अन्तर्गत 10 कृषि भूमि नियमन, 12 पट्टे 69ए नियमन के पट्टे, 03 स्टेट ग्रान्ट एक्ट नियमन व 10 जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन जारी किये गये। अभियान के दौरान राजस्थान राज्य पथ परिवहन विभाग के जसवंत कुमार बेनीवाल द्वारा रोड़वेज यात्रा हेतु पात्र व्यक्तियों के कार्ड जारी किये गये जिससे किराये में छूट मिले। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रियंका बानो, मुंशी खां, उस्मान खां, वार्ड पार्षद हरिसिंह बेनीवाल, ईओ अरूण कुमार सोनी, पार्षद त्रिलोक रैगर, नक्शा नवीस परवेज आलम, साजिद अली, पालिका कर्मचारी हेमसिंह शेखावत, शक्तिसिंह राठोड, गोपालराम रैगर, हेमराज प्रजापत, सुशील प्रजापत, अर्जुन सिंह राजपुरोहित, कृष्ण भाम्भू, नितेश उपाध्याय, एवं अन्य विभागो के कर्मचारी एवं वार्डवासी तथा पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गुरु आश्रम पहुंचकर पाराशर ने लिया आशीर्वाद

**ग्वालियर @ जागरूक जनता।** विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर के ग्वालियर पहुंचने पर हुआ संवाद। विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक एवं अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज पाराशर अपनी पत्नी अनुराधा पाराशर एवं बेटे समृद्ध के साथ ग्वालियर पहुंचे। राष्ट्रीय संयोजक पाराशर ने गुरुकुल अपने गुरु स्वामी 1008 श्री सुधीर दीक्षित के आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने गुरु जी के जन्मदिन पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी एवं सपरिवार आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर स्वामी सुधीर दीक्षित जी महाराज ने पाराशर को सत्य के शोध में रहकर जीवन पथ पर आगे बढ़ते रहने की बात कही। राष्ट्रीय संयोजक पाराशर के ग्वालियर पहुंचने पर कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बन्धुओं ने भी मुलाकात की। गौरतलब है कि विप्र संवाद के माध्यम से राष्ट्रीय संयोजक पाराशर ने तीन लाख विप्र जनों से संवाद कर एक अनूठा प्रयास किया है। जिसकी चर्चा सामाजिक स्तर पर जोरो से है।

### पुजारी समाज सायला ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सायला (जालौर) @ जागरूक जनता।** जिले के बागोडा थानाक्षेत्र के धुम्बडियां गांव में पुजारी नेनुदास हत्याकाण्ड के आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर पुजारी समाज सायला द्वारा तहसीलदार के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि धुम्बड़िया गांव में गत 29 व 30 नवम्बर की मध्यरात्रि में हनुमान मंदिर के पुजारी नेनुदास की मंदिर परिक्षेत्र में अज्ञात हमलवारों ने हत्या कर दी थी। लेकिन हत्या के एक सप्ताह बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर पाई है। जिससे पुजारी समाज सहित 36 कौम आक्रोशित है। ज्ञापन में पुजारी नेनुदास के हत्यारों को आगामी तीन दिन में गिरफ्तार कर कठोर दंड दिलाने की मांग की है। अन्यथा पुजारी समाज द्वारा मजबूरन उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान पुखराज वैष्णव, बाबूदास, द्वारकादास, लादुदास, शान्तिलाल, प्रकाश रावल, पारसदास, दिनेशदास, तेजाराम, अशोक वैष्णव, राकेशदास, कैलाशदास, मीठूदास, किशनदास, विजयदास, चम्पादास, ठाकुरदास, मगनदास समेत समाजबंधु मौजूद थे।

### दलीचन्द द्विवेश टाइगर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** दी राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक टाइगर संस्थान नई दिल्ली की बैठक राष्ट्रीय मुख्य प्रशासक आरडी शर्मा की अध्यक्षता में व जूना अखाड़ा के महंत देवगिरी के मुख्य आतिथ्य में हुई। राष्ट्रीय प्रवक्ता खुर्शीद ऐजाजी ने बताया की बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें दलीचन्द दिव्येश मावली को सर्वसम्मिति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता जगन्नाथ प्रसाद डागलिया सुरत को राष्ट्रीय चेयरमैन, गणेश राम सुंडा नागोर को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया । सभी पदाधिकारियों को महंत देवगिरि महाराज ने आशीर्वाद देकर देश हित में कार्य करने की शपथदिलाई। बैठक में चेयरमैन जगन्नाथ प्रसाद डागलिया ने कहा कि देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति की सूचनाएं एकत्र कर सम्बन्धित विभाग अधिकारियों एवं ब्यूरो को जानकारी देकर पत्र लिखें। संचालन असलम खान ने किया

# भाजपा एकमुखी है, चुनाव में चेहरा कौन होगा, इसकी चर्चा की जरूरत ही नहीं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा में चेहरे की लड़ाई पर एक बार फिर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा है कि चुनाव का चेहरा कौन होगा, इसकी चर्चा की जरूरत ही नहीं। सम्पूर्ण भाजपा एकमुखी है। पार्टी आलाकमान के निर्देशों की पूरी तरह पालना ही हमारा ध्येय है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड ही भाजपा में सर्वोपरि होता है। वो ही तय करता है कि कौन चेहरा होगा। ये तमाम चीजें भविष्य के गर्भ में हैं। हमारा पहला लक्ष्य भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा संस्कारित परिवार है, जहां पर संगठन, विचार, चुनाव चिन्ह, नेतृत्व ही हमारा प्रेरणा पथ है। भाजपा के परचम के पीछे हम सब लोग चलते हैं। किसी दूसरे मुद्दे की चर्चा की आवश्यकता नहीं है।

### सीएम कुर्सी बचाने के लिए बेवजह इल्जाम लगाते हैं

अमित शाह के गहलोत सरकार नहीं गिराने के बयान पर पूनियां ने कहा कि भाजपा अपनी ताकत के बलबूते सत्ता में आएगी। भाजपा की लोकतंत्र में आस्था है। भाजपा का सरकारें गिराने में कोई यकीन नहीं है। संघर्ष के दम पर हम जीतेंगे और अपनी खूबी से शासन में आएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम गहलोत कुर्सी बचाने के लिए बेवजह इल्जाम लगाते हैं। अमित शाह का कहने का मतलब भी यही था कि कांग्रेस पार्टी कमजोर है। लेकिन हम अपनी खूबी से जीतेंगे।

### 2023 में राजस्थान में हम दमदार वापसी करेंगे

सतीश पूनियां ने अमित शाह के दौरे को ऐतिहासिक बताया और कहा कि जैसी उम्मीद थी उससे कहीं ज्यादा शानदार शाह की यात्रा रही है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुटता का सन्देश दिया है। सशक्त मंडल से बूथ तक की मजबूती पर उनका फोकस रहा। उनके आह्वान के बाद कार्यकर्ता मिशन 2023 के लिए पूरी ताकत से जुटेंगे और दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उनके आह्वान से पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। 2023 में राजस्थान में हम दमदार वापसी करेंगे और हमारी कोशिश रहेगी की हम स्थायी रूप से भाजपा की सरकार बनाएं।

### कांग्रेस की रैली के बचाव में खाचरियावास का बेतुका बयान

# ओमिक्रॉन पुराने खतरनाक वैरिएंट को मारने आया है, यह उतना पॉवरफुल नहीं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोरोना के नए वैरिएंट के खतरे के बीच राजधानी जयपुर में 12 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस की रैली को लेकर गहलोत के मंत्री बेतुका बयान दिया है। खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कोरोना के बीच रैली के सवाल पर कहा- यह जो नया वैरिएंट ओमिक्रॉन आया है, वह पुराने खतरनाक वैरिएंट को मारने आया है। इसलिए यह कमजोर हो गया, ओमिक्रोन खतरनाक नहीं है। एक भक्ति भाव वाले आदमी ने मुझे बताया। यह मेरे व्यक्तिगत विचार हैं। अब यह तो मेरे ज्यादा समझ नहीं आता, ज्यादा तो साइंस वाले बताएंगे। खाचरियावास ने कहा- मेरा मानना है कि ओमिक्रॉन उतना पॉवरफुल नहीं है। अजीब सी बात लगेगी, लेकिन डेल्टा खतरनाक है। पहली लहर मे मैं खुद कोरोना का शिकार हो चुका हूं, लेकिन दूसरी लहर ज्यादा घातक थी। फिर भी हमें ओमिक्रॉन से डरना पड़ेगा। जहां तक रैली का सवाल है, इससे पहले ही कई मंत्री गाइडलाइन की बात कर रहे थे। हमें यह ध्यान रखना होगा कि जिंदगी चलाना भी बहुत जरूरी है। कोराना के बाद भूख से जंग हो रही है। हमें भूख से भी जंग लड़नी है।

### कोरोना के बीच रैली करने पर अड़ी कांग्रेस

राजधानी जयुपर में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं, इस खतरे के बीच कांग्रेस रैली करने पर अड़ी है। सरकार के मंत्री और कांग्रेस नेता रैली के बचाव में कई तरह के तर्क दे रहे हैं। हाईकोर्ट में भी सरकार ने रैली रोकने की याचिकाओं के जवाब में कहा था कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट है, ओमिक्रॉन उतना खतरनाक नहीं है।

### पहले भी नेता दे चुके कोरोना पर गैरजिम्मेदाराना बयान

पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी ने पिछले सप्ताह ही कोरोना के लेकर कहा था कि नींबू के रस की बूंद नाक में डालने से कोरोना नहीं होता। इससे पहले कोरोना की दूसरी लहर से पहले टोंक सांसद सुखबीर सिंह जोनापुरिया ने कीचड़ और गोबर स्नान को कोरोना का इलाज बताया था। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने एक पापड़ के ब्रांड की लॉन्चिंग के वक्त कहा था कि इस पापड़ के सेवन से कोरोना नहीं होता।

# रीको संघ के आक्रोशित श्रमिकों ने कलेक्टर से भरण पोषण की मांग की

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रिको जल परिशोधन संयंत्र कर्मचारी संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के अध्यक्ष अशोक वाल्मीकि ने बताया कि सीईटीपी फाउंडेशन द्वारा कोरोना कॉल आड मे गत 01 अगस्त 2020 को 105 श्रमिकों को मनमाने तरीके वह हठधर्मिता से कार्य मुक्त कर दिया गया था। जो श्रमिक पिछले लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं 16 महीने बीतने आए है। जिला मुख्यालय पर धरना देकर बैठे हैं। लेकिन सीईटीपी मैनेजमेंट और जिला प्रशासन दोनों की कान में जूं तक नहीं रेंग रही। दोनों कुंभकरण की गहरी नींद मैं सो रहे हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। जिसमें 105 श्रमिकों के परिवार के भरण पोषण की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। हमारे परिवार में हमारे छोटे छोटे बच्चों के तमाम शिक्षा दीक्षा वह बीमारी आदि मैं इलाज करवाने तक की व्यवस्था हम नहीं कर पा रहे हैं। वह हमारे परिवार के भूखा मरने की नौबत आ गई है। सीईटीपी मैनेजमेंट लंबे समय से धरने पर बैठे। श्रमिकों को हिंसक बनने पर मजबूर कर रहा है। हम संवैधानिक रूप से चाहते हैं कि श्रमिकों मजदूरों का जल्द से जल्द समाधान हो जाए। अन्यथा कहीं ऐसा नहीं हो मजदूर श्रमिक संवैधानिक रूप से लड़ रहे हैं। की उन्हें इतना मजबूर नहीं करें। के देश के आजादी की क्रांति के लिए हमारे महापुरुषों ने जो लड़ाईया लड़ी है। उस तरीके से हमें लड़ना पड़ा। हम बार-बार सीईटीपी फाउंडेशन मैनेजमेंट से मांग कर रहे हैं। अपनी तानाशाही और हठधर्मिता छोड़कर 105 मजदूर श्रमिकों का समाधान करें। अगर जल्द ही श्रमिकों का हल नहीं निकला और समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन और मजबूत होगा। जिसमें किसी भी किस्म की जो भी लाभ हानि या नफा नुकसान होता है। उसका सिर्फ और सिर्फ सीईटीपी फाउंडेशन मैनेजमेंट जिम्मेदार रहेगा।

इस मौके पर महामंत्री विक्रम परिहार संगठन मंत्री कालूराम कंडारा संरक्षक बंटी आदिवाल उपाध्यक्ष पेमाराम सरगरा सह सचिव दीक्षांत शास्त्री संगठन सलाहकार श्रवण आदिवाल कालूराम गुजराती जगदीश मेघवाल दीपक आदिवाल रोशन लाल डूंगरराम पुनाराम सरगरा पूराराम मीणा मनोज चौहान विनोद आदिवाल प्रेम प्रकाश मगनाराम मेघवाल आदि अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वेटर पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** कस्बे के गांव सिलारी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को एक कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वेटर वितरित किए गए आयोजित समारोह में भामाशाह द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क ऊनी वस्त्र वितरित किया गया। जिसमें उन्नी वस्त्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे संस्था प्रधान मुकेश सिंगारिया ने बताया कि भामाशाह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टाक द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र सप्रेम भेंट किए गए और हमेशा समाज सेवा में भी सहयोग करते हैं इस पुनीत कार्य हेतु प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत कर हार्दिक आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीपाड़ शहर के ही पार्षद सत्यनारायण भाटी, युवा भाजपा नेता सुरेंद्र टाक, समाजसेवी देवाराम टाक सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे। संस्था प्रधान ने भामाशाह को कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टाक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए और खेल के प्रति भी रुचि रखनी चाहिए, छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा से ही स्वच्छ समाज का निर्माण होता है।

# देश में सर्वाधिक प्लेसमेंट पैकेज पाने वाले आईआईटीयन में शामिल सोमू हुआ

### कोटपूतली के सोमू ने विदेश के 2 करोड़ 25 लाख का ऑफर त्यागकर देश में ही 1 करोड़ 80 लाख के सालाना डोमेस्टिक प्लेसमेंट को किया स्वीकार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** देश की विभिन्न आईआईटीज में हाल ही में हुए डोमेस्टिक एवं अब्रोड प्लेसमेंट में सीकर स्थित नीट एवं जेईई कोचिंग संस्थान पीसीपी के पूर्व विद्यार्थी सोमू प्रजापति ने इतिहास रचा है।सर्वाधिक प्लेसमेंट पैकेज-2021 पाने वाले आईआईटीयन में सोमू प्रजापति का नाम शामिल हुआ है। उल्लेखनीय है कि सोमू प्रजापति कोटपूतली कस्बे के रहने वाले हैं,जिन्होंने विदेश के 2 करोड़ 25 लाख का ऑफर त्यागकर देश में ही 1 करोड़ 80 लाख रुपये सालाना डोमेस्टिक प्लेसमेंट स्वीकार किया।सोमू प्रजापति के पिता झारखण्ड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर सेवायें दे रहे हैं एवं माता श्रीमती मधु कोटपूतली में ही एडवोकेट हैं।कुम्हार महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा ने बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि सोमू प्रजापति के पिता सुरेश प्रजापति सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।हमें गर्व है कि अब सोमू भी देश व समाज का नाम रोशन करेगा।ऐसी प्रतिभा पर पूरे कुम्हार समाज सहित क्षेत्रवासियों को फक्र है।सोमू ने सीकर की प्रतिष्ठित प्रिंस एजूकेशन हब में कोचिंग प्राप्त की थी।आईआईटी-जेईई एवं किशोर वैज्ञानिक दोनों ही परीक्षाओं में उत्कृष्ट रैंक हासिल करने पर सोमू को पुरस्कार स्वरूप प्रिंस एजुकेशन हब सीकर ने मोटरसाइकिल भी भेंट की थी।सोमू आईआईटी प्लेसमेंट-2021 में देश में सर्वाधिक प्लेसमेंट पैकेज पाने वाले विद्यार्थियों में से एक है।उन्हें सिंगापुर की कंपनी क्वांट बॉक्स द्वारा भारत में सेवा देने पर 1 करोड़ 80 लाख रुपये सालाना जबकि सिंगापुर में सेवा देने पर 2 करोड़ 25 लाख रुपये सालाना प्लेसमेंट का ऑफर दिया गया है।जिस पर सोमू ने विदेश जाने के बजाय भारत में ही रहकर सेवा देने का ऑफर स्वीकार किया है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को सोमू के पिता सुरेश प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमू वर्तमान में आईआईटी कानपुर में बी.टेक कम्प्यूटर साइंस अन्तिम वर्ष का छात्र है।सोमू ने कक्षा 12 वीं प्रिंस एकेडमी सीकर से उत्तीर्ण की थी।इसके साथ ही पीसीपी में दो वर्ष तैयारी कर आईआईटी-जेईई एवं किशोर वैज्ञानिक दोनों ही परीक्षाओं में उत्कृष्ट रैंक हासिल की थी।विदेश की बजाय देश में ही प्लेसमेंट ऑफर स्वीकार करने के पीछे सोमू का कहना है कि देश की संस्कृति एवं समाज के बीच रहकर काम करने का अलग ही आनंद है।

# लोक समस्याओं का निस्तारण मेरी पहली प्राथमिकता-डॉ.हुडला

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**महवा।** विधायक डॉ.ओम हुडला ने आज महवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सालिमपुर में आयोजित प्रशासन गांवो के संग शिविर में भाग लिया और आम जन की समस्याओ का मौके पर ही निवारण किया उन्होंने सालिमपुर में 42 पट्टे तथा 5 पेंसन भी वितरित किये।

उन्होंने ग्राम पंचायत में विकास की बात करते हुए ग्राम पंचायत सालिमपुर में 155 लाख, सिन्दुकी के लिए 117 लाख, खोहकलां के लिए 131 लाख,टोडरा के लिए 199 लाख रुपए,कुल 522 लाख की लागत से पेयजल योजना से प्रत्येक घर मीठा पानी पहुचेगा और ग्राम पंचायत के विकास के लिए 10 लाख रुपए दिए। उन्होंने आगे कहा की इन कैंपों से हमारी सभी की कोशिश हैं की आम जन की समस्याओ का जल्द से जल्द निवारण हो। उन्होंने अधिकारियो से आग्रह किया की जिस तरीके से पिछले दो महीने से उन्होंने लगातार बिना छुट्टी लिए इन कैंपो का आयोजन किया हैं उसी तरीके से आगे भी इन कैंपो का सफलतापूर्वक आयोजन किया जावे।द्ध उन्होंने आगे कहा की आमजन को अभावों और समस्याओं से मुक्त करने के लिए मै प्रतिबद्ध हु और जन सुनवाई के जरिये जन समस्याओं के निस्तारण के लिए त्रिस्तरीय प्रबन्ध सुनिश्चित हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर से लेकर ब्लॉक एवं जिलास्तर पर समस्या समाधान के लिए व्यवस्था की गई है।और मेरी भी कोशिश हैं की आम जन को इन कैंपो का भरपूर लाभ मिले। इस दौरान सरपंच मौसम मीना व सर्वसमाज के लोग मौजूद थे।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर डा. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

### ए बी वी पी ने डॉ अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर शहर से लेकर देहात तक बाबा साहब डा भीमराव आंबेडकर के 66वें परिनिर्वाण दिवस पर अलग अलग आयोजन हुए। सभी जगहों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं और प्रतिष्ठानों पर बााब साहेब याद किए गए। भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस ने अपने कार्यालयों में गोष्ठी की और आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

भाजपा नगर मंडल सोशल मीडिया प्रभारी अरविन्द सोनेल के नेतृत्व में 6 दिसंबर 2021 को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर सर्किल स्थित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करके सच्ची श्रद्धांजलि देखकर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया, व इस मौके पर उपस्थित जिला महामंत्री धनराज सोलंकी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, नगर मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा, मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह, मनोहरलाल सोनेल, मंडल उपाध्यक्ष बंसीलाल जीनगर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुलीचंद सोनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टाक, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जयनारायण जांगिड़, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रकाशचंद मेघवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष चेतन प्रकाश मारोठिया, पार्षद कैलाश सेन, धर्मेंद्र सोनी, पियूष शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा महामंत्री रवि मेघवाल, अल्पसंख्यक जिला प्रवक्ता असलम छिपा, पार्षद प्रतिनिधि खिवराज जीनगर, अनुसूचित जाति जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलखुश जीनगर, मनोनीत पार्षद जवरीलाल सोनेल, जलदाय विभाग अध्यक्ष रामदीन सोनेल, नारायणराम मेघवाल, चंद्रराज सोनेल, दीपाराम मेघवाल रुपाराम चोपड़ा, विनोद सोनेल, अनिल सोनेल, अतुल कच्छावाह सुरेश जीनगर, धनसा मुंडेल, रविंद्र जीनगर, रामनिवास गहलोत आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देश में बाबा साहब का योगदान अविस्मरणीय, उनके जीवन से छात्र लें प्रेरणा"-किशन टाक

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को पूरे देश में सामाजिक समरसता दिवस के रुप में मनाता है। न्यू सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण पीपाड़ शहर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई ने एक कार्यऱ् म आयोजित किया। कार्यऱ् म का संचालन युवा कवि व उद्घोषक मनीष सैनी ने किया। इस दौरान शिक्षाविद नगर अध्यक्ष किशन टाक ने कहा कि बाबा साहेब की सोच के बदौलत ही भारत को संविधान के कारण चलाया जा रहा है। बाबा साहब ने मात्र 11 महीने में संविधान की रचना की। उनका जीवन संघर्ष पूर्ण रहा। इस देश में बाबा साहब का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान सीताराम टाक नानण नगर मंत्री, किशन टाक नगर अध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष भवानीसिंह कच्छावाह व दिनेश टाक, नगर सहमंत्री प्रवीण सैनी व संजय परिहार, मीडिया प्रभारी गौरव परिहार, एसएफडी सदस्य अजीत राव,मुकेश नारना, एसएफएस संयोजक रामसिंह , एसएफएस सदस्य कुशाल, नगर कार्यकारिणी सदस्य सुभाष दिवराया, सोनू कड्ला सहित उपस्थित रहे। इस अवसर विद्यार्थी परिषद के रामकिशोर टाक, अतुल कच्छावा,ह पूर्व नगर मंत्री महेंद्र टाक, मनीष जांगिड़ मौजूद थे। सभी कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला ।

# 13 दिसम्बर को शहीद बहादुर सिंह की पुण्यतिथि पर निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा बाईक रैली

### वरिष्ठ भाजपा नेता हँसराज पटेल के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोलाहेड़ा में शहीद बहादुर सिंह गुर्जर की पुण्यतिथि पर विशाल तिरंगा यात्रा बाईक रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर को किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि शहीद बहादुर सिंह गुर्जर वर्ष 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद हो गए थे। मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता हँसराज पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान भामाशाह पूरणमल भरगड़,कैलाश रहीसा,अंकित नून,कृष्ण जांगल, तरुण पटेल,राजेश पटेल,संदीप तंवर, अजय सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

## जागरूक खबरें

### स्वामी सुमेधानन्द प्रधान, जीवर्धन शास्त्री मंत्री व जयसिंह गहलोत कोषाध्यक्ष चुने गए

**चोमू @ जागरूक जनता।** आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के चुनावों में राजस्थान की 142 आर्यसमाजों के 184 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। निर्वाचन के परिणामस्वरूप सीकर के सांसद एवं आर्यसमाज के मूर्धन्य संन्यासी स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती को प्रधान, दयानंद सेवाश्रम बांसवाड़ा के संचालक जीववर्धन शास्त्री को मंत्री तथा महर्षि दयानंद सरस्वती की उत्तराधिकारिणी परोपकारिणी सभा के संयुक्त मंत्री जयसिंह गहलोत जोधपुर को कोषाध्यक्ष चुना है। उपप्रधान के रूप में किशनलाल गहलोत, रमेश गोस्वामी, सत्यदेव आर्य, अशोक आर्य, आनंद मोहन आदि तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. संदीपन आर्य, अशोक कुमार शर्मा, सुखलाल आर्य, श्रीचंद गुप्ता, स्वामी सुखानन्द, धर्मसिंह आर्य, हनुमानाराम भाकर, शशांक छतवाल, बलवंत निडर, भंवरलाल आर्य, सवाई राम, सुभाष शास्त्री आदि 15 सदस्यों का चयन हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी धर्मवीर सिंह ने समस्त चयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी । इस अवसर पर राजस्थान के लोकप्रिय सांसद एवं सभा के नवनिर्वाचित प्रधान स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती महाराज ने राजस्थान के समस्त आर्यजनों का आभार व्यक्त करते हुए यह अपील भी की कि महर्षि दयानंद के सपनों को साकार करने के लिए सभी आर्य एकजुट हों। वे बोले कि यह वर्ष आज़ादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और महर्षि दयानंद के शिष्य एवं अनुयायियों ने देश की आज़ादी के लिए सर्वाधिक बलिदान दिए हैं । अतः इस वर्ष राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा शहीदों की स्मृति में प्रदेश भर में अनेक आयोजन करेगी।

### गृहमंत्री अमित शाह के स्वागत में चौमूँ विधानसभा से पहुंचे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता

**चौमूँ @ जागरूक जनता।** भारत के गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय प्रदेश दौरे पर आज जयपुर जेईसीसी में आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन में चौमूँ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रवाना हुए। जयपुर आयोजित गृहमंत्री अमित शाह के स्वागत कार्यक्रम में जाते समय ग्रामीण क्षेत्र से भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के स्वागत में मंगल गीत गाए। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा की गई मंडलवार मीटिंगो में भाजपा कार्यकर्ताओं से किए गए आह्वान पर कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों से सवेरे राधा स्वामी बाग चौमूँ एकत्रित होकर जयपुर के लिए रवाना हुए। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, भाजपा देहात मंडल बांसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, भाजपा देहात मंडल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा, भाजपा देहात मंडल गोविंदगढ़ महामंत्री जितेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, मोर्चा अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी, बड़ी संख्या में भाजपा वरिष्ठ, युवा एवं महिला कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### मंत्री शकुंतला रावत का किया स्वागत

**चौमूँ @ जागरूक जनता।** युवा कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग चोमू के सानिध्य में कैबिनेट मंत्री ,उद्योग राजकीय उपक्रम, देवस्थान विभाग मंत्री सम्माननीय शकुंतला रावत का माला व साफा पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया जयपुर से सीकर जाते समय चोमू बायपास स्थित भोजलावा कट पर कार्यक्रम संयोजक युवा कांग्रेस महासचिव कृष्ण कुमार सैनी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिषेक सैनी ,पंचायत समिति सदस्य मीनाक्षी सैनी, पार्षद कन्हैयालाल थावरिया, पार्षद महेश मीणा, संजय योगी, युवा कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी विकास सैनी, सुनील सैनी, पप्पू राम मूंडरू राहुल कुमार, महेश, कानाराम, रमेश, अजय ,मुकेश, सुभाष ,सूरज चौधरी, अनिल अमित बराला अनिल गठवाडी सहित अनेक पदाधिकारियों ने सुश्री शकुंतला रावत जी से मुलाकात की और अभिनंदन किया।

### चतुर्थ सामूहिक उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार हेतु जिम्मेदारी सौंपी



**चौमूँ @ जागरूक जनता।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा दिनांक 13 फरवरी 2022 रविवार को कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरीजा रोड, चौमूँ पर चतुर्थ सामूहिक उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार हेतु मां नव दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर, जयपुर रोड, चौमूँ पर स्वामी योगेंद्राचार्य महाराज के सानिध्य व जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में पं. छोटी लाल शर्मा एव पं. रेवती रमन प्रधान के द्वारा स्वस्तिवाचन से कार्यक्रम शुभारंभ किया। जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि बैठक मैं सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी तथा कार्यऱ म की रूपरेखा तैयार की गई कार्यक्रम में जिला मंत्री चंद्रशेखर शर्मा, तहसील अध्यक्ष अरुण शर्मा, तहसील महामंत्री नंदकिशोर गैसका, तहसील महासचिव भवानी शंकर शर्मा, तहसील संगठन मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, तहसील अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) ममता शर्मा, तहसील उपाध्यक्ष आशा शर्मा, मुकेश दीक्षित, डॉ पवन कुमार तिवारी, डॉ ओम प्रकाश शर्मा, सौरव शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एक महान योद्धा, नायक, विद्वान और समाजसेवी थे डॉ. भीमराव अंबेडकर - पूर्व विधायक सैनी

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चौमूं।** सुशील अग्रवाल शहर के मोरीजा रोड पर स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारत के संविधान निर्माता व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि डॉ. बाबा साहब अंबेडकर अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है। वे एक मनीषी, योद्धा, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के 80 फीसदी दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अंबेडकर का जीवन संकल्प था। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, रमेश गुलिया, पसस गोगराज देवंदा, सरपंच मुकेश कुमार मीणा, मनोहर लाल सरावता, मनोज अटल, महंत योगेश्वर दास शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नागौरी, पार्षद आशीष यादव, महेश कुमार यादव, इमामुद्दीन कुरेशी, शायर सिंह तवर, अशोक कुमार रच्छौया, छीतरमल गुरावा, गौरी शंकर कुमावत, संतोष कुमार सैनी, भोलू राम मीणा, गिरधारी लाल बुनकर, रोहित यादव, रामगोपाल शर्मा, नारूराम मीणा, कैलाश बुटोलिया, अभिषेक मोरदिया, अजय जाटावत, सूरज सैनी, सूरज शर्मा, सुरेंद्र सिंह हरसोलिया, रामस्वरूप सौंकरिया, बंशीधर यादव, लालाराम सेपट, विकी नुवाल, संपत लाल नुवाल, जगदीश सैनी, कालूराम सांखला, चरण सिंह चौधरी, कैलाश मीणा, बाबूलाल, ओम प्रकाश सैनी, झाबर देवंदा, बाबू लाल सैनी, प्रहलाद शर्मा, सुरेश फौजी, विकास मीणा, तेजपाल मीणा, कम्युम मंसूरी, सुरेश स्वामी, योगेश, अशोक कुमावत, बंशीधर, बाबूलाल, अर्जुन हरितवाल, शिव सैनी व राकेश इंदौरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि कर बाबा साहब अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी।

### महंगाई हटाओ महारैली को लेकर पूर्व विधायक सैनी ने कमेटी गठित की

**चौमूं @ जागरूक जनता।** जयपुर में स्थित विद्याधर नगर स्टेडियम में 12 दिसंबर 2021 को कांग्रेस पार्टी की होने जा रही महंगाई हटाओ महारैली को लेकर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कमेटियों का गठन किया। पूर्व विधायक सनी ने बताया कि कमेटियों के द्वारा महारैली का प्रचार-प्रसार व कार्यकर्ताओं को महारैली में जाने आने का ध्यान रखा जाएगा। 1. उच्च स्तरीय कमेटी में नानकराम लांबा, कृष्णकांत जोशी, झाबर देवंदा, मालीराम यादव, गिरधारी बुनकर। 2. पंचायतों में महारैली प्रचार-प्रसार कमेटी में जिला पार्षद पवन वर्मा, पंचायत समिति सदस्य संपत चौधरी, कैलाश यादव, गोगराज देवंदा, गोपाल गुलिया, हरफूल कुमावत, गिरिराज देवंदा, एडवोकेट अश्विनी कुमार, सांवरमल सैनी, गौरी शंकर कुमावत। 3. महारैली प्रचार प्रसार युथ कमेटी में संयोजक रामकिशोर सैनी, सह संयोजक अभिषेक मोरदिया, सुरेश फौजी, पिंटू सिंगोदिया, रवि जादम, अजय जाटावत, बद्रीनारायण सैनी, सूरज सैनी, विक्की नुवाल, जोगेंद्र बन्ना, प्रकाश डागर, सूरज शर्मा। 4. नगरपालिका में महारैली प्रचार-प्रसार कमेटी में पार्षद सीताराम जीतरवाल, अर्जुन लाल सैनी, आशीष यादव, रुकयां खांनम, मुकेश कुमार पांच्या, पहलाद गुलिया, भीम सिंह लांबा, करुणानिधि शर्मा, मुन्ना पठान, रामचंद्र भोमका, अशोक प्रजापत। 5. महारैली प्रचार प्रसार महिला कमेटी में संयोजक सुशीला कुमावत, विद्या देवी चौहान, प्रतिभा नुवाल, छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नागौरी, शिल्पा सौंकरिया, हंसा सैनी। 6. सेवादल में संयोजक लल्लूराम सैनी, हेमराज नुवाल, मामराज घौसल्या, प्रफुल्ल विजयवर्गीय, राकेश करवां।

## सांची कहना सुखी रहना

**नविता मिश्रा**
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

**हम** सभी ने एक मुहावरा सुना होगा, झूठ बोले कौवा काटे, क्यों सुना होगा ना आपने भी? पर पता नहीं वह कौवा आजकल कहां चला गया ?जिसके काटने के डर से हर कोई झूठ बोलने से डरता था।

आधुनिक जीवन में दिनचर्या इतनी उलझन भरी है कि पग-पग पर छोटे-बड़े झूठ का सहारा लेना जरूरी लगने लगता है। पर सच हर काल में युग में सरल जीवन की कुंजी है, हमेशा रहेगा। सरल जीवन चमकीला नहीं होता, शायद कभी-कभी मीठा भी नहीं होता, पर सच करेले जैसा होता है जो स्वाद में कड़वा सही मगर फायदे अनेक हैं। आपके रक्त को स्वच्छ करता है। वैसे ही सच का रास्ता मुश्किल सही पर दूरगामी परिणाम देखें, तो जीवन सरल बनाए रखने का अचूक उपाय।

वर्तमान में जिस तरह से व्यवसायिक जीवन में सच बोल बोलने पर अपना प्रोडक्ट बेचने या उसे प्रेजेंट करने में बड़ी परेशानी होती है सब जानते हैं मगर हम फिर भी उसी भेड़ चाल का हिस्सा बने हुए हैं व्यवसायिक जीवन का व्यक्तिगत जीवन पर असर पड़ता है इसलिए, व्यवसायिक जीवन में परिश्रम करें , परिश्रम के साथ दिमाग का इस्तेमाल करें यानी स्मार्ट वर्क मगर झूठ, छल की चासनी मिलाकर उसे जरूरत से ज्यादा मीठा ना बनाएं। व्यवसायिक जीवन का प्रतिबिंब आपके व्यक्तिगत जीवन पर दिखाई देगा। इसीलिए व्यवसायिक हो या व्यक्तिगत जीवन हो , झूठ से बचें. झूठ बोल कर एक सीमित समय के लिए समस्या को दूर रख सकते हैं .पर अस्थाई समाधान अपने साथ लाता है डर, ग्लानि, शारीरिक और मानसिक कष्ट और कई तरह की अन्य परेशानियां और सच अपने साथ लाता है, निडरता, समर्पण, भार रहित और सरल जीवन। सच का सम्मान होता है।

हर परिस्थिति में चाहे थोड़ा समय भले ही लग जाए, राजा हरिश्चंद्र की कहानी भले ही हमने अपने बच्चों को सुनाना बंद कर दी हों, और सुनाइए भी कैसे उनको कहानी सुनाते हुए अंतर्मन में अपराध बोध जो महसूस करेंगे।

पर एक बार आत्मज्ञान आ जाए तो आगे का जीवन शांति पूर्ण हो जाएगा। जब जागो तभी सवेरा ,छठ जाए घनघोर अंधेरा झूठ अंधेरा है। सच रोशनी है और इस रोशनी से फिर समाज के अंधेरे को दूर करना है। सरल और सुगम जीवन की ओर पहला कदम बढ़ाए। तभी तो बड़े बूढ़ों ने कहा है- सांची कहना सुखी रहना!

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# जयपुर रैली के लिए बैठक आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चोमू।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोविंदगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग नगर कांग्रेस कमेटी तथा युवक कांग्रेस कमेटी चोमू के संयुक्त तत्वावधान में मोरीजा रोड स्थित ओसियन ब्लू रिसोर्ट में कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई द्य बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से 12 दिसंबर को जयपुर में बढ़ती महंगाई के विरोध में होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई और चोमू विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को जयपुर चलने का आह्वान किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चोमू गोविंदगढ़ तथा नगरपालिका क्षेत्र की टीम का चयन किया जो कल से क्षेत्र में पीले चावल बांटकर रैली को सफल बनाने के लिए अनुरोध और आमंत्रण देंगे द्य बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोविंदगढ़ के अध्यक्ष हरि नारायण यादव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चोमू के अध्यक्ष लालाराम बलेसरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य मुकेश शर्मा कृषि उपज मंडी चोमू के पूर्व अध्यक्ष सांवरमल चौधरी गोविंदगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान भगवान सहाय घासील नगर पालिका चोमू के पूर्व अध्यक्ष गोविंद नारायण सैनी जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर के महासचिव एवं पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष छीतरमल जलूथरिया राजस्थान युवक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवं पार्षद महेंद्र लांबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग चोमू के अध्यक्ष अभिषेक सैनी युवक कांग्रेस कमेटी चोमू के विधानसभा अध्यक्ष अनुज आत्रेय वरिष्ठ कांग्रेस नेता रम्मू शर्मा तथा मूल सिंह शेखावत नगर पालिका चोमू के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जिला महासचिव राजकुमार शर्मा नगर पालिका चोमू के पूर्व नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र चौधरी पार्षद कन्हैया लाल थावरिया उत्तम गोठवाल संजय योगी हरि गठाला जगदीश शर्मा रामकिशोर मेला प्रभात पंचोली सुशील कुमावत सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर क्षेत्र में जगह-जगह श्रद्धांजलि दी गई।कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आर.पी.गुर्जर सहित प्रो. सुरेन्द्र यादव, प्रो.सुरेश यादव, प्रो.अशोक चौहान, प्रो.बाबूलाल मीणा, प्रो.राजपाल, प्रो.मधु नागर, विक्रम सैनी, विक्रम कटारिया,नरेन्द्र लादी, बबलू, महेश,रोहित आदि ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इसी प्रकार कस्बे के निकटवर्ती बसई गॉव में बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर मंच बसई के कार्यकर्ताओं ने युवा रेवॉल्युशन अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।इस दौरान चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने देश का संविधान लिखा।वे समावेशी विकास के प्रबल पक्षधर,सामाजिक न्याय के अग्रदूत व देश के युवाओं के आदर्श हैं।इस मौके पर पूर्व पंसस दाताराम जाट,पूर्व सरपंच मेहरसिंह आर्य,ओमप्रकाश हांसीवाल,कुलदीप गोठवाल,अशोक आर्य,संजय आर्य, असराम सनवाल,राजवीर पंच,गिरिराज गोठवाल,रामावतार आर्य,सुरेश हांसीवाल,संजय आर्य,गिरधारी लाल,राजेन्द्र प्रसाद,मातादीन, बाबूलाल,जयमल सिंह,हरिसिंह,मनोज पंच,संदीप,महेन्द्र,कपिल देव खोजा आदि ग्रामीण मौजूद थे।भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष राजेश रावत ने कस्बा स्थित नगरपालिका पार्क में डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।ग्राम खेलना में राहुल बाकोलिया के नेतृत्व में अशोक, अनिल, राजेन्द्र, विनोद, आनन्द एवं हिमांशू ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

### विद्युत समस्या को लेकर ग्रामीणों एवं किसानों ने प्रदर्शन कर एईएन को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास के बिजली फीडर पर ग्रामीणों व किसानों ने विद्युत समस्या को लेकर सरपंच सचिन यादव की अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया। वहीं एईएन को ज्ञापन सौंपकर विद्युत समस्या के निराकरण की माँग की। ज्ञापन में बताया गया कि सर्दी के मौसम में ग्रामीण किसानों को दिन के समय में थ्री फेश लाईट दी जायें एवं गांव की एलटी लाईन बदलवाई जावे।जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी से निजात मिल सकें।ज्ञापन में यह भी बताया गया कि गांव कि सिगंल फेस लाईन बार बार टूटती रहती है।इस मौके पर समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास ने बिजली विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या से विस्तार से अवगत करवाया।एईन उधम सिंह यादव व जेईएन ने धरना स्थल पर पहुँचकर किसानों की मांगों को सही मानते हुए दिन में किसानों को सुबह 5 से 11 एवं 12 से 6 बजे दो शिफ्ट में बिजली सप्लाई दिये जाने व एलटी लाईन बदलवाने का आश्वासन दिया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान उपसरपंच नाहर सिंह मीणा,पंच राहुल सोनी, ओमप्रकाश यादव, बनवारी लाल यादव,लालचंद यादव, धर्मपाल यादव, रोहिताश्व गुर्जर, हवलदार रामशरण रावत, बृजेश यादव, दयाराम जाट, शीशराम रावत, दाताराम, सुभाष, सतपाल, रामकरण, दयाराम, हँसराज, बाबूलाल, गणेश, अमरसिंह, हुकमसिंह, तेजपाल, महेन्द्र, अशोक, सुनील सहित किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### सोनू ने राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता सिल्वर

**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की फिट इंडिया मुहिम के तहत युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता और रूचि बढ़ी है। गौरतलब है कि पिछले कई सालों से लोकसभा क्षेत्र में कर्नल राठौड़ की ओर से खेल स्टेडियम व खेल सामग्री स्थानीय युवाओं को मुहैया कराई गई है। वहीं युवाओं को निःशुल्क कोचिंग भी दी जा रही है। खेल मैदान और अन्य सुविधाओं के विकास के चलते अब गांवो में इसका असर देखने को मिल रहा है।कुश्ती कोच कृष्ण पहलवान ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि विगत 3 दिसंबर को गणेश्वर नीमकाथाना में आयोजित राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-15 में 85 किलोग्राम भार वर्ग में नालोता के युवा सोनू गुर्जर ने सिल्वर मैडल जीता है।सोनू अपने कोच कृष्ण पहलवान के यहां श्री बालाजी स्पोर्ट्स एकेडमी बानसूर में ट्रेनिंग ले रहा है। सोनू के ताऊ दिवंगत लोकगायक घनश्याम गुर्जर हैं।जिनका सपना था अपने भतीजे सोनू को राष्ट्रीय स्तर का पहलवान बनाने का। इस संबंध में कुश्ती कोच कृष्ण पहलवान ने बताया कि अपने ताउ के सपने को पूरा करने में सोनू कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के सहयोग के चलते गांव-गांव, ढ़ाणी-ढ़ाणी से युवाओं को निकालकर खेल प्रतिभा को तराशना मिशन है। ग्रामीणों ने सोनू को सिल्वर मैड़ल मिलने पर स्वागत किया।इस मौके पर अंतराष्ट्रीय पहलवान अंकित गुर्जर, कृष्ण, राजकुमार, संजू सिंह, युधिष्ठर, माधव पहलवान एवं अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net
फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

ANCHOR प्रेरणास्पद

# नवीन ने सपना संग बिना दहेज के शादी रचाकर दिया दहेज मुक्त समाज का संदेश

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** आधुनिक युग में एक ओर जहां दहेज कन्या पक्ष के लिए सिरदर्द बना हुआ है,इसके विपरीत मूलतः कस्बे के निकटवर्ती गांव सुदरपुरा ढाढा निवासी नवीन कुमावत ने बिना दहेज की शादी कर एक मिसाल कायम करते हुए समाज को दहेज मुक्त समाज का सन्देश दिया है।वर पक्ष ने कन्या पक्ष से शगुन के तौर पर एक सौ एक रुपये एवं नारियल लेकर समाज को एक अनूठा संदेश देकर सकारात्मक पहल की है।वहीं नवीन के पिता कमलेश कुम्हार ने कहा कि दहेज रूपी सामाजिक कुप्रथा से समाज त्रस्त है लेकिन उनके पुत्र ने बिना दहेज के शादी कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।वहीं उन्होंने कहा कि हम प्रायः देखते आये हैं कि समाजसेवी लोग समय-समय पर मंचों के माध्यम से दहेज प्रथा को समाप्त करने की बात करते आ रहे हैं किंतू यह प्रथा बंद होने का नाम नहीं ले रही है।इसलिए हमने सोचा कि क्योंना इसके लिए हमारे परिवार से ही पहल कर समाज में सन्देश दिया जाए।गौरतलब है कि मूलतः कोटपूतली के निकटवर्ती गाँव सुदरपुरा ढाढा एवं वर्तमान में कस्बे के डाबला रोड़ पर किरपा का तिबारा के पास सत्यम गार्डन के पीछे निवासी कमलेश कुम्हार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनेठी में राजनीति विज्ञान विषय के व्याख्याता पद पर कार्यरत हैं और उनका बेटा नवीन बीटेक (मैकेनिकल) किये हुए हैं। नवीन की धर्मपत्नी बास शेखावत (जाटों का बालास) निवासी सपना ने भूगोल विषय में एमए किया हुआ है। सपना के पिता टाइल मार्बल फिटिंग का कार्य करते हैं। सपना अपने पिता की इकलौती बेटी है। सपना के पिता अपनी इकलौती बेटी की शादी बड़ी धूमधाम से करते हुए दहेज प्रथा के अनुसार सभी प्रकार का सामान भी देना चाहते थे लेकिन इस मौके पर नवीन के पिता व्याख्याता कमलेश कुम्हार ने कहा कि सुशिक्षित बहू के रूप में कन्या धन की प्राप्ति के बाद हमारे लिए दहेज कोई मायने नहीं रखता मेरे इकलौते पुत्र नवीन की भी इच्छा बिना दहेज के शादी करने की थी,इसलिए पूरे परिवार ने तय किया कि हम उसकी बिना दहेज के ही शादी करेंगे।उनका मानना है कि इस पहल से यदि समाज में दहेज प्रथा का चलन कम होता है तो कन्या भ्रूण हत्या पर भी इसका असर पड़ेगा।उनके इस कदम की आस पास के क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान पूरणमल भगतजी, शिवदयाल गुप्ता, छाजूराम जाँगिड़,दुर्गा प्रसाद कुमावत, रामकरण मोरदा, सजना कुमावत, गोपाल, हरिराम, गेंदा लाल प्रजापति, हरिपाल, बद्रीप्रसाद, कर्मवीर, ओमवीर, मुकेश जाजोरिया,नरेश जाजोरिया, सुभाष, रतिराम, मदनलाल, लालचंद सहित अनेकों लोगों ने वरवधू को आशीर्वाद देते हुए उन्हें सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।

डाइट
डॉ. अनुजा गौर, न्यूट्रिशनिस्ट, दिल्ली

# जब डाइट होगी राइट आप रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

खान-पान के लिहाज से सर्दी का मौसम बहुत अच्छा माना जाता है। इस दौरान तरह-तरह के पौष्टिक आहार का सेवन करना बहुत फायदेमंद है। इन्हें अगर अपनी रेग्युलर डाइट मे शामिल करें तो आप हेल्दी रहेंगी।

कहते हैं, सर्दियों का मौसम सेहत बनाने के लिए सबसे बेहतरीन होता है। इस मौसम में एक से एक हेल्दी फूड्स मिलते हैं। इन्हें अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। इनके सेवन से इम्यूनिटी पावर बढ़ती है और आपकी हेल्थ भी अच्छी होती है। इसलिए आपको यह जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में मिलने वाले किन फूड आइटम्स को खाने से आपको जरूरी न्यूट्रीशन मिलेगा और आप एनर्जेटिक भी बनी रहेंगी।

**न्यूट्रीशस वेजिटेबल्स :** सर्दी के मौसम में प्रोटीन-विटामिन रिच वेजिटेबल्स खूब मिलती हैं। इसलिए इन दिनों गाजर, मटर, गोभी, बंदगोभी, मूली, चुकंदर, सरसों का साग और सभी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इनके सेवन से शरीर में रक्त की कमी दूर होती है, रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कुछ सब्जियों जैसे मटर और गाजर में फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट्स और अन्य न्यूट्रिएंट्स की भरपूर मात्रा होती है। इस वजह से ये सब्जियां इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करती हैं।

**सीजनल फ्रूट्स :** सर्दी के मौसम में मिलने वाले अधिकतर फल रेशेदार और रसदार होते हैं। इनमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन सी रिच फ्रूट्स शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं, बालों की ग्रोथ बेहतर बनाते हैं और डाइजेस्टिव सिस्टम भी दुरुस्त रखते हैं। इस तरह डाइट में रेग्युलर सीजनल फ्रूट्स को शामिल कर आप हेल्दी रह सकती हैं।

**ड्राई फ्रूट्स :** ड्राई फ्रूट्स सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ड्राई फ्रूट्स में एंटी ऑक्सीडेंट्स, विटामिंस, मिनरल्स और कैल्शियम पाए जाते हैं, जो आपको कई तरह की बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। वैसे भी सर्दी के मौसम में बुखार, सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं बहुत आसानी से हो जाती हैं। ऐसे में रेग्युलर ड्राई फ्रूट्स का सेवन कर आप अपने इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉन्ग कर सकती हैं।

**व्होल ग्रेन :** सर्दी के मौसम में व्होल ग्रेन यानी साबुत अनाज भी अपनी डाइट में रेग्युलर शामिल करनी चाहिए। इनकी मदद से हार्ट हेल्थ अच्छी रहती है। ये वजन कम करने में भी सहायक होते हैं। आप अंकुरित अनाज का भी सेवन कर सकती हैं। व्होल ग्रेन कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखता है, पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है।

**जूस-सूप :** सर्दी के मौसम में गर्मा-गर्म वेजिटेबल सूप पीना भी बहुत लाभकारी होता है। यह आपको ठंड से बचाता है। इसी तरह आपको अपनी डाइट में जूस भी शामिल करना चाहिए। दरअसल, इस मौसम में लोग कम पानी पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन की प्रॉब्मल हो जाती है। इससे बचने के लिए इस मौसम में फलों का ताजा जूस पिएं। कॉफी-चाय का अधिक सेवन ना करें। इससे सेहत को नुकसान हो सकता है। ❁ **प्रस्तुति:निकिता चौहान**

## फिजिकल एक्टिविटी करें

**ठंड के** मौसम की वजह से जाने-अनजाने लोग कैलोरी से भरपूर फूड्स का सेवन अधिक कर बैठते हैं। इस वजह से वेट गेन होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप रेग्युलर एक्सरसाइज, योगा करें। सुबह उठ कर पार्क में चहलकदमी करने जाएं। फिजिकल एक्टिविटी करें। इस तरह सर्दी के मौसम में भी शरीर से पसीना निकलेगा। इससे शरीर के हानिकारक तत्व बाहर निकल जाएंगे। बॉडी का ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा और तन-मन हेल्दी रहेगा। ❁

---

दुबक कर रजाई में बैठ जाने के दिन नहीं हैं सर्दियां। ये दिन हैं, परिवार के साथ मस्ती करने के, सुहानी धूप में अपने भीतर नई ऊर्जा समेटने के, उत्साह-उमंग से भरने के। ये वो दिन हैं, जो अवसर देते हैं अपनों को करीब आने का, रिश्तों में मिठास घोलने का। एक उत्सव हैं सर्दियां। यह मौसम हमारी जिंदगी में कितना मायने रखता है, हम जरूर जानें-समझें और इसका भरपूर आनंद लें, स्फूर्तिवान बनें।

# आया सर्दियों का मौसम हो जाएं ऊर्जावान.. भर जाएं उत्साह-उमंग से

आवरण कथा
सरस्वती रमेश

सर्दी अपने आप में एक खुशनुमा मौसम है। जाड़े की धूप जब घर के आंगन, मुंडेर और छत पर चांदी-सी बिखरती है, तब मन किसी अनजाने उत्साह-उमंग से सराबोर हो उठता है। कोहरे भरी ठंड से ठिठुरती जिंदगी को एक ऊर्जा मिलती है, हर कोई अपने काम में लग जाता है। इस मौसम का मिजाज कुछ ऐसा है कि लोग अपनों के करीब आते हैं, जिंदगी में कई नए और सकारात्मक बदलाव आते हैं। आप सर्दियों को आत्मसात करके इस मौसम का पूरा आनंद ले सकती हैं।

### पारिवारिक रिश्तों में गर्माहट

सर्दियां रिश्तों में नई मिठास और ताजगी भरती हैं। शुरू में जब गुलाबी जाड़ा आता है, मन खुशगवार हो उठता है। गर्मी, उमस की सारी चिड़चिड़ाहट अपने आप दूर हो जाती है। मन की प्रसन्नता हमारे काम और बर्ताव में नजर आने लगती है। हम अधिक उत्साह से अपनी दिनचर्या शुरू करते हैं, अपने आप को संवारने में लग जाते हैं। अपने जीवनसाथी को भरपूर प्यार देने के मौके खोजते रहते हैं। रजाइयों में एक साथ बैठकर पांव गरम करना हो या हथेलियां, सब कुछ रोमांटिक हो उठता है। जाड़ों में खिली धूप की तरह हमारे संबंधों में भी एक गर्माहट भर उठती है। मौसम की मधुरता पति-पत्नी के संबंधों में भी दिखाई देने लगती है। बच्चों के प्रति भी स्नेह बढ़ जाता है। संबंधों की यह मिठास घर-परिवार के हर सदस्य में एक खुशी बिखेर देती है। सर्दियां आते ही हमारे रोज के खाने में कई लजीज चीजें जुड़ जाती हैं। तरह-तरह के परांठों की खुशबू से घर के सारे सदस्य रसोई की ओर खिंचे चले आते हैं। गृहिणियां अच्छे-अच्छे पकवान बनाती हैं। सब साथ बैठकर हंसी-मजाक करते हुए छक कर खाते हैं। इस तरह परिवार के लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं।

### आस-पड़ोस से बढ़ती हैं नजदीकियां

सर्दी आती है तो घर की महिलाएं किस्म-किस्म के अचार, मुरब्बे, बड़ियां बनाती हैं। इसे परिवार के सदस्य तो मिल-जुलकर करते ही हैं। छतों पर बैठकर काम निपटाते समय आस-पड़ोस की महिलाएं भी मदद के लिए आ जाती हैं। छत की धूप में काम के साथ हंसी-मजाक चलता है। एक-दूसरे के साथ अपना सुख-दुख भी बांटा जाता है। मटर छीलना, साग काटना इस तरह के और भी काम किसी आयोजन से कम नहीं लगते। सर्दियों में अलाव के इर्द-गिर्द बैठना, गरम-गरम चाय की चुस्की या मिलकर तली हुई मटर का स्वाद जिंदगी का मजा बढ़ा देता है। इस तरह परिवार ही नहीं, आस-पड़ोस के साथ भी नजदीकियां बढ़ती हैं।

### उमंग से भरती है जिंदगी

सर्दियों में दिन छोटे होने से घर, बाहर के सारे काम समय पर निपटाना महिलाओं के लिए एक चैलेंज होता है। वर्किंग वूमेन के लिए तो दोहरे चैलेंज हैं। इसलिए महिलाएं अधिक एक्टिव होकर अपने घर-परिवार और ऑफिस से जुड़ी सारी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाती हैं। आज की महिलाओं ने टाइम मैनेजमेंट करना बखूबी सीख लिया है। वे नौकरी करती हैं, बच्चों के साथ अपनी केयर भी। साथ ही छुट्टियां मिलते ही सर्दियों का आनंद लेने परिवार के साथ घूमने निकल जाती हैं। मौसम के मिजाज की हर खूबसूरती को जीने के लिए महिलाओं ने अपने शौक बदल लिए हैं। अब घर-गृहस्थी के काम के साथ वे ट्रैकिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स करती हैं। मतलब यह कि सर्दियों का परिवार के साथ भरपूर आनंद लेती हैं। इस तरह बदला मौसम जीवन के प्रति और उमंग जगा देता है। साथ ही स्फूर्तिवान भी बनाता है।

### सेलिब्रेट करें इस मौसम को

ठिठुरन बढ़ते ही महिलाएं तरह-तरह के स्वेटर, स्कार्फ की बुनाई में लग जाती हैं। नन्हे-मुन्नों के लिए टोपे, मोजे, दस्ताने आज भी कुछ महिलाएं शौक से बनाती हैं। इन दिनों बाजार एक से एक गर्म कपड़ों से पट जाता है। मतलब धूप और धुंध दोनों को सेलिब्रेट करने के अपने बहाने हैं। बस, आपका मन इसे महसूस करने वाला हो। तो इसे क्यों ना महसूस किया जाए, इन सर्दियों का भरपूर मजा लिया जाए, उत्साह-उमंग से भरा जाए। ❁

---

## ताकि सर्दी में ना ठिठुरे कोई

प्रयास / उमा

शीत ऋतु से बचाव हमारे या आपके लिए तो आसान होता है क्योंकि हमारे पास इसके लिए कई साधन होते हैं। इस तरह सर्द मौसम हमारे लिए सुहाना बन जाता है, हम इसका भरपूर आनंद लेते हैं। लेकिन जो लोग कमजोर, लाचार और असहाय हैं, उनके लिए ठंड का मौसम काटना बहुत ही कठिन हो जाता है। असहाय, गरीब लोग इस मौसम में ठिठुरते रहते हैं, बीमार हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम इस ऋतु में खुद को सुरक्षित रखने के साथ इन जरूरतमंद लोगों की भी मदद करें।

**कंबल, गर्म कपड़ों का दान :** कंबल या दूसरे गर्म कपड़े सर्द मौसम के बचाव के लिए बहुत जरूरी हैं। लेकिन कई लोगों के पास इन्हें खरीदने के लिए पैसे नहीं होते। ऐसे में आप खुद या किसी एनजीओ का सपोर्ट लेकर गर्म कपड़े या कंबल जरूरतमंद लोगों को दान कर सकती हैं। ऐसा करके आप कई लोगों को सर्दी की ठिठुरन से बचा सकती हैं।

**गरीबों के बसेरों की मरम्मत :** सर्द मौसम में यदि हमारे कमरे की खिड़की जरा सी खुली रह जाए तो ठंड से हम बुरी तरह ठिठुरने लगते हैं। जरा सोचिए, जिनके घर के छप्पर, दीवारें टूटी हों, उनके लिए यह समय कितना कठिन होता होगा। इसलिए अगर आप अपने इर्द-गिर्द ऐसे किसी जरूरतमंद या गरीबों को देखें तो जिनके बसेरे टूटे हैं तो उसकी मरम्मत करवा दें या आर्थिक मदद कर दें। इससे वे सर्द मौसम से अपना बचाव कर लेंगे। यकीनन जब आप ऐसा करेंगी तो आपको भी एक अनोखी खुशी मिलेगी। ❁

---

# मॉर्निंग-टू-नाइट स्किन केयर रूटीन

सर्दी के मौसम में स्किन ड्राई, रफ नजर आती है। ऐसा ना हो इसके लिए इस सीजन में स्किन की स्पेशल केयर करने की जरूरत होती है। इसके लिए आपको मॉर्निंग-टू-नाइट स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना चाहिए, तभी आपकी स्किन फ्रेश, ग्लोइंग और सॉफ्ट रह सकती है।

केयर
डॉ. रुचि शर्मा, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अपने स्किन की प्रॉपर केयर ना की जाए, तो रिंकल्स, ड्राईनेस, रफनेस जैसी प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ सकती हैं। खासकर सर्दी के मौसम की बात करें, तो इस मौसम में स्पेशल स्किन केयर की जरूरत होती है। इसके लिए मॉर्निंग-टू-नाइट स्किन केयर स्टेप्स को फॉलो कर सकती हैं। ऐसा करके आप ना सिर्फ स्किन प्रॉब्लम्स से बची रह सकती हैं बल्कि आपकी स्किन सॉफ्ट-ग्लोइंग भी नजर आएगी।

### मॉर्निंग केयर

**क्लींजर :** सुबह उठकर सबसे पहले फेस की अच्छी तरह से क्लींजिंग करें। क्लींजिंग, स्किन केयर रूटीन का पहला जरूरी स्टेप होता है। क्लींजिंग करने से स्किन पर लगा सारा डस्ट रिमूव हो जाता है, स्किन पूरी तरह से क्लीन हो जाती है। इसके लिए आप एल्कोहल, सल्फेट फ्री क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन का पीएच लेवल बिल्कुल डिस्टर्ब नहीं होगा।

**टोनिंग :** स्किन टोनर का यूज क्लींजिंग के बाद किया जाता है। नेचुरल टोनर के लिए आप रोज वॉटर यूज कर सकती हैं। स्किन पर टोनर यूज करने से पीएच लेवल बैलेंस रहता है। स्किन हाइड्रेट रहती है।

**मॉयश्चराइजिंग :** स्किन केयर रूटीन में स्किन को मॉयश्चराइज करना भी बहुत जरूरी होता है। विंटर सीजन में इसकी जरूरत बढ़ जाती है। इसके लिए आप हयाल्यूरोनिक एसिड (स्किन में नेचुरली पाया जाने वाला शुगर मॉलिक्यूल) बेस्ड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं। इससे स्किन मॉयश्चराइज रहती है। अगर आपकी काफी स्किन सेंसिटिव है, तो एल्कोहल और केमिकल फ्री मॉयश्चराइजर का यूज करें।

**सनस्क्रीन :** विंटर स्किन केयर रूटीन में आपको मॉर्निंग में मॉयश्चराइजर के बाद 30 या 40 एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का भी यूज जरूर करना चाहिए। ठंड के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूरी होता है। इससे धूप से होने वाले नुकसान से स्किन बची रहती है और टैनिंग से भी बचती है।

### नाइट केयर

**सीटीएम :** स्किन केयर रूटीन में कुछ प्रोसेस आपको मॉर्निंग और नाइट दोनों समय रेग्युलरली फॉलो करने चाहिए। इसमें सीटीएम यानी क्लींजिंग, टोनिंग और मॉयश्चराइजिंग शामिल हैं। जिस तरह आप सुबह इन सबको एक के बाद एक स्टेप बाई स्टेप करती हैं, उसी तरह इसे रात को भी सोने से पहले करें। इससे स्किन में पॉजिटिव इफेक्ट नजर आने लगेगा।

**सीरम :** रात के समय सीरम भी यूज करना चाहिए। हर स्किन टाइप के लिए अलग सीरम यूज किया जाता है। अगर आपकी टीन या यंगएज स्किन है तो आप विटामिन सी सीरम का यूज कर सकती हैं। इसमें टैनिंग, पिगमेंटेशन को ठीक करने की कैपेबिलिटी होती है। एजिंग स्किन है, तो विटामिन ई सीरम का यूज कर सकती हैं। यह फाइन लाइंस, रिंकल्स को रोकने में मदद करती है। ❁

**प्रस्तुति-महेन खन्ना**

## एक्सफोलिएशन भी है जरूरी

**विंटर सीजन** में अपनी स्किन को ग्लोइंग, फ्रेश बनाने के लिए एक्सफोलिएट करना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए आप नेचुरल स्क्रबर तैयार कर सकती हैं। आप 2 चम्मच शहद और 1 चम्मच चीनी लें। दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर स्क्रबर बनाएं। इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें और धीरे-धीरे स्क्रब करें। 4-5 मिनट स्क्रब करने के बाद साफ पानी से धो दें। ऐसा करने से स्किन के सभी डेड सेल्स रिमूव हो जाते हैं। स्किन क्लीन, फ्रेश हो जाती है। आप हफ्ते में एक बार स्किन को एक्सफोलिएट कर सकती हैं। ❁

---

घर के इंटीरियर-डेकोर को चेंज कर ठंड के इस मौसम में भी आपको गर्मी का अहसास होगा। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे घर की प्रॉपर लाइटनिंग, विंडो एंड फ्लोर डेकोरेशन। इनमें किस तरह के करने होंगे चेंजेज, आप भी जरूर जानना चाहेंगी।

इंटीरियर
दीप्ति अंगरीश

# ऐसे करें घर डेकोरेट ठंड में हो गर्म अहसास

इन दिनों देश के अधिकांश इलाके में अच्छी-खासी ठंड पड़ने लगी है। ऐसे में घर के बाहर ही नहीं भीतर भी ठंड से बचाव जरूरी है। इसके लिए आप अपने घर के इंटीरियर में भी कुछ चेंज कर सकती हैं, ताकि घर में रहते हुए आप वार्म-कोजी फील कर सकें। इसके लिए आप घर के पेंट कलर से लेकर, कर्टेंस, फ्लोर में अपनी जरूरत और सुविधा के अनुसार चेंज कर सकती हैं। सर्दी के मौसम में होम डेकोर के लिए उन चीजों को इंपॉर्टेंस देनी चाहिए, जो आपको गर्म होने का अहसास कराती हैं।

### प्रॉपर लाइटनिंग

विंटर डेकोर में लाइटनिंग को ब्राइट रखना चाहिए। ऐसा लिविंग रूम से लेकर लॉबी तक में कर सकती हैं। दरअसल, इन दिनों अच्छी तेज धूप नहीं निकलती है, इसलिए घर में ब्राइट लाइटनिंग कर रोशनी बढ़ा सकती हैं। इसके लिए कमरे में फ्लोर लैंप लगवाएं और इसमें लो वॉट के बल्ब लगवाएं। सीलिंग लाइटनिंग भी मरकरी लाइट्स वाली करवाएं। लेकिन घर में बल्ब ऐसे लगवाएं, जिसमें बिजली की खपत कम हो, घर में रोशनी भरपूर हो।

### विंडो डेकोर

सर्दी के मौसम में घर की विंडोज को कर्टेंस यानी पर्दे से जरूर डेकोरेट करें। कर्टेंस हैवी फैब्रिक के होने चाहिए। इससे बाहर की हवा घर के अंदर नहीं आएगी और गर्माहट का अहसास होगा। इसके लिए पर्दे के कलर्स ब्राइट और डार्क चूज करें। कर्टेंस के साथ आप विंडो एसेसरीज भी ले सकती हैं। इस तरह के एसेसरीज लें, जो आपकी विंडो को सूट करती हों। कर्टेंस और एसेसरीज का कलर कंट्रॉस्टिंग रखें।

### फ्लोर डेकोरेशन

फ्लोर डेकोरेशन के लिए रग्स और कारपेट्स यानी कालीन का यूज किया जा सकता है। ये ना सिर्फ घर का लुक बदलते हैं बल्कि विंटर सीजन में घर को वार्म और कोजी बनाते हैं। आप बेडरूम में रग्स का यूज करें, जबकि लिविंग रूम, लॉबी में वूलेन कारपेट रख सकती हैं। सर्दी के मौसम के लिए ये बहुत अच्छे ऑप्शंस होते हैं। वूलेन कारपेट के अलावा आप वूलेन नमदा भी ले सकती हैं। नमदा हाथ का बुना होता है। इसका कलर आपके रूम के पेंट, कर्टेंस, फर्नीचर, बेडशीट, कुशन जैसा हो या कंट्रॉस्टिंग होना चाहिए। आप अपनी पसंद के हिसाब से चूज कर सकती हैं। इसी तरह फ्लोर में कार्पेट्स भी चूज कर सकती हैं। आप चाहें तो छोटे-छोटे डोरमैट्स को एक साथ जोड़कर कालीन जैसा लुक दे सकती हैं। ❁

(इंटीरियर डेकोरेटर रितु बंसल से बातचीत पर आधारित )

## ब्राइट-वार्म हो कलर सेलेक्शन

**अगर आप** घर के इंटीरियर को सर्दी के अकॉर्डिंग मेकओवर करने की सोच रही हैं और उसे अट्रैक्टिव लुक भी देना चाहती हैं तो इसके लिए वार्म-ब्राइट कलर्स चूज करें। इन कलर्स में आप फर्नीचर और कर्टेंस जैसे चीजें ले सकती हैं। घर को पेंट करने के लिए भी डार्क-वार्म शेड्स जैसे कॉफी कलर, ब्राइट रेड, ऑरेंज, यलो, फॉरेस्ट ग्रीन, डार्क पिंक या बरगंडी चूज कर सकती हैं। वैसे घर को ब्यूटीफुल टच देने के लिए वॉल पेपर्स या वॉल स्टिकर्स का यूज भी किया जा सकता है। यही कलर स्कीम फर्नीचर, कुशन कवर्स, सोफा कवर्स, बेडशीट, कर्टेंस, रग्स, डोरमैट को भी दें। आप चाहें तो डार्क शेड में भी वैरायटी रख सकती हैं। ❁